जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, गुरुवार 25 अप्रेल, 2024

MARUTI SUZUKI ARENA

# आसान ड्राइविंग के लिए ऑटोमैटिक कार्स.



CREEP FUNCTION (Ease to drive in bumper-to-bumper traffic)

UNBEATABLE MILEAGE OF 26.68 KMPL**

KICK-DOWN FUNCTION (Easy overtaking)

HILL HOLD ASSIST

महा बचत

CELERIO ₹58 100*

ALTO K10 ₹63 100*

WAGONR ₹63 100*

S-PRESSO ₹58 100*

SWIFT ₹43 100*

CELERIO ALTO K10 WAGONR S-PRESSO SWIFT

E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership

*Black glass on the vehicle is due to lighting effect*

**MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR:** 9209056789. **VIPUL MOTORS PVT. LTD.: TONK ROAD:** 2727000, 7340045958. **AJMER ROAD:** 4065555, 9660000363. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: ADARSH NAGAR:** 4074444, 9549650361. **BANIPARK:** 0141-4072222, 9549651818. **SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.: MALVIYA NAGAR:** 0141-6765318, 8302290000. **PREM MOTORS PVT. LTD.: CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD:** 4511111, 9785034000. **JAIPUR-VKI, ROAD NO.8:** 4411111, 9785023000. **SANGA AUTONATION:** 9057809150, 7734901000. **AURIC MOTORS PVT LTD.: MANSAROVAR:** 8929207471.

*Terms & Conditions apply. *Offer includes consumer offer, exchange bonus and corporate/rural offer (wherever applicable) on select models/variants and selected states. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 30th April 2024 or till stocks last. Creative visualization. **The mileage and the engine image shown are from the Celerio VXI AGS variant. Fuel efficiency certified by Test Agency Under Rule 115(G) of Central Motor Vehicles Rules 1989. ***The gearbox image shown is from the Swift ZXI + AGS varient . Offers may vary subject to the model and variant purchased. Car models and accessories shown may vary from the actual product. Images used are for illustration purposes only.

## विचार बिन्दु

**अवसर तो सभी को ज़िंदगी में मिलते हैं किंतु उनका सही वक्त पर सही तरीक़े से इस्तेमाल कितने कर पाते हैं? –संतोष गोयल**

# स्मार्टफोन का उपयोग : बच्चों के मानसिक विकास पर विपरीत प्रभाव

स्मार्टफोन क्रांति ने जहां प्रगति और विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किये है वहां इसके दुष्परिणामों से भी दो-दो हाथ करने पड रहे है। विशेषकर पढ़ने वाले बच्चे स्मार्टफोन लवर हो गए हैं। दुनियाभर में स्मार्टफोन के बच्चों पर पड़ रहे दुष्प्रभावों पर बहस तेज हो रही है। भारत की बात करें तो 10 से 14 वर्ष की आयु सीमा के 83 प्रतिशत बच्चे स्मार्टफोन का उपयोग कर रहे है। कोरोना के बाद यह संख्या तेजी से बढ़ी है। एक अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक यह वैश्विक औसत 76 प्रतिशत से 7 प्रतिशत अधिक है। बच्चों के बहुतायत से स्मार्टफोन के उपयोग पर कई देशों ने रोक लगा दी है। कई देशों की स्कूलों में भी प्रतिबंद लगाए गए है। बताया जाता है स्मार्टफोन के उपयोग से बच्चों में 150 प्रतिशत तनाव बढ़ने का खुलासा हुआ है।

चाइल्ड राइड की टॉप संस्था नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन फॉर चाइल्ड राइट की रिपोर्ट से एक चौकाने वाला खुलासा हुआ है कि करीब 10.1 फीसदी बच्चे ही स्मार्टफोन के इस्तेमाल से ऑनलाइन पढ़ाई करते हैं। बाकी 59.2 फीसदी बच्चे स्मार्टफोन का इस्तेमाल ऑनलाइन चैटिंग और अन्य कामों में इस्तेमाल करते हैं। मतलब हर 7 में से 6 बच्चे स्मार्टफोन का इस्तेमाल पढ़ाई नहीं, बल्कि सोशल मीडिया चलाने के लिए करते हैं। जबकि केवल 7 में से 1 ही बच्चा स्मार्टफोन के इस्तेमाल से ऑनलाइन पढ़ाई करता है। रिपोर्ट में पाया गया है कि माता-पिता और अभिभावक बच्चों को 12 से 13 वर्ष की आयु में लैपटॉप और टैबलेट की जगह स्मार्टफोन ज्यादा दिलाते हैं। रिपोर्ट में यह भी पाया गया है कि करीब 72.70 फीसदी अध्यापकों को इससे पहले स्मार्टफोन के इस्तेमाल का एक्सपीरिएंस नहीं था। इनमें से करीब 54.1 फीसदी का मानना है कि स्मार्टफोन के क्लासरूम में इस्तेमाल से ध्यान भटकता है।

एक शैक्षिक रिपोर्ट के मुताबिक स्मार्टफोन से बचपन और शैक्षिक जीवन इंटरनेट के जंगल में गुम हो रहा है। पिछले कई सालों से सूचना तकनीक ने जिस तरह से तरक्की की है उसने छात्रों की जीवनशैली को ही बदल डाला है। बच्चे और युवा एक पल भी स्मार्टफोन से खुद को अलग रखना गंवारा नहीं समझते। इनमें हर समय एक तरह का नशा सा सवार रहता है। मौजूदा दौर में बच्चों में खेलकूद और पढाई का स्थान स्मार्टफोन ने ले लिया है। इसका सीधा प्रभाव बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर पड़ा है। शहरों के साथ अब गांवों में भी मोबाइल की पहुँच होने से बच्चों में इंटरनेट की लत बढ़ गई है। इससे उनमें संवादहीनता का खतरा बढ़ रहा है। बच्चे के ऐसे व्यवहार को अनदेखा करने की जगह इस पर सजग और सावधान होने की जरूरत है।

ब्रिटेन और इटली यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन पर विश्वास करे तो पाएंगे इंटरनेट का ज्यादा इस्तेमाल करने वाले स्टूडेंट पढ़ाई से तालमेल नहीं बैठा पाने के कारण पिछड़ते जा रहे है। ऐसे छात्र अकेले रहना पसंद करते है जिससे उनका भविष्य खतरे में पढ गया है। अपने बच्चों को मोबाइल और कंप्यूटर पर गेम खेलते अनेक माता-पिता बहुत खुश होते हैं। वे दूसरों को बड़े गर्व के साथ यह बताते तनिक भी नहीं हिचकते की उनका बेटा डिजिटल दुनियां के नए जमाने के साथ दौड़ रहा है। वे बड़े खुशी से बताते हैं कि वह मोबाइल पर फोटो निकाल लेता है। मैसेज भेज देता है। व्हाट्सप पर बात कर लेता है और फोटो, वीडियो शेयर कर लेता है। यहाँ तक कि गूगल पर कुछ भी खोज लेता है। लेकिन शायद वह इस बात से अनजान है कि जिसे वह बच्चे की स्मार्टनेस समझ रहे हैं वह उसके विकास में बाधा भी बन सकता है। विशेषज्ञ मानते है कि इलेक्ट्रॉनिक गजेट और कंप्यूटर का अत्यधिक प्रयोग बच्चों के लिए अच्छा नहीं है। इससे उनमें संवादहीनता और चिड़चिड़ेपन की प्रवृत्ति बढ़ती है।

**पिछले कई सालों से सूचना तकनीक ने जिस तरह से तरक्की की है उसने छात्रों की जीवनशैली को ही बदल डाला है। बच्चे और युवा एक पल भी स्मार्टफोन से खुद को अलग रखना गंवारा नहीं समझते। इनमें हर समय एक तरह का नशा सा सवार रहता है। मौजूदा दौर में बच्चों में खेलकूद और पढाई का स्थान स्मार्टफोन ने ले लिया है। इसका सीधा प्रभाव बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर पड़ा है। शहरों के साथ अब गांवों में भी मोबाइल की पहुँच होने से बच्चों में इंटरनेट की लत बढ़ गई है। इससे उनमें संवादहीनता का खतरा बढ़ रहा है। बच्चे के ऐसे व्यवहार को अनदेखा करने की जगह इस पर सजग और सावधान होने की जरूरत है।**

ब्रिटेन और इटली की यूनिवर्सिटी के संयुक्त अध्ययन में पाया गया कि जो छात्र डिजिटल तकनीक का अधिकतम उपयोग करते हैं, वे पढ़ाई के साथ पूरी तरह नहीं जुड़ पाते और फिसड्डी साबित होते हैं। ज्यादा इंटरनेट के इस्तेमाल से उन्हें अपेक्षित परिणाम नहीं मिलता और उनमें अकेलेपन की भावना घर कर जाती है।

ब्रिटेन की स्वानसी और इटली की मिलान यूनिवर्सिटी ने संयुक्त अध्ययन में डिग्री कोर्स में सेहत संबंधी अध्ययन के लिए दुनियाभर की 285 यूनिवर्सिटी के छात्रों से उनके डिजिटल उपयोग, पढ़ाई और रिजल्ट के बारे में जानकारी ली गई थी। अध्ययन में 25 प्रतिशत छात्रों ने बताया कि उन्होंने दिनभर में 4 घंटे ऑनलाइन बिताए जबकि 70 प्रतिशत ने एक से तीन घंटे तक इंटरनेट का इस्तेमाल किया। इनमें 40 प्रतिशत छात्रों ने सोशल नेटवर्किंग का इस्तेमाल किया जबकि 30 प्रतिशत ने सूचना के लिए इसका इस्तेमाल किया। वहीं एक अन्य रिपोर्ट में बताया गया गया है इंटरनेट की लत से छात्र अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने से कतराने लगते हैं और अपने घर के बाहर की दुनिया में रुचि लेना छोड़ देते हैं। इससे उनका शैक्षिक वातावरण भी प्रभावित होता है।

एक अभिभावक का कहना है उसका बेटा स्कूल से आते ही स्मार्टफोन थाम लेता है, कई आवाज लगाने पर भी हिलता तक नहीं। बाहर घूमने की जगह उनका बेटा स्मार्टफोन पर व्यस्त रहता है, लेकिन अब उसके व्यवहार पर चिंता होने लगी है। वह किसी से बात करना तक पसंद नहीं करता, ज्यादा कुछ बोलों तो चिढ़ जाता है या चिल्लाकर जवाब देता है। एक दूसरा अभिभावक अपनी बेटी के व्यवहार से चिंतित है। वह कहती हैं कि अभी आठवीं कक्षा में ही है, लेकिन उसके अंदर इस उम्र के बच्चों सी चपलता और चंचलता नहीं है। काफी कम बोलती है। इंटरनेट सर्फिंग में उसका खाली समय बीतता है।

देश में इंटरनेट के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल में बचपन खोता जा रहा है जिसकी परवाह न सरकार को है और न ही समाज इससे चिंतित है। ऐसा लगता है जैसे गैर जरुरी मुद्दे हम पर हावी होते जा रहे है और वास्तविक समस्याओं से हम अपना मुंह मोड़ रहे है। यदि यह यूँ ही चलता रहा तो हम बचपन को बर्बादी की कगार पर पहुंचा देंगे। अभिभावकों को अपनी इस लापरवाही और बच्चों के प्रति उदासीनता का खामियाजा भी भुगतने को तैयार होना पड़ेगा क्योंकि इंटरनेट ज्ञान के साथ अश्लील सामग्री भी परोसता है जिसका बाल और युवा मन पर विपरीत असर पड़ता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम नए जमाने को अपनाने के साथ उसकी बुराइयों पर भी निगाह रखे ताकि बचपन को गुमराह होने से बचाया जा सके। स्मार्टफोन, सोशल मीडिया या वीडियो गेम बच्चों को मैग्नेट की तरह अपनी ओर खींचते हैं। एक बार ये बच्चों के हाथ में गए तो उन्हें इससे दूर करना इम्पॉसिबल हो सकता है। बच्चों का दिमाग उतना डेवलप नहीं हुआ होता है कि वो उस मैग्निटिक खिंचाव से खुद को बचा सकें। इसलिए बच्चों को स्मार्टफोन देने में जितनी देरी कर सकें, करें और अगर देना ही पड़े तो पेरेंटल कंट्रोल लगाकर दें।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुंद ओझा**
**वरिष्ठ लेखक और पत्रकार**

# लोक चितरामों में श्रीराम

श्रीराम भारतीय जनमानस के मूल भाव में रहे हैं और इसी का ही परिणाम है कि आम जीवन और संस्कारों के साथ-साथ अन्य विभिन्न आयाम यथा कला, साहित्य, जो कि सभ्यता को दिशा और पोषण देते हैं, में श्रीराम का सशक्त निरूपण हुआ है। यहाँ श्रीराम केवल धर्म, समुदाय या संप्रदाय के प्रतिनिधि न होकर संस्कार और संस्कृति के पर्याय हैं। भारत ही नहीं बल्कि थाईलैंड, सूरीनाम और मॉरिशस सरीखे देशों में भी श्रीराम का जीवन और आदर्श लोक व्यापक है, प्रासंगिक है और समादृत है।

संस्कृत साहित्य की अनुपम कृतियों रघुवंश, प्रसन्न राघव और उत्तर रामचरित में रामकथा का सुन्दर उल्लेख मिलता है। साहित्य के साथ-साथ ललित कलाओं विशेषकर चित्रकला में भी रामायण, श्रीरामचरितमानस और अन्य कृतियों में उल्लेखित रामकथा के प्रसंगों का चित्रण हुआ है। रामायण और रामकथा के प्रसंग लोक चित्रों से लेकर मंदिरों, महलों, हवेलियों के भित्ति-चित्रों, विभिन्न लघुचित्रण शैलियों यथा राजपूत, कांगड़ा, बसौली आदि से लेकर समसामायिक और आधुनिक चित्रकारों के कला-कर्म में मुखरित होते हैं। लोक चित्रांकन परंपरा में श्रीराम जन-व्यापक होकर, मानवीय मूल्यों के सशक्त संवाहक के रूप में उद्घाटित होते हैं। 7वीं और 12वीं शताब्दी के मध्य दक्षिण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में प्रारम्भ हुआ, भक्ति आंदोलन 15वीं शताब्दी तक उत्तर भारत तक पहुंचा।

**भक्ति द्रविड़ उपजी लाये रामानन्द,**
**प्रकट किया कबीर ने, सात दीप नौ खंड**

भक्ति के इस प्रचार-प्रसार में चित्रित स्क्रॉल्स का महत्वपूर्ण प्रयोग रहा, जिसमें मुख्य रूप से हरिकथा के तमिल और तेलुगु परंपराओं को निरुपित करते चित्रित स्क्रॉल्स को मौखिक आख्यानों के साथ प्रदर्शित किया जाता था। कला इतिहास की दृष्टि से यह मानना तर्कसंगत है कि उस समय पश्चिम बंगाल के पटुआ और पटचित्र स्क्रॉल या आंध्र प्रदेश की कलमकारी परंपराओं जैसी लोक और आदिवासी चित्रकला भी प्रचलन में थी और रामायण के दृश्य और रामकथा के विविध प्रसंगों के दृश्य उकेरे जा रहे थे।

रामायण के कई संस्करण और रामकथा के प्रसंग, भारतीय जनजातियों जैसे भील, मुंडा, संथाल, गोंड, मीणा, सौरा, कोर्कस, राभा, बोडो-कछारी, खासी, मिज़ोस, मैतेई आदि के बीच लोक-व्याप्त हैं। विषय की संरचना और एकता को बनाए रखते हुए, ये समुदाय ग्रंथों और कलाओं में अपने स्वयं के कथानक और उप-कथानक गढ़ते हैं, और सामाजिक-सांस्कृतिक-भौगोलिक परिदृश्य जोड़ देते हैं, जो हो सकता है कि मूल ग्रन्थ में न हो। प्रत्येक समूह कला के माध्यम से रामायण या रामकथा के अपने संस्करण को प्रस्तुत करता है। मिथिला चित्रकला या मधुबनी चित्रकला का उद्भव मधुबन (शहद के जंगल), बिहार से हुआ है और लोक मान्यता अनुसार, श्रीराम और सीता जी की पहली मुलाकात यहीं हुई और मिथिला के राजा और सीता जी के पिता जनक ने राम-सीता विवाह के लिए महल की दीवारों को बाँस, आम और कमल की झाड़ियों और पक्षियों, मछलियों और साँपों के चित्रों से चित्रित करवाया था। आज भी इस क्षेत्र में विवाह अवसरों पर घरों में मधुबनी चित्रकला परंपरा के चित्र इस भाव से बनाये जाते हैं कि, प्रत्येक दूल्हा राम और उसकी पत्नी सीता है। मिथिला की सभी बेटियां सीता हैं और अवध, जहां के राम हैं, के लोग मिथिलावासियों के भाई हैं।

राजस्थान की लोक चित्रांकन परंपरा में भी रामायण और रामकथा प्रसंगों के विषयों पर अथाह चित्र बने हैं और जिन्हें चित्रकथाओं के माध्यम से गेय रूप में सुनाए जाने की परंपरा रही है। कपड़े से बनी फड़ और लकड़ी से बनी कावड़, राजस्थान की विशिष्ट सांस्कृतिक परंपरा की प्रतिनिधि विधाएं हैं। फड़ में कपड़े पर मूल रंगों जैसे हिर्मिच, हिंगलू, पेवडी आदि से किसी कथानक के विविध विषयों को लघु चित्रशैली में चित्रित किया जाता है। शाहपुरा, भीलवाड़ा का जोशी परिवार फड़ बनाने की कला में बहुत माहिर है और इस परिवार ने इस परंपरा को सहेज रहा है। ''हालाँकि हम अलग-अलग विषयों पर फड़ बनाते हैं, लेकिन रामदला की फड़ (श्रीराम का समूह) एक महत्वपूर्ण फड़ है, जिसमे श्रीराम, श्री कृष्ण और विष्णु जी के प्रसंग चित्रित होते हैं।फड़ चित्र शुरू करने से पहले, हम लोक देवता पाबूजी, या भगवान विष्णु के अवतार देवनारायण जी का ध्यान करते हैं, इन दिनों राम दरबार की फड़ की बाज़ार में बड़ी मांग है।'' कल्याण जोशी।



**श्रीराम दरबार की फड़,**
**चित्रकार- कल्याण जोशी, भीलवाड़ा**

भीलवाडा के कल्याण जोशी पिछले तीस सालों से फड़ बना रहे हैं और श्रीरामचरितमानस के प्रसंगों पर केन्द्रित उनकी फड़ बहुत प्रसिद्ध हुई है। यह कला- संस्कार उन्हें अपने पिता पद्मश्री अलंकृत स्व. श्रीलाल जोशी से विरसे में मिले, जिन्होंने लुप्त-प्राय: फड़ चित्रण को सहेजा और संभाला। राजस्थान के भोपा (पुरुष पुजारी) फड़ चित्रों को माध्यम के रूप में इस्तेमाल करके रामायण के प्रसंग गाते हैं (फड़-बांचन), जहां भोपी (पुजारी की पत्नी) सुनाए जाने वाले प्रसंग पर नृत्य करती है, और चूँकि फड़-बांचन मुख्यत: रात में होता है, इसलिए भोपी फड़ के उस खंड पर दीपक से रोशनी डालती है, जिस संदर्भित चित्र की तरफ भोपा इशारा करता है।



**श्रीराम पर केंद्रित कावड़ ,**
**शिल्पी श्री द्वारका प्रसाद सुथार, बस्सी चित्तौड़गढ़**

**''पुरी अजोध्या राजा दशरथ घर सीरी रामचंदर अवतार लियो,**
**जनकपुरी मा जनक बिराजे, जिन घर सितवा जनम लियो,**
**महादेवजी रौ धनुष धरियो, उठ सीता नमस्कार कियो...''**

इसी प्रकार बस्सी-चित्तौड़गढ़ की कावड़ कला, राजस्थानी लोक कला की मजबूत परंपरा है, जिसमें सुथार या जांगिड ब्राह्मण लकड़ी के कपाटयुक्त कावड़ बनाते है, प्रत्येक कपाट पर रामायण और अन्य विषयों के चित्र उकेरते हैं। ''रामायण और रामकथा के प्रसंग हमारे प्रिय और महत्वपूर्ण विषय हैं और कावड़ के अलग-अलग कपाटों पर सम्बंधित चित्र बनाये जाते है और उन पर उस चित्र के बारे में संक्षिप्त रूप से लिखा भी जाता है। कावड़ के ऊपर सूर्य उकेरा जाता है क्यूंकि श्रीराम सूर्यवंशी थे, कावड़ के बीच में तीन मूर्तियां रहती है, जो मुख्यत: श्रीराम, सीता जी और लक्ष्मण जी की होती है।'' द्वारिका प्रसाद सुथार, कावड कलाकार, बस्सी-चित्तौड़गढ़ ।

कावड़ को गेय रूप में पढने वाले को कावड़िया भाट, और जो जजमान आमंत्रित करते हैं उनको कावड़ खुलवाने वाले कहा जाता है। जोधपुर के गाँव-हरिसिंह जी की बासनी के कावड़िया भाट नरसीराम और उनके समुदाय ने कावड़ बांचने की परंपरा को सहेज रखा है।

ठाकरी रामायण, महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के पिंगुली गांव में ठाकर जनजाति का रामायण का अपना लोक संस्करण, जिसकी शुरुआत सीता-स्वयंवर एवं अंत राम-रावण युद्ध से होती है। गुजरात के जोगी या भरथरी कलाकार कपड़े और कागज पर मिट्टी से गेहूं की पत्तियों की डंठल से बनी कलम से रामायण या रामकथा के प्रसंगों के चित्र उकेरते हैं, इस कला परंपरा को सहेजने का श्रेय हकु शाह और तेजू बेन को जाता हैं। चित्रित घटनाओं को भजनों के द्वारा भील गायकों द्वारा गेय रूप में प्रस्तुत किया जाता है, इस संदर्भ में गुजराती लोक गायिका स्व. दीवालीबेन भील का योगदान उल्लेखनीय है।

यह सत्य और तथ्य है कि सम्पूर्ण भारत की लोक और जनजातीय कला परंपराओं में श्रीराम प्रमुख विषय हैं, हालाँकि कुछ लोक चित्रों में रामायण या रामकथा के अन्य चरित्र भी मुखरित रूप से प्रस्तुत किये गए हैं ।

''हम गोंड कलाकारों के लिए प्रमुख देवता श्रीराम के भाई लक्ष्मण जी हैं और मान्यतानुसार लक्ष्मण जी शेषनाग के अवतार हैं, और हम गोंड कलाकार नागवंशी है इसलिए नागों के उपासक हैं। गोंडी रामायण में लक्ष्मण जी को समर्पित सात प्रसंग हैं, जिन्हें गोंड कलाकार पौराणिक रूप से चित्रित करते हैं, और अपने गायन प्रवचनों के दौरान उपयोग करते हैं।

पारंपरिक रूप से चित्रों के विषय गोंडी रामायण के प्रसंग होते हैं, और वर्तमान में इनमे समसामयिक तत्वों जैसे पश्चिमी परिधान आदि का समावेश किया जा रहा है'' वेंकट रमन सिंह श्याम, पाटनगढ़ जिला डिंडोरी, मध्य प्रदेश। महाराष्ट्र की वरली लोक चित्रांकन परंपरा में कलाकार, अपने कुल-देवता, महादेव जी और गणेश जी को अधिक प्राथमिकता देते हैं, लेकिन एक नवविवाहित जोड़े को अपने मिलन को सामाजिक रूप से स्वीकृति दिलाने के लिए आयोजित समारोह में वर को ;राम राम; कहकर ही रस्म पूरी करने की अनुमति दी जाती है।

वर्तमान में यह लोक चित्रकला परम्पराएँ बाजार और अर्थव्यवस्था के सापेक्ष बदल रही है, जो उन्हें बचाए रखने के लिए जरूरी भी है। उदाहरण के लिए मधुबनी चित्र दीवारों पर न बनकर कैनवास पर आ रहे हैं और फड़ लम्बी न होकर छोटे संस्करण वॉल हैंगिंग्स के रूप में चित्रित हो रही है। कलाकार अब कावड़ का उपयोग पोर्टेबल आर्ट गैलरी के रूप में कर रहे हैं। लेकिन कहीं न कहीं विषय पौराणिक-धार्मिक विशेषकर रामकथा प्रसंग ही है, चाहे समसामयिक मूल्यों के समावेश के साथ ही क्यों नहीं। इन लुप्त-प्राय: लोक चित्रकलाओं को एक नए आर्थिक-सामाजिक नैरेटिव द्वारा पुनर्जीवित किया जा रहा है, जो इन कलाओं का दायरा बढ़ायेगा।

**लेखक सुविख्यात कला एवं विरासत विशेषज्ञ हैं!**
**–अब्दुल लतीफ़ उस्ता**

# जमीन धंसने से बने गढ्डे की जयपुर की भारतीय भू-सर्वेक्षण विभाग की टीम करेगी जांच

## गत 15 अप्रेल की रात को सहजरासर गांव के नजदीक रोही में खेत में जमीन धंस गई थी

**लूणकरनसर, (निसं)।** तहसील के ग्राम सहजरासर में अचानक जमीन धंसने से बने गढ्डे की जांच के लिए अब जयपुर के झालाना डूंगरी से भारतीय भू-सर्वेक्षण की टीम आएगी। सोमवार को जमीन धंसने से बने गढ्डे के घटना स्थल का उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्र कुमार व राजस्व तहसीलदार बाबूलाल ने दौरा कर जायजा लिया। मौके पर पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा को देखते हुए लोगों की आवाजाही को लेकर सख्ती से निपटने के निर्देश दिए। वहीं धारा 144 तोड़ने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने लोगों को जमीन धंसने से बने गढ्डे से दूर रहने की हिदायत दी। वहीं सुरक्षा के लिए पुलिस के जवानों का पहरा भी तैनात है। उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के लिए भारतीय भू-सर्वेक्षण विभाग की टीम के अधिकारियों ने मंगलवार शाम तक पहुंचने की बात कही है तथा जांच होने के बाद ही जमीन धंसने का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

■ **जमीन धंसने से बने गढ्डे के घटना स्थल का एसडीएम व राजस्व तहसीलदार ने जायजा लिया, मौके पर पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा को देखते हुए लोगों की आवाजाही को लेकर सख्ती से निपटने के निर्देश दिए**

जमीन धंसने के एक सप्ताह बाद अब गढ्डे के बढ़ने व गहरा होने जैसी खास हल-चल नजर नहीं आ रही है। जमीन धंसने से आस-पास कई मीटर तक बड़ी-बड़ी दरारें आ चुकी है तथा सड़क भी टूट चुकी है। गौरतलब है कि 15 अप्रेल की रात को ढाणी भोपालाराम से सहजरासर गांव जाने वाली सड़क पर सहजरासर गांव के नजदीक रोही में एक खेत में अचानक जमीन धंस गई थी।

जमीन धंसने से 150 से 200 फीट लम्बा-चौड़ा तथा 70-80 फीट गहरा गड्ढा हो गया। इसके अलावा सड़क समेत आस-पास के इलाके में बड़ी-बड़ी दरारें बन गई। इससे आस-पास के इलाके में कौतूहल की स्थिति बनी है। जमीन धंसने से बने गढ्डे को लेकर खान एवं भू-विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों ने मौके पर पहुंचकर जांच की, लेकिन कोई निष्कर्ष पर बात नहीं पहुंची। वैज्ञानिकों ने जीसीआई के वैज्ञानिकों से जांच का सुझाव दिया था। इसको लेकर उपखण्ड प्रशासन ने भी जिला कलक्टर को लिखा गया था।

# कलेक्टर की आईडी का दुरुपयोग कर निजी सहायक ने आर्म्स लाइसेंस बनाया

## एडीएम ने तत्कालीन कलेक्टर के निजी सहायक सहित पांच कार्मिकों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया

**खैरथल, (निसं)।** नवगठित जिला खैरथल तिजारा के अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेंद्र सिंह यादव ने सहायक प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र चौधरी सहित पांच लोगों के विरुद्ध खैरथल पुलिस थाने पर कलेक्टर की आईडी का दुरुपयोग कर आर्म्स अनुज्ञापत्र जनरेट करने का मामला दर्ज कराया है। यह कार्रवाई पूर्व विधायक रामहेत यादव की शिकायत पर विशिष्ट शासन सचिव के आदेश पर गठित जांच समिति की जांच में दोषी पाए जाने पर की गई है।

नवगठित जिला खैरथल तिजारा के अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेंद्र सिंह यादव ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि किशनगढ़ बास पूर्व विधायक रामहेत यादव की और से

■ **यह कार्रवाई पूर्व विधायक रामहेत की शिकायत पर विशिष्ट शासन सचिव के आदेश पर गठित जांच समिति की जांच में दोषी पाए जाने पर की गई**

मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी गई थी। मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत पर विशिष्ट शासन सचिव ने गत 11 मार्च को जांच के आदेश किए थे। जांच में सामने आया कि तत्कालीन जिला कलेक्टर के निजी सहायक नरेंद्र चौधरी ने जिला कलेक्टर की आईडी का दुरुपयोग कर आर्म्स अनुज्ञापत्र जनरेट किया है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जांच में सामने आने पर नरेंद्र चौधरी सहायक प्रशासनिक अधिकारी सहित जितेंद्र शर्मा अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी नरेश चंद्र शर्मा कनिष्ठ सहायक सहित पांच के विरुद्ध पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया है कि नरेंद्र चौधरी ने तत्कालीन जिला कलेक्टर के निजी सहायक रहते हुए यह अपराधिक कृत्य किया है।


निजी सहायक नरेंद्र चौधरी ने जिला कलेक्टर के अनुमोदन आदेशों के बिना फर्जकारी करते हुए अनुज्ञा पत्र जनरेट करने में जिला कलेक्टर की आईडी का दुरुपयोग कर एएलआईएस पोर्टल पर आर्म्स अनुज्ञापत्र को जनरेट किया है। इस कार्य में सहयोगी रहे अन्य चार कार्मिकों के विरुद्ध खैरथल पुलिस ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है। पुलिस में मामला दर्ज होने के पश्चात कलेक्ट्रेट कार्यालय में कार्मिकों के बीच चर्चा बनी है। मामले की जांच खैरथल थाना अधिकारी दिनेश कुमार कर रहे हैं।

पूर्व विधायक रामहेत यादव ने मुख्यमंत्री को लिखित शिकायत में अवगत कराया कि जिला कलेक्टर के निजि सहायक नरेंद्र चौधरी ने कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया तथा पद का दुरुपयोग करते हुए नियमों का उल्लंघन कर आर्म्स अनुज्ञा पत्र जारी किया है। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि नरेंद्र चौधरी को कांग्रेस सरकार में राजनीतिक दबाव में तत्कालीन रहे जिला कलेक्टर ने निजी सहायक के पद पर लगाया था।

# पेयजल समस्या को लेकर प्रदर्शन

**रावतभाटा, (निसं)।** रावतभाटा क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 और 39 में फिर से पेयजल समस्या गहरा गई है। समस्या को लेकर वार्ड की महिलाएं चिलचिलाती धूप में दोपहर दो बजे जलदाय विभाग पहुंची। महिलाओं का कहना हैं कि पिछले कई दिनों से पेयजल समस्या से जूझ रही है। नलों में पीने का पानी तक नसीब नही होता। इधर बढ़ती गर्मी के साथ पानी की आपूर्ति नहीं होने से महिलाओं में रोष है। पानी की समस्या को लेकर महिलाओं ने जलदाय विभाग में ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की। नगर की महिलाओं का कहना है कि रावतभाटा में चंबल नदी का अपार सागर है। ऐसे में हमेशा ही पानी की किल्लत रहती है। जलदाय विभाग के अभियंता अविनाश वर्मा ने बताया कि महिलाओं ने समस्या समाधान का प्रार्थना पत्र दिया है। उक्त क्षेत्र में निरक्षण कर कारणों का पता करेंगे। हम सभी क्षेत्र में बराबर पानी देते हैं। मगर कुछ वार्ड में लोग सप्लाई के दौरान मोटर चला देते है। ऐसे में बिजली विभाग को पत्र देकर सप्लाई के समय बिजली कटौती कराई जाएगी।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

### गुरूवार 25 अप्रेल, 2024

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, विशाखा नक्षत्र रात्रि 2:24 तक, व्यतिपात योग रात्रि 4:53 तक, कौलव करण प्रात: 6:46 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 8:01 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-तुला, मंगल-मीन, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-मेष, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 2:24 से आरम्भ होगा। बुध मार्गी सांय 6:25 पर होगा। आज व्यतिपात पुण्यं है और आज प्रतिपदा तिथि में वृद्धि हुई है।

श्रेष्ठ चौघड़िया: शुभ सूर्योदय से 7:34 तक, चर 10:48 से 12:25 तक, लाभ-अमृत 12:25 से 3:39 तक, शुभ 5:15 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:57, सूर्यास्त 6:52

**मेष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**वृष**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक विवादों का निपटारा हो सकता है।

**तुला**
आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। मन में असंतोष बना रहेगा। धार्मिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**वृश्चिक**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। सम्भावित आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**कुंभ**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 263 प्रभात जयपुर, गुरुवार 25 अप्रेल, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

राष्ट्रदूत
Rashtradoot
Metro

ARBIT



**A *Bengali* flower in Jaipur**

Ms. Luter had migrated from Burma, and her secretary Ms. Emma were very fond of my parents. Ms. Emma would occasionally cook *Burmese* delicacies for my father. They were just very good friends.

**THE EPIC INSIGHTS OF WARIKOO**

# 'फोन ट्रैपिंग के ऑडियो टेप मुझे सोशल मीडिया से नहीं मिले थे, बल्कि खुद गहलोत ने दिये थे'

## पूर्व मुख्यमंत्री के ओ.एस.डी. रहे लोकेश शर्मा ने कहा कि, गहलोत ने मुझे एक पैन ड्राइव देकर ऑडियो वायरल करने व मीडिया में चलाने के लिए कहा था

- लोकेश शर्मा ने बुधवार को जयपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रैंस कर फोन टैपिंग, भ्रष्टाचार और पायलट व गजेन्द्र सिंह शेखावत को बदनाम करने की साजिशों का खुलासा किया।
- लोकेश शर्मा ने कहा कि, मुख्यमंत्री हाउस पर यही षड्यंत्र रचा जाता था कि, गजेंद्र सिंह और सचिन पायलट को किस तरह से नीचा दिखाया जाए। कैसे जनता के सामने उनकी छवि खराब की जाए। इसलिए संजीवनी से जुड़े लोगों को बुलाया जाता था। उनके वीडियो बनाकर लगातार चलाये जाते थे।
- शर्मा ने बताया, ''पायलट के साथ गये लोगों के फोन सर्विलांस पर थे और सभी को ट्रैक किया जा रहा था।''
- लोकेश शर्मा ने 25 सितम्बर 2002 के प्रकरण पर बताया कि, ''25 सितंबर को गहलोत ने मुझे कॉल किया और कहा कि, मीडिया में यह खबर चलवाओ कि, ये जो विधायक धारीवाल के घर पर एकत्र हैं, इनकी एक ही मांग है कि, हममें से किसी को भी मुख्यमंत्री बनवा दो, सचिन पायलट नहीं चलेगा।''

जयपुर, 24 अप्रेल (का.सं.)। पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के समय हुए फोन टैपिंग मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओ.एस.डी. रहे लोकेश शर्मा ने बुधवार को गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने जयपुर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि ''फोन टैपिंग के ऑडियो टैप मुझे सोशल मीडिया से नहीं मिले थे बल्कि अशोक गहलोत ने खुद मुझे पेन ड्राइव के जरिये ऑडियो क्लिप दी थी और वायरल करने को कहा था।'' लोकेश शर्मा ने इसके अलावा संजीवनी घोटाला, पेपर लीक, ग्रामीण और शहरी ओलंपिक, करोना में मेडिकल संसाधन खरीद में हुए भ्रष्टाचार के भी आरोप लगाए।

लोकेश शर्मा ने समूचे प्रकरण का सिलसिलेवार ब्यौरा दिया। उन्होंने कहा, राजस्थान में साल 2020 में सियासी संकट के समय गहलोत सरकार पर फोन टैप करने के आरोप लगे थे। उस समय कुछ ऑडियो भी सामने आए थे। लोकेश शर्मा ने कहा कि 16 जुलाई

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# भाजपा के लिए केरल जीतना अभी भी मुश्किल

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 अप्रैल। केरल में चुनाव प्रचार का आज पटाक्षेप हो गया। यहां की 20 लोकसभा सीटों पर आगामी 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। भाजपा लंबे समय से यहां जमने को प्रयासरत है। इस बार भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई बार केरल के दौरे किए ताकि भाजपा जीत सके। एक बार तो ऐसा लगा भाजपा को सफलता मिलेगी

- हालांकि, इस बार भाजपा ने केरल में एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने केरल की कई यात्राएं की हैं, फिर भी भाजपा की सफलता संदिग्ध ही है।

पर अब लगता है कि परिस्थितियां भाजपा के एकदम प्रतिकूल हैं।

सम्पूर्ण प्रदेश के चुनावी सर्वेक्षणों का संकेत यह है कि, इस बार भी केरल में भाजपा का खाता शून्य ही रहेगा। स्थानीय चुनाव सर्वेक्षणों के अलावा, प्रतिष्ठित मातृभूमि मीडिया ग्रुप का आकलन भी भगवा पार्टी को संदेहास्पद

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# सैम पित्रोदा ने फिर कांग्रेस के लिये बवाल खड़ा किया

## पित्रोदा ने कहा, अमेरिका का ''विरासत कानून'' (इनहैरिटैंस लॉ) विचार करने योग्य व्यवस्था है, जिसके अनुसार मृत्यु के बाद व्यक्ति अपनी 45 प्रतिशत सम्पत्ति अपने उत्तराधिकारी को दे सकता है, बाकी 55 प्रतिशत सम्पत्ति सरकार को मिलती है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- प्र.मंत्री मोदी ने पित्रोदा व राहुल की ''इनहैरिटैंस लॉ'' की पैरवी पर तीखी टिप्पणी की कि, कांग्रेस पार्टी अपने कोष को भरना चाहती है और नये टैक्स लगाकर, और किसी भी व्यक्ति को अपने पसीने की कमाई को उसके वारिस तक पहुंचने में दिक्कतें पैदा करना चाहती है।
- प्र.मंत्री मोदी ने और तीखा कटाक्ष करते हुए यह भी कहा, ''कांग्रेस का मंत्र है, लूटो जिन्दगी के साथ भी और जिन्दगी के बाद भी।''
- कांग्रेस ने पित्रोदा की टिप्पणी से दूरी बनायी और राहुल ने भी यू-टर्न लिया और कहा, ''मैंने तो केवल सर्वे कराने की बात कही थी, अतिरिक्त सम्पत्ति वितरण की बात नहीं कही थी।''

नई दिल्ली, 24 अप्रेल। सैम पित्रोदा की इनहैरिटैंस लॉ (विरासत कानून) पर टिप्पणियों ने भाजपा नेताओं को उत्साहित कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि, नए टैक्स लगाकर वो अपनी तिजोरी भरना चाहती है और यह भी नहीं चाहती कि, लोग अपनी गाढ़ी कमाई को अपने बच्चों के लिए छोड़कर जाएं।

कांग्रेस ने यद्यपि, पित्रोदा की टिप्पणियों से किनारा कर लिया है, वहीं, स्वयं राहुल गांधी ने ''सम्पत्ति सर्वे और पुनर्वितरण योजना'' पर यू-टर्न ले लिया प्रतीत होता है, यह कहते हुए कि, उन्होंने यह नहीं कहा था कि, अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह एक्शन लेगी। उन्होंने कहा, ''मैं केवल इतना कह रहा हूँ, हम यह पता करें कि कितना अन्याय हुआ है।'' पित्रोदा जो कि, इण्डियन ओवरसीज़ कांग्रेस के अध्यक्ष हैं, ने कहा कि, उनके कथन को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है और इसका कांग्रेस पार्टी या उसके घोषणा पत्र से कोई लेना-देना नहीं है। 81 वर्षीय पित्रोदा ने एक हालिया साक्षात्कार में कहा था कि, अमेरिका में विरासत कानून (इनहैरिटैंस लॉ) एक दिलचस्प कानून है, जिसके ऊपर वाद-विवाद और चर्चा की जा सकती है।

अमेरिका के विरासत कानूनों के

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव व भगवत गीता

## जॉन.एफ. कैनेडी के भतीजे व रॉबर्ट कैनेडी के पुत्र रॉबर्ट कैनेडी जूनियर ने एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में राष्ट्रपति के चुनाव का पर्चा भरा है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव आम तौर पर दो बड़ी पार्टियों, रिपब्लिकन व डैमोक्रेटिक पार्टी तक सीमित रहता है और निर्दलीय उम्मीदवार का कोई महत्व नहीं रहता।
- कैनेडी परिवार प्रारंभ से ही डैमोक्रेटिक पार्टी का समर्थक रहा है, अतः रॉबर्ट कैनेडी जूनियर (आर.के.एफ.) का डैमोक्रेटिक पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ना काफी अटपटी बात है। परिवार को भी यह इतना अरूचिकर लगा कि, उसने इस मुद्दे पर आर.के.एफ. से नाता तोड़ लिया।
- द इकॉनामिस्ट को इन्टरव्यू में आर.के.एफ. ने कहा, अपने परिवार के खिलाफ चाचा, ताऊ, भाइयों के खिलाफ चुनाव लड़ने की प्रेरणा, उन्हें भगवत गीता व अर्जुन से मिली है। जैसा श्रीकृष्ण ने अर्जुन को समझाया था, उसे अपने प्रियजनों के खिलाफ लड़ने में कोई ग्लानि नहीं होगी, क्योंकि यह उसका धर्म है।

नई दिल्ली, 24 अप्रेल। रॉबर्ट जे. ऑपनहाइमर भगवद् गीता से प्रेरित थे, टी.एस. एलियट इसके श्लोकों से मंत्रमुग्ध थे, और अब वाइट हाउस की आकांक्षा रखने वाले एक निर्दलीय उम्मीदवार ने खुलासा किया है कि वह भी भगवद् गीता से प्रेरित होकर अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव मैदान में उतारने का करने को कृतसंकल्पित है।

अमेरिका के प्रसिद्ध राष्ट्रपति रहे जॉन एफ. कैनेडी के भतीजे एवं रॉबर्ट कैनेडी, सीनियर के पुत्र रॉबर्ट एफ. कैनेडी ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए निर्दलीय तौर पर अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए पहले डैमोक्रेटिक पार्टी का नामांकन लेने की कोशिश की थी, लेकिन वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन की राह आसान करने के लिए उन्हें रोक दिया गया था।

जैसा कि नाम से ही पता चलता है, रॉबर्ट कैनेडी जूनियर राजनीतिक रुप से

( शेष पृष्ठ 4 पर )




# मणिपाल हॉस्पिटल का ऑर्गन ट्रांसप्लांट पंजीकरण व नवीनीकरण प्रमाण पत्र निलम्बित

## मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एन.ओ.सी. का मामला

**जयपुर।** मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओसी के मामले में चिकित्सा विभाग ने बुधवार को जयपुर के माणिपाल हॉस्पिटल पर कार्रवाई करते हुए उसका रजिस्ट्रेशन निलम्बित कर दिया है। गौरतलब है कि फोटि्स और ईएचसीसी अस्पताल के बाद मणिपाल तीसरा हॉस्पिटल है जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस निर्णय के बाद अब मणिपाल हॉस्पिटल में अगले आदेश तक किडनी, लिवर के ट्रांसप्लांट नहीं हो सकेंगे।

- **इससे पहले मामले में फोर्टिस व ईएचसीसी अस्पताल का पंजीकरण और नवीनीकरण प्रमाण पत्र निलंबित कर दिया गया था।**
- **मामले में एसीबी और पुलिस की ओर से जांच जारी**

चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि फर्जी एनओसी प्रकरण में संदिग्ध भूमिका के दृष्टिगत जयपुर के मणिपाल हॉस्पिटल को जारी पंजीकरण एवं नवीनीकरण प्रमाण-पत्र को निलंबित कर दिया गया है।

मानव अंग एवं ऊत्तक प्रत्यारोपण की प्राधिकृत अधिकारी डॉ. रश्मि गुप्ता ने बताया कि फर्जी एनओसी जारी होने का प्रकरण सामने आने के बाद इस मामले में फोर्टिस हॉस्पिटल से कार्मिक गिर्राज शर्मा को गिरफ्तार किया था। यह कार्मिक पूर्व में मणिपाल हॉस्पिटल में भी कार्यरत था।

मणिपाल में भी मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए एनओसी प्राप्त करने में इस कार्मिक की भूमिका सामने आई है। हॉस्पिटल द्वारा प्राप्त एनओसी भी संदेह के दायरे में है। एसीबी और पुलिस भी इस प्रकरण में जांच कर रही है। इसे देखते हुए मणिपाल हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन निलंबित किया है।

उल्लेखनीय है कि फर्जी एनओसी प्रकरण में इससे पूर्व जयपुर के फोर्टिस अस्पताल एवं ईएचसीसी अस्पताल का पंजीकरण एवं नवीनीकरण प्रमाण-पत्र निलंबित कर दिया गया था।

गौरतलब है कि गुरूग्राम में किडनी लीवर रैकेट में पकड़े गये बदमाशों को प्रोडेक्शन वारंट पर जयपुर ले आई है यहां पुलिस उनसे पूछताछ करने में जुटी है। आरोपियों से मामले में गिरफ्तार गौरव सिंह, अनिल जोशी, विनोद और गिर्राज को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ की जायेगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



**राज्यपाल कलराज मिश्र ने हनुमान जयंती के दूसरे दिन रामलीला मैदान से स्वर्ण मंडित हनुमानजी के मुख्य रथ की शोभायात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने संत-महंतों की उपस्थिति में मुख्य रथ पर विराजमान हनुमानजी की आरती उतारकर विधिवत पूजा-अर्चना की। रामलीला मैदान से प्रारंभ हुई हनुमान जी की शोभायात्रा में चालीस के करीब आकर्षक झांकियां शामिल हुईं।**

# राजस्थान की 13 लोकसभा सीटों के लिए 28758 बूथों पर कल होगा मतदान

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव-2024 के दूसरे चरण में टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, बासंवाड़ा, चितौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इन 13 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

- **1.72 लाख से अधिक कर्मचारी संपन्न करवाएंगे प्रदेश में द्वितीय चरण के लोकसभा चुनाव, तैयारियां पूरी**
- **प्रदेश के करीब 2.80 करोड़ मतदाता 152 लोकसभा प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे**
- **प्रदेश के 14 हजार 460 मतदान केंद्रों की लाइव वेबकास्टिंग होगी, 1768 विशेष मतदान केंद्र भी बनाए**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए कानून व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इन क्षेत्रों में 1.72 लाख से अधिक मतदान कर्मी मतदान सम्पन्न कराएंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन 13 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 152 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इनमें 145 पुरूष और 7 महिलाएं हैं। सर्वाधिक 18 प्रत्याशी चित्तौड़गढ़ और सबसे कम 7 प्रत्याशी झालावाड़-बारां लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में है। गुप्ता ने बताया कि कुल 28 हजार 758 मतदान केंद्रों में से चयनित 14 हजार 460 बूथों पर मतदान प्रक्रिया की लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। कंट्रोल रूम के माध्यम से इन बूथों पर निगरानी रखी जाएगी। मतदान कार्य में कुल 34 हजार 931 बैलेट यूनिट, 34 हजार 931 कंट्रोल यूनिट और 37 हजार 329 वीवीपैट मशीनें (रिजर्व सहित) उपयोग में ली जाएंगी।

गुप्ता ने बताया कि द्वितीय चरण में 28 हजार 758 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। इसमें 4778 शहरी तथा 23 हजार 327 ग्रामीण सहित 653 सहायक मतदान केंद्र शामिल हैं। मतदान प्रोत्साहन के लिए 1768 विशेष मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इनमें से महिलाओं और युवाओं द्वारा 832-832 तथा 104 मतदान केंद्र दिव्यांग कार्मिकों द्वारा संचालित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान प्रक्रिया की निगरानी के लिए 3 हजार सेक्टर ऑफिसर तैनात किए गए हैं। यह अधिकारी मतदान दलों के साथ सतत समन्वय बनाकर किसी भी प्रकार की परेशानी का तत्काल निराकरण करेंगे। ईवीएम में तकनीकी खराबी के त्वरित निराकरण के लिए बेल के इंजीनियर भी मौजूद रहेंगे, जो सूचना प्राप्त होने पर शीघ्र केंद्रों पर पहुंचेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के सुविधा को ध्यान में रखते हुए रैम्प, पीने के पानी, छाया, व्हीलचेयर और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए वाहन सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। साथ ही, मतदाताओं की सहायता के लिए हर मतदान केंद्र पर वॉलंटियर्स भी तैनात किए गए हैं।

गुप्ता ने बताया कि मतदान के दिन सूचनाओं के त्वरित आदान प्रदान के लिए राज्य और जिला स्तर पर कम्यूनिकेशन टीम बनाई गई है। इस टीम में नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी मतदान केंद्रों तक मतदान दलों के पहुंचने की जानकारी, मॉक पोल होने की जानकारी, उसके बाद मतदान शुरू होने, मतदान का प्रतिशत जैसी जानकारियां मतदान केंद्रों पर नियुक्त कर्मचारियों से चर्चा कर संकलित करेंगे।

## करीब 85 हजार पुलिस कर्मी सम्भालेंगे सुरक्षा का जिम्मा

**जयपुर,(कासं)।** राजस्थान में दूसरे चरण के 13 लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिये करीब 85 हजार पुलिस अधिकारी एवं जवानों के अलावा केन्द्रीय सशस्त्र बल और विशेष सशस्त्र बल की 175 कम्पनियां, होमगार्ड के 18 हजार 400 तथा बोर्डर होमगार्ड के 1600 जवानों को फील्ड में तैनात किया गया है।

- **केन्द्रीय सशस्त्र बल और विशेष सशस्त्र बल की 175 कम्पनियां, होमगार्ड के 18 हजार 400 तथा बोर्डर होमगार्ड के 1600 जवानों को तैनात किया गया है**

पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने प्रदेश में शुक्रवार को लोकसभा चुनावों के दूसरे चरण में 13 निर्वाचन क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी मतदाता बिना किसी दबाव या प्रलोभन के निर्भय होकर जिम्मेदार नागरिक के रूप में लोकतंत्र के पर्व में अपनी भूमिका सजगता से निभायें। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 24 पुलिस जिलों के तहत 28 हजार 105 मतदान केन्द्र और 651 सहायक मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इन मतदान केन्द्रों में से क्रिटिकल और कानून एवं व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों, होमगार्ड्स, आरएसी तथा केन्द्रीय सशस्त्र बलों के जवानों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार तैनात किया गया है। दूसरे चरण के पाली, जोधपुर, बाड़मेर-जैसलमेर, जालोर सिरोही, राजसमंद, उदयपुर, बांसवाड़ा-डूंगरपुर, चित्तौडगढ़, कोटा-बूंदी, झालावाड़-बारां, टोंक-सवाईमाधोपुर, अजमेर एवं भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव होंगे। क्रिटीकल मतदान केन्द्रों के अतिरिक्त प्रत्येक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्थानीय कानून व्यवस्था की स्थिति के आंकलन के आधार पर संवेदनशील मतदान केन्द्रों की नई श्रेणी लॉ एंड आर्डर संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर भी 1-2 आरएसी के जवान या सशस्त्र पुलिस बल को तैनात किया गया है।

## 'आदेश की पालना क्यों नहीं'

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस निरीक्षक पद से आरपीएस जूनियर स्केल पर पदोन्नित से जुडे मामले में अदालती आदेश के कई माह बाद भी पालना नहीं करने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने 2 मई को अतिरिक्त मुख्य गृह सचिव को पेश होकर इस संबंध में स्पष्टीकरण देने को कहा है। जस्टिस नरेन्द्र सिंह की एकलपीठ ने यह आदेश अनिल कुमार जसोरिया की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि यदि आदेश की पालना कर ली जाती है तो एसीएस को पेश होने की आवश्यकता नहीं है।

अवमानना याचिका में अधिवक्ता नमोनारायण शर्मा ने अदालत को बताया कि पुलिस निरीक्षक पद पर कार्यरत याचिकाकर्ता को परिनिंदा के दंड के चलते वर्ष 2022-23 की आरपीएस जूनियर स्केल पद पर पदोन्नित नहीं दी थी।

# शादी रद्द के बाद भी बुकिंग राशि न लौटाने पर 70 हजार रु. हर्जाना

**जयपुर (कासं)।** जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-द्वितीय ने शादी रद्द की सूचना रिसोर्ट को कई महीने पहले देने के बाद भी बुकिंग राशि नहीं लौटाने को सेवादोष माना है। इसके साथ ही आयोग ने अचरोल बाग रिसोर्ट पर 70 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। वहीं रिसोर्ट को बुकिंग राशि के तौर पर वसूली गई 3 लाख 21, हजार रुपए 9 फीसदी ब्याज सहित लौटाने का निर्देश दिया है। आयोग के अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना व सदस्य हेमलता अग्रवाल ने यह आदेश रामप्रसाद शर्मा के परिवाद पर दिया।

- **अदालत ने रिसोर्ट को बुकिंग राशि के तौर पर वसूली गई 3 लाख 21 हजार रुपए 9 फीसदी ब्याज के साथ लौटाने के निर्देश दिए**

परिवाद में कहा गया कि परिवादी की बेटी की शादी 25 नवंबर 2022 को होनी थी। जिसके लिए उसने 24 व 25 नवंबर को सभी सुविधाओं सहित रिसोर्ट को 12.80 लाख रुपए में फाइनल किया और बुकिंग के लिए 21 हजार रुपए दे दिए। इसके बाद विपक्षी के कर्मचारी के कहने पर उसने 8 जुलाई 2022 को तीन लाख रुपए चेक से दे दिए। वहीं बाद में किन्हीं कारणों से उसकी बेटी की शादी रद्द हो गई। इस पर परिवादी ने रिसोर्ट प्रबंधन को शादी की तारीख से कई माह पहले सूचना देते हुए पूरी बुकिंग राशि लौटाने का आग्रह किया, लेकिन विपक्षी रिसोर्ट ने राशि नहीं लौटाई। इसे उपभोक्ता अदालत में चुनौती देते हुए जमा राशि हर्जा-खर्चा सहित विपक्षी से दिलवाए जाने की गुहार की गई। जिसके जवाब में रिसोर्ट प्रबंधन की ओर से कहा गया कि उस दौरान जयपुर में कोविड नहीं था और शादी की बुकिंग 6-7 महीने पहले ही करवानी होती है। शादी रद्द करने से उसका रिसोर्ट भी खाली रहा और उसे 9 लाख 59 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। इसलिए परिवाद खारिज कर उसे परिवादी से यह राशि दिलाई जाए। आयोग ने दोनों पक्षों को सुनकर कहा कि परिवादी ने उचित समय पर विपक्षी को सोशल मीडिया और फोन के जरिए शादी रद्द होने की सूचना दे दी थी और रिसोर्ट प्रबंधन के पास अन्य बुकिंग का पर्याप्त समय था। इसलिए वह परिवादी की राशि ब्याज सहित लौटाए व उसे अलग से हर्जाना भी अदा करे।

# मारवाड़ के छद्म गांधी के चेहरे पर से नकाब उतर गया : राजेन्द्र राठौड़

**जयपुर।** विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पूर्व ओएसडी ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर तत्कालीन सरकार के मुखिया पर फोन टैपिंग के जो आरोप लगाये हैं उससे मारवाड के छद्म गांधी के चेहरे पर से नकाब उतर गया है।

- **पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर उनके ओएसडी रहे लोकेश शर्मा के आरोपों के बाद पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने निशाना साधा**

राठौड़ ने कहा कि यह राजस्थान की राजनीति के इतिहास में पहली घटना थी जब किसी सरकार के मुखिया ने अपनी कुर्सी बचाने के खातिर सारे नियमों को ताक पर रखकर अवैधानिक ढंग से जनप्रतिनिधियों के फोन टैप करवाये थे। यह तो वो ही बात हुई कि उम्र भर ग़ालिब यही भूल करता रहा, धूल चेहरे पे थी आइना साफ़ करता रहा। राठौड़ ने कहा कि फोन टैपिंग प्रकरण को लेकर तत्समय नेता प्रतिपक्ष की अगुवाई में मेरे सहित विपक्ष के तमाम साथियों ने भी इस मुद्दे को सदन में पुरजोर तरीके से उठाया था, उस पर आज उनके ही पूर्व ओएसडी ने मुहर भी लगा दी है।

राठौड़ ने कहा कि संविधान की दुहाई की देने वाले गहलोत जी ने स्वयं सत्ता का बेजा इस्तेमाल करके विपक्ष के अधिकारों पर कुठाराघात करने का काम किया है। इससे बड़े दुर्भाग्य की बात क्या होगी कि तत्समय सत्ताधारी पार्टी के विधायकों ने भी अपनी ही सरकार पर फोन टैप के गंभीर आरोप लगाकर मुख्यमंत्री को कटघरे में खड़ा किया था। कांग्रेस के काले कारनामे सबके सामने आ रहे हैं जिसका खामियाजा इन्हें भुगतना पड़ेगा।

## दुष्कर्म करने वाले युवक को 20 वर्ष की सजा

**जयपुर।** जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने 16 साल की नाबालिग पीडिता के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त बाबूलाल को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने 24 वर्षीय इस अभियुक्त पर एक लाख पांच हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने पीडिता के साथ दुष्कर्म जैसा गंभीर अपराध किया है। यदि इसमें पीडिता की सहमति भी रही थी तो भी यह अपराध की श्रेणी में ही माना जाएगा, क्योंकि नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि 22 सितंबर 2020 को पीडिता के पिता ने प्रागपुरा थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। एफआईआर में कहा गया कि बीती रात करीब 11 बजे पीडिता अपने कमरे में सो रही थी। इस दौरान पडोस के गांव में रहने वाला अभियुक्त बाबूलाल दीवार कूदकर घर में आ गया और पीडिता के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान पीडिता के चिल्लाने पर वह अपनी पत्नी के साथ पीडिता के कमरे में आया तो अभियुक्त धक्का-मुक्की कर वहां से भाग गया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि करीब तीन माह से अभियुक्त पीडिता के साथ अश्लील हरकतें कर रहा था। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# शासन सचिव ने किया जल भवन का औचक निरीक्षण



**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने बुधवार को विभागीय मुख्यालय 'जल भवन' का औचक निरीक्षण किया।**

**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने बुधवार को प्रातः 9.30 बजे विभागीय मुख्यालय 'जल भवन' का औचक निरीक्षण किया। डॉ शर्मा ने सभी मुख्य अभियन्ता एवं अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता के अधीन कार्य करने वाले अधिकारियों व कार्मिकों की उपस्थिति का निरीक्षण किया, जिसमें 407 में से 11 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये तथा बिना जायज कारण के कार्यालय में समय पर उपस्थित नही होनें वाले 4 कार्मिकों वरिष्ठ सहायक राजेन्द्र प्रसाद गूर्जर तथा कनिष्ठ सहायक कूनाल सिंह डूडी, नेहा शर्मा, मुकेश मैहरा के विरूद्ध मुख्य अभियन्ता (प्रशासन) को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। इसकी अनुपालना में मुख्य अभियन्ता प्रशासन ने अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहे कार्मिकों को नोटिस जारी कर दिये।

- **अनुपस्थित मिले कार्मिकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये**

शासन सचिव ने वहां मौजूद सभी कार्मिकों को कार्यालय में समय पर उपस्थित होने की हिदायत दी। साथ ही समय से पहले कार्यालय नही छोड़ने के लिए भी निर्देश किया। डॉ. शर्मा ने इसके पश्चात अनेक अधिकारियों और कार्मिकों के कक्ष में जाकर उनके द्वारा निस्तारित की जाने वाली फाईलों की समीक्षा की एवं कुछ अधिकारियों के कम्प्यूटर के इन बाक्स खुलवाकर उसमें पेन्डिंग ई-फाईल्स की जॉच की। उन्होंने समस्त फीजीकल फाईलों को इलेक्ट्रॉनिक फाईलों में परिवर्तित करने के निर्देश दिये एवं समस्त प्राप्त फाईलों को उसी दिन निस्तारित करने के निर्देश प्रदान किये।

विभाग के शासन सचिव ने सिरोही जिले में पाली संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वृत कार्यालय के औचक निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये 13 अधिकारियों/ कर्मचारियों को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

समित शर्मा ने बताया कि मुख्य सचिव के निर्देशानुसार विभाग ने अधिकारियों एवं कार्मिकों की कार्यस्थल पर समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु राज ए. एम. एस. मोबाईल आधारित मार्क इन एवं मार्क आउट की व्यवस्था लागू करने हेतु दिशा निर्देश जारी कर दिये है। अब तक कुल 1101 कार्यालयों एवं उनमें कार्यरत 5102 अधिकारियों-कार्मिकों की मैपिंग भी की जा चुकी है। विभाग द्वारा अधिकारियों और कार्मिकों को इसके उपयोग की जानकारी देकर ट्रायल का कार्य चल रहा है। प्रतिदिन लगभग 4000 कार्मिकों द्वारा इसके माध्यम से सफलतापूर्वक अपनी उपस्थिति मार्क की जा रही है। आज आयोजित विडियो कॉन्फेसिंग में इस व्यवस्था को 1 मई से लागू करने का निर्णय लिया गया है।

# रिटायर शिक्षकों को वेतन वृद्धि का लाभ क्यों नहीं दिया?

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने 31 मई 2023 को रिटायर हुए शिक्षकों को आगामी वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं देने पर प्रमुख माध्यमिक शिक्षा सचिव, प्रमुख वित्त सचिव, माध्यमिक शिक्षा निदेशक और पेंशन निदेशक से जवाब देने के लिए कहा है। अदालत ने इन अधिकारियों से पूछा है कि जब राजस्थान सिविल सेवा संशोधित वेतन नियम, 2017 के नियमों में प्रावधान बना हुआ है तो फिर याचिकाकर्ता रिटायर शिक्षकों को आगामी वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ क्यों नहीं दिया गया। जस्टिस गणेश राम मीणा ने यह आदेश केशर देवी व अन्य की याचिका पर दिए। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता शिक्षक 31 मई, 2023 को रिटायर हुए थे और उन्हें पिछली वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ एक जुलाई 2022 से दिया गया। वहीं 11 महीने की सेवाएं देने के बाद भी उन्हें आगामी वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं दिया गया। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि राजस्थान सिविल सेवा संशोधित वेतन नियम, 2017 के नियमों में प्रावधान है कि कर्मचारी पिछली वार्षिक वेतन वृद्धि से छह महीने की सेवा पूरी करने के बाद ही आगामी वार्षिक वेतन वृद्धि के लिए योग्य हो जाता है। याचिकाकर्ताओं का सेवाकाल 11 महीने का रहा है, लेकिन इसके बावजूद भी उन्हें आगामी वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं दिया गया। इसलिए उन्हें वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए।


**आम सुचना** दि. 25.04.2024

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्या देवी बाई पत्नी झमत मल, निवासी 65/326, सैक्टर नं. 6, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर का पुत्र मोहन कुमार मुलचंदनी व उसकी पत्नी मीना लुहाना मेरे अभिभाष्या के कहने में नही है व आये दिन मेरे अभिभाष्या से लडाई झगडा करते है, जिससे मेरे अभिभाष्या को बहुत आघात पहुँचा और तोड फोड, पुलिस केस जैसे अपमानजक कृत्य के कारण घोर आघात लगा इस कारण आज के पश्चात मेरे अभिभाष्या अपने पुत्र व पुत्रवधु को अपनी जिन्दगी, परिवार, सभी अधिकारो से, चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती है भविष्य में इनका चल अचल सम्पत्ति में कोई हिस्सा नही होगा। यदि कोई भी मेरे अभिभाष्य की पुत्र व पुत्रवधु के साथ लेन-देन व व्यवहार करता है तो मेरे अभिभाष्या की कोई जिम्मेदारी नही होगी। **नरेन्द्र यादव (एडवोकेट) 9672730730**

**सूचना**

मेरे पिता श्री रामचन्द्र पुत्र श्री गोपाल कुम्हार निवासी धांधोली तह. दूदू वर्ष 1994 से लापता है। आजतक कोई सुराग नहीं मिला वर्ष 1994 में दूदू थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज करायी गई थी। राजस्व रिकार्ड में पुत्र होने के नाते परिवर्तन नामान्तरण करवा रहा हूँ। किसी पक्ष को आपत्ति हो तो 15 दिवस में सम्बन्धित जगह आपत्ति पेश करें बाद में मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**(हनुमान प्रजापत) निवासी धांधोली**

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**

क्रमांक-945 दिनांक-24.04.2024

**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 65/04 (HIG) (एरिया 236.25 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री केवल कृष्ण बहल पुत्र श्री लाला भगतराम बहल को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1247 दिनांक 07.12.1991 को जारी किया गया। श्री कप्तानसिंह पुत्र श्री देवा सिंह के पक्ष में उक्त आवास/फ्लैट का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 290 दिनांक 30.03.2000 के द्वारा किया गया। श्री कप्तान सिंह के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 26.08.2002 को उप पंजीयक सांगानेर जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री कप्तान सिंह की मृत्यु दिनांक 18.01.2022 को हो जाने के कारण इनके वारिस 1. श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी स्व. श्री कप्तान सिंह, 2. श्री विक्रम सिंह पुत्र स्व. श्री कप्तान सिंह, 3. श्रीमती पुष्पा सेजवाल पत्नी श्री बलराज सेजवाल, 4. श्री कृष्ण कुमार पुत्र श्री दयाल राम जाखड 5. श्री चैतन्य सिंह पुत्र श्री कृष्ण कुमार, 6. श्रीमती विभु पत्नी स्व. श्री वीरेन्द्र सिंह, 7. कुमारी हर्षिता पुत्री श्री वीरेन्द्र सिंह द्वारा उक्त आवास/फ्लैट को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास/फ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं।1. श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी स्व. श्री कप्तान सिंह, 2. श्री विक्रम सिंह पुत्र स्व. श्री कप्तान सिंह, 3. श्रीमती पुष्पा सेजवाल पत्नी श्री बलराज सेजवाल, 4. श्री कृष्ण कुमार पुत्र श्री दयाल राम जाखड 5. श्री चैतन्य सिंह पुत्र श्री कृष्ण कुमार, 6. श्रीमती विभु पत्नी स्व. श्री वीरेन्द्र सिंह, 7. कुमारी हर्षिता पुत्री श्री वीरेन्द्र सिंह का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर

**खोया-पाया**

मै विकास सोमानी पुत्र श्री सुरेश सोमानी मेरा एक बैग (फोलडर) जिसमें 50 से अधिक खाली हस्ताक्षरित स्टांप पेपर व कागज, पाई पेपर 10-15 चेक हस्ताक्षरीत बिना दिनांकित, प्रोपर्टी दस्तावेज की फोटो प्रतिया व कुछ अन्य दस्तावेज कोरोना काल में मेरे कार्यालय 95 हिम्मत नगर, गोपालपुरा मोड जयपुर से 67/80 प्रताप नगर स्थित कार्यालय के बीच रास्ते में कहीं खो गए थे मिलने पर सूचित करें।

**विकास सोमानी, एडवोकेट, मो. 9672434343**

**नाम परिवर्तन**

मैं विपिन मनूडी सत्यनिष्ठा से घोषणा करता हूँ कि मैंने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम विपिन से बदलकर विपिन मनूडी पुत्र श्री जानकी प्रसाद रख लिया है।

मैंने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम शिवदयाल सिंह से बदलकर शिवदयाल सिंह राठौड (Shivdayal Singh Rathore) पुत्र इन्द्र सिंह रख लिया है। पता-ए-520, स्वीट होम, आनंदलोक-1, कालवाड, झोटवाडा, जयपुर-12

मैं ओमी रतनू पत्नी आर्मी नंबर 15162495F हवलदार बीजु दान यूनिट 199 मीडियम रेजिमेट से मेरे पति, सैन्य दस्तावेज में मेरी जन्म तिथि 05.05.1983 है। जो कि गलत है। मेरी सही जन्म तिथि 02.02.1987 है।

I Mamta Devi w/o Hav Shri Ram Swami Service no- 15689878A R/O Ward no. 9, village- Bhadwari, Tehsil- Khandela, District- Sikar Rajasthan- 332708 have changed my Name from Mamtha Devi to Mamta Devi in all service records of my husband for all future purposes.

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर 141/2024

**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि श्रीमति शोभा शर्मा पत्नी श्री प्रेम नारायण शर्मा निवासी डी-4/105-ए, 200 फीट बाई पास, चित्रकूट स्कीम, अजमेर रोड, जयपुर राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत स्टुडेन्टस रिलिफ सोसायटी (एस.आर. सोसायटी) डी-4/105-ए, 200 फीट बाई के पास, चित्रकूट स्कीम, अजमेर रोड, जयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 23.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 26.06.2024

मोहर अदालत

आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**सम्मन बनाम मुद्दायलह बिनावर कायमी तनकीया**

(ऑडर 5 रूल 1 व 5 जाप्ता दिवानी)
(Civil Procedure Appendix "B" From No. 2)
अज अदालत- श्रीमान सिविल न्यायाधीश महोदय (कनिष्ठ खण्ड) बांसवाडा राजस्थान
वादीगण- राजेन्द्र वगैरह बनाम प्रतिवादीगण- वैभव जैन वगैरह
CO दीवानी वाद संख्या 16/2024
दावा बाबत- वाद बाबत जारी किये जाने स्थाई निषेधाज्ञा एवं आदेशात्मक आज्ञा
(बनाम)

मुस्म्मी- 1. वैभव जैन पुत्र स्व. सुरेशचन्द्र जैन जाति जैन निवासी विश्वैरसरैया नगर, त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा वाईपास, लाल कोठी, जयपुर राजस्थान, 2. गौरव जैन पुत्र स्व. सुरेशन्द्र जी जैन जाति जैन निवासी एकमे हाईट डी.सी. हॉस्पिटल के पीछे, त्रिवेणी नगर, जयपुर राजस्थान 3. श्रीमती पुष्पा पत्नी स्व. सुरेशचन्द्र जैन जाति जैन निवासी विश्वैरसरैया नगर, त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा बाईपास, लाल कोठी, जयपुर राजस्थान

...हर गांव कि वादीगण ने आपके खिलाफ एक दावा इस न्यायालय में दायर किया है, लिहाजा आपको बजरिये इस तहरीर के दावे को जवाबदेही के लिए तारीख 30 माह 04 सन् 2024 7.00 ए.एम. बजे दिन के अदालत हाजा में असालतन मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके साथ ऐसा शख्स हो जो ऐसे सवालात का जवाब दे सके हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुलमा दस्तावेज जिल पर आप अपना जवाबदेही की ताईद में इस्तदलीन चाहते हो उस दिन पेश करो। आगाह रहे कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपके गैर हाजिर में सुना वो फैसला किया जावेगा। वसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज दिनांक 22 माह 04 सन् 2024 को जारी किया गया।

मोहर अदालत

सिविल न्यायाधीश
बांसवाडा, राजस्थान

**श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: श्रीटावर्स , प्लॉट संख्या 14 ए , साउथ फेज, इंडस्ट्रियल स्टेट, गुंदी, चेन्नई- 600032 तमिलनाडु
शाखा कार्यालय:- रोडवेज डिपो के सामने, प्रीमियर टावर, प्रीमियर ग्लास हाउस के ऊपर, आगरा रोड, दौसा- 303303 राजस्थान

**प्रतीकात्मक कब्जा नोटिस**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ( उक्त अधिनियम ) के प्रावधानों के तहत और धारा 13( 12 ) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ( एसएफएल ) का अधिकृत अधिकारी है । सुरक्षाहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 ( उक्त नियम ) के नियम 3 के साथ पढ़े गए उक्त अधिनियम के तहत उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किए गए, जिनका विवरण नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है, ताकि उक्त मांग नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाई जा सके ।

उधार कर्ताओं द्वारा ऋण राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधार कर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षर कर्ता ने धारा 13( 4 ) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अप्रैल 2024 के इस 16 वें दिन नीचे वर्णित संपत्ति का प्रतीकात्मक कब्जा ले लिया है । जो की उक्त अधिनियम एवं उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ा गया ।

| उधारकर्ता का नाम और पता | मांग पत्रके अनुसार देय राशि | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| 1 ). मैसर्स जगदम्बा मां टायर्स का प्रतिनिधित्व मालिक इंद्राज सिंह गुर्जर पुत्र दर्शन सिंह गुर्जर, नादौती रोड श्रीमहावीरजी हिंडौन सिटी, तहसील- हिंडौन, करौली -322220, राजस्थान इंद्राज सिंह गुर्जर पुत्र दर्शन सिंह गुर्जर, बालाजी मंदिर के पास, नोरंगाबाद, श्रीमहावीरजी, तहसील- हिंडौन, करौली- 322220 राजस्थान ( उधारकर्ता ) 2 ). दर्शन सिंह गुर्जर पुत्र नंगूराम गुर्जर, अकबरपुर, श्रीमहावीरजी, तहसील- हिंडौन, करौली- 322220, राजस्थान 3 ). रूप सिंह पुत्र रामसहाय अकबरपुर, श्रीमहावीरजी, तहसील-हिंडौन, करौली-322220, राजस्थान 4 )सुमन देवी पत्नी दर्शन सिंह गुर्जर, अकबरपुर, श्रीमहावीरजी, तहसील- हिंडौन, करौली- 322220, राजस्थान ( सहउधारकर्ता ) | ऋण खाता संख्या :- CDDASTF2001300006 डिमांड नोटिस दिनांक :-08-02-2024 के संदर्भ में रूपए Rs-30,91,848/- ( तीस लाख ईकरांनवे हजार आठ सौ अड़तालीस रुपये मात्र ) का भुगतान करने के लिए | वह सभी खसरा नंबर -2439, 239.19 वर्गगज या 200 वर्गमीटर का क्षेत्रफल या 0.020 हेक्टेयर आयताकार ग्राम अकबरपुर, देवनारायण चोराहा के पास, श्रीमहावीरजी, पटवार हल्का नौरंगाबाद, तहसील- हिंडौन, जिला करौली, राजस्थान में स्थित है और निम्नानुसार घिरा हुआ है । खसरा संख्या- 2439 की सीमाएँ इस प्रकार हैं :- उत्तर की ओर : रूप सिंह की संपत्ति दक्षिण की ओर : संपत्ति दर्शन सिंह गुर्जर पूर्व की ओर : नादौती रोड पश्चिम की ओर: दर्शन सिंह गुर्जर की संपत्ति |

यह नोटिस बड़े पैमाने पर आम जनता को सावधान करने के लिए भी है कि श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के पास ऊपर उल्लिखित अचल संपत्ति का वैध प्रतीकात्मक कब्जा है और उधार कर्ता या कोई भी व्यक्ति श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड की पूर्व लिखित सहमति के बिना उल्लिखित उपरोक्त किसी भी संपत्ति को पट्टे पर देना/ विक्रय करना या अन्यथा निपटान अथवा अलग करना इस नोटिस की प्राप्ति के बाद बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण नहीं करेगा ।

Sd/-
स्थान: दौसा
दिनांक: 25-04-2024

अधिकृत अधिकारी
श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड

# ग्राम विकास अधिकारी से 71 लाख रुपए लूटने वाले बदमाशों के 3 मददगार दबोचे

## मुहाना इलाके में मंगलवार को स्कार्पियो सवार आधा दर्जन बदमाशों ने की थी लूटपाट

- पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी हुई 48.90 लाख की रकम बरामद की
- फिलहाल लुटेरे सुरेन्द्र, रवि पंडित व राम सिंह पुलिस की पकड़ से दूर है, उनकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है पुलिस टीम

**जयपुर** (कासं)। मुहाना थाना इलाके में मंगलवार को स्कार्पियों सवार आधा दर्जन बदमाशों द्वारा दिनदहाड़े ग्राम विकास अधिकारी (बीडीओ) देवेन्द्र जांगिड़ से 71 लाख रुपए लूटने के मामले में लूटेरों की मदद करने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। साथ ही लूटी गई रकम में से 48 लाख 90 हजार रुपए और कार को जब्त की है। वहीं लूट की वारदात करने वाले फिलहाल पुलिस की पकड से दूर है जिनकी पुलिस सम्भावित ठिकानों पर दबिश मार रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने सीकर के रहने वाले ग्राम विकास अधिकारी (बीडीओ) देवेन्द्र जांगिड़ के साथ 71 लाख रुपए की लूट मामले में लूट की रकम को ठिकाने लगाने वाले गोपाल जाट, बद्रीनारायण चौधरी और संजय जाट को गिरफतार किया है और तीनों ही दूदू जिले के रहने वाले है। वहीं लूटपाट करने वाले लुटेरे सुरेन्द्र, रवि पंडित, राम सिंह गोरा सहित अन्य की अन्य तलाश की जा रही है।

गिरफ्तारी के बाद गोपाल लाल जाट ने बताया कि सुरेन्द्र, रवि पंडित, राम सिंह गोरा अन्य ने रुपए उसके अलावा उसके गांव में साडू रामेश्वर के लड़के संजय को दिए हैं। साथ ही मेरे साले बद्रीनारायण चौधरी को भी छिपाने के लिए बुला कर दिए थे। तब उसका साला ब्रदी नारायण व साडू का लड़का संजय भी मोटरसाईकिल से उनके घर आकर रुपए लेकर गए थे। रुपए उनको प्लास्टिक के कट्टे में दिए थे। रुपए कितने थे, उसकी जानकारी में नहीं है।



मुहाना थाना पुलिस ने सीकर के ग्राम विकास अधिकारी से 71 लाख रु. लूटने वाले बदमाशों के 3 साथियों को गिरफ्तार किया।

इस सूचना पर तत्काल अलग से टीमों को आरोपी बद्री व संजय को पकड़ने के लिए भेजा गया। बदमाश गांव में नहीं मिले। कुछ देर बाद जानकारी मिली की यह लोग नारायण विहार के आसपास हैं। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर के संजय को पकड़ा। संजय ने बताया कि उनको पैसा देने के लिए सुरेन्द्र ने बुलाया था। इसके बाद बद्रीनारायण को भी गिरफ्तार किया गया।

गौरतलब है कि पीड़ित देवेन्द्र ने बुधवार शाम 6.05 बजे रिश्तेदार के घर आया हुआ था। रिश्तेदार के घर से जैसे ही 200 मीटर दूर गए। काले रंग की स्कॉर्पियो कार में आए बदमाशों ने हमला कर रुपये लूट कर ले गए थे। वहीं घटना के बाद कई टीमें बनाई गईं। सारी टीमों को अलग-अलग टास्क देकर काम पर लगा दिया। पुलिस की टीमों ने करीब 120 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। इस पर यह पता चला कि कार का मालिक गोपाल जाट है। जो मुंगथला जिला दूदू का रहने वाला है। सीसीटीवी से पता चल गया की बदमाश वारदात के बाद फागी रोड की तरफ भागे हैं। इस पर टीम फागी पहुंची, लेकिन पता चला कि गोपाल जाट कार लेकर निकल चुका है। इस पर पुलिस टीम ने आसपास सर्च करना शुरू किया। रात 12 बजे पुलिस को जानकारी मिली की गोपाल जाट जयपुर की ओर जा रहा है। वह टीलावाला से होते हुए निकलेगा। टीम टीलावाला पहुंची। गोपाल जाट को पकड़ा। गोपाल जाट ने बताया कि उसका बेटा सुरेन्द्र, बेटे का दोस्त रवि पंडित, राम सिंह गोरा और कुछ लड़के गाड़ी में बैठकर घर आए थे। उन्होंने कहा कि 71 लाख रुपए की लूट की है। इन लोगों ने कुछ रुपए गाड़ी को छिपाने के लिए दिए।

# पिस्टल की नोंक पर दो महिलाओं से 15 लाख रुपए लूट ले गए बदमाश

## सी-स्कीम स्थित केसरी भवन बिल्डिंग में दिनदहाड़े हुई वारदात

- पुलिस की कड़ी नाकाबंदी के बावजूद भी बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग पाया

**जयपुर** (कासं)। सी-स्कीम के पॉश इलाके में डीयर पार्क के सामने स्थित केसरी भवन बिल्डिंग में दो महिलाओं को पिस्टल दिखाकर बदमाश 15 लाख रुपए लूट ले गए। घटना की सूचना मिलने पर अशोक नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी खंगाले गए। पुलिस बिल्डिंग में कार्यरत स्टाफ की भूमिका संदिग्ध मानते हुए उनसे भी पूछताछ करने में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम करीब साढ़े 5 बजे दो बदमाश बाइक पर आए। केसरी भवन बिल्डिंग में स्थित कार्यालय में पहुंचे। यह कार्यालय इसी बिल्डिंग के मालिक डॉक्टर के.सी. चौधरी का है। इस बिल्डिंग में 10 से ज्यादा ऑफिस चलते हैं। दोनों बदमाशों ने ऑफिस में मौजूद दो महिलाओं को पिस्टल दिखाई। चुप रहने के लिए कहा।

बदमाशों ने दोनों महिलाओं को धमकाया कि अगर आवाज की तो गोली मार देंगे। इस पर महिलाएं चुपचाप अपनी जगह बैठ गई। इसके बाद बदमाशों ने दराज में रखी हुई लॉकर की चाबी निकाली। लॉकर में रखे हुए 15 लाख रुपए लूट कर भाग गए। बदमाशों के जाने के बाद महिलाओं ने ऑफिस के मालिक को जानकारी दी। फिर पुलिस को मौके पर बुलाया। मौके पर पहुंचे डीसीपी साउथ ने आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाने के निर्देश दिए हैं। वहीं, शहर में नाकेबंदी लगाई गई है। बाइक सवार बदमाशों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार दोनों बदमाशों ने चेहरे पर मास्क लगा रखा था। पुलिस इलाके में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। डीसीपी ने बताया कि के.सी. चौधरी ने बिल्डिंग की मेंटेनेंस और पैसे के हिसाब के लिए छोटा ऑफिस खोल रखा है। दोनों महिलाओं के बयान लिए जा रहे हैं। बिल्डिंग मालिक सूरत में है। उन्हें जानकारी दे दी है। इस बिल्डिंग में 10 से ज्यादा ऑफिस संचालित हैं।

# एस.के.आई.टी. में आर्थिक मुद्दों पर चर्चा

**जयपुर** (कासं)। स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एवं ग्रामोथान के मैनेजमेंट स्टडीज़ विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के पहले दिन चीफ गेस्ट प्रोफेसर राकेश मोहन जोशी, भारतीय प्लांटेशन एवं प्रबंधन संस्थान बेंगलुरु के निदेशक, ने विभिन्न आर्थिक मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा किया।



इस संगोष्ठी मे अन्य अतिथियों ने भागीदारी ली, जिसमें सर्वप्रथम अर्थशास्त्र विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एस.एस. सोमरा ने अपने विशेष विचारों को साझा किया। विशेषज्ञ अनुराग विजय, एस डीएम मार्केटिंग, महिंद्रा लाइफ स्पेस डेवलपर्स ने समृद्धि और प्रबंधन के क्षेत्र में अपने अनुभवों को साझा किया । इस अवसर पर स्विट्जरलैंड से एक्सपर्ट नरेन प्रसाद, इंटरनेशनल लेबर डायरेक्टर आईएलओ, रिसर्च डिपार्टमेंट ने ऑनलाइन जुड़कर विचार-विमर्श किया। उन्होंने आर्थिक स्थिरता और उद्यिमता के मामले पर अपने दृष्टिकोण को साझा किया। इस सम्मेलन ने व्यावसायिक प्रबंधन, आर्थिक विकास, और मानव संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में नई दिशाएँ स्थापित करने का मंच प्रदान किया। इस अवसर पर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर श्री जयपाल मिल, डायरेक्टर (एकेडमिक्स) डॉ.एस एल सुराणा, विभागाध्यक्ष डॉ ओना लड़ीवाल, डॉ मुकेश अरोड़ा, पुनीत शर्मा भी उपस्थित रहे। इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के समन्वयक डॉ. अतुल गुप्ता एवं डॉ. सविता चौधरी रहे।

# कारोबारी से वाट्सअप कॉल पर 37 लाख रु.रंगदारी मांगी

- फोनकर्ता ने खुद को गैंगस्टर रोहित गोदारा बताते हुए यह रकम देने का दबाव बनाया
- पीड़ित ने शिकायत पर पुलिस ने एक आरोपी दलीप सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा है

**जयपुर** (कासं)। वैशाली नगर थाना इलाके में एक कारोबारी को वाट्सअप कॉल कर जान से मारने की धमकी देकर गैंगस्टर रोहित गोदारा ने 37 लाख की रंगदारी मांगी है। इसके साथ ही अजमेर जेल में बंद सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारे ने भी कारोबारी को कॉल कर धमकाया। करीब 10 दिन पहले दर्ज मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले के आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि झोटवाड़ा निवासी 35 साल के कारोबारी ने मामला दर्ज करवाया कि उनकी कंपनी का वैशाली नगर में ऑफिस है। गत 29 फरवरी को व्हाट्सअप नंबर पर इंटरनेशनल मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि रोहित गोदारा बोल रहा हूं। तेरा किसी दलीप सिंह से पैसे का लेन-देन है। दलीप हमारा आदमी है, इसलिए अगर तुझे जिंदा रहना है तो 3 दिन के अंदर 37 लाख रुपए हमारे लिए दे दे। दलीप भाई का जो पैसा है वो दे देना। नहीं तो वैशाली नगर में ऑफिस आकर तुझे उडा देंगे।

गत 11 मार्च को दोबारा इंटरनेशनल मोबाइल नंबर से व्हाट्सअप कॉल आया। कॉल उठाते ही गैंगस्टर रोहित गोदारा गाली-गलौच करने लगा। इसी दिन इंटरनेशनल मोबाइल नंबर से कारोबारी के पास एक और कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि वह रोहित राठौड़ बोल रहा है, जिसने गोगामेडी को मारा था। मैं अभी जेल से ही बोल रहा हूं। रोहित भाई ने तेरा नंबर दिया है। तू पैसे का इंतजाम कर। मुझे जेल में मेरे लिए अभी फोन लेना है, नहीं तो अंजाम तो तुझे पता ही होगा। इसके बाद 16 मार्च की रात और 6 अप्रैल की रात धमकी देकर रुपयों की मांग की गई। इसके बाद 12 अप्रैल को दलीप सिंह अपने साथी के साथ ऑफिस आ गया। धमकी देकर गए। इससे परेशान होकर पीडित ने पुलिस की शरण ली। इस मामले में दलीप सिंह निवासी झुंझनूं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया था कि साल 2022 में पीड़ित बिजनेसमैन और दलीप सिंह ने पार्टनरशिप में बिजनेस शुरू किया था। बिजनेस में 11-12 लाख रुपए दलीप ने लगाने के बाद पार्टनरशिप छोड़ दी थी। उन रुपयों की डिमांड को लेकर दलीप की ओर से धमकाना शुरू कर दिया था।

# निर्माणाधीन मकान की छत गिरी, छह मजदूर मलबे में दबने से घायल हुए

## परकोटे में घोसियों के रास्ते स्थित एक मकान में तीसरी मंजिल की छत डालने के दौरान हुआ हादसा

**जयपुर** । चारदीवारी में तय नियमों के विरुद्ध अवैध निर्माण जारी है। नगर निगम अवैध निर्माण को रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। बुधवार को घोसियों के रास्ते में एक निर्माणाधीन मकान की छत भरभरा कर गिर गई। हादसे में वहां पर काम कर रहे 6 मजदूर मलबे में दबने से घायल हो गए। हादसे के बाद ठेकेदार और मकान मालिक मौके से फरार हो गए। हादसे की सूचना पर रामगंज थाना पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उनका उपचार जारी है।

पुलिस के अनुसार घोसियों के रास्ते में एक मकान में तीसरी मंजिल की छत डालने का काम चल रहा था। दोपहर करीब ढाई बजे अचानक मकान की छत भरभरा कर गिर गई। इससे वहां पर काम कर रहे 6 मजदूर मलबे में दब गए। खास बात यह है कि दूसरी मंजिल की छत 10 पहले ही डाली गई थी। हादसे में तीसरी के धमाके से 10 दिन पहले डाली गई दूसरी मंजिल की छत भी गिर गई।

पुलिस ने बताया कि निर्माणाधीन मकान पर छत डालने के दौरान अचानक वह गिर गई। हादसे में 6 मजदूर घायल हो गए। इस मामले में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। घायल मजदूरों के बयान लेकर मकान मालिक और ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। हादसे में 31 वर्षीय जिशान निवासी बरेली यूपी, हाल शिकारियों की मोरी रामगंज, 31 वर्षीय जैनू पुत्र इमामुद्दीन निवासी गंगापोल, 30 वर्षीय रिजवान निवासी साबिर कॉलोनी गंगापोल, कलाम निवासी बिहार हाल शिकारियों की मोरी रामगंज, 32 वर्षीय रघुवीर निवासी पापड नौनपुरा जमवारामगढ़ सहित एक अन्य घायल हो गए। हादसे के दौरान सभी मजदूर छत के ऊपर थे इस कारण किसी की जान नहीं गई। हादसे के समय मकान की छत डालने का काम लगभग पूरा हो चुका था। मजदूर छत को फिनिंश कर रहे थे कि अचानक छत गिर गई।

# अफीम का दूध बेच रहा तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर** । हरमाड़ा थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर पश्चिम (डीएसटी) ने अफीम का दूध बेच रहे तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर 19 वर्षीय कुलदीप डूडी के पास से पुलिस को पौने दो किलो अवैध मादक पदार्थ मिला है। जो जयपुर में डिलीवरी करने की फिराक में घूम रहा था।

डीसीपी पश्चिम अमित बुढानिया ने बताया कि जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने मादक पदार्थ बेचने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चला रखा है। मादक पदार्थ की जानकारी मिलने पर टीम एक्टिव होती है। 23 अप्रेल को सूचना मिली थी कि एक लड़का जेडीए तिराहा से बालाजी कॉलेज जाने वाली रोड के पास भारी मात्रा में अफीम का दूध लेकर बेचने की फिराक में घूम रहा है। हरमाड़ा थाने की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। जेडीए तिराहा से बालाजी कॉलेज जाने वाली रोड के पास खाली जगह पर एक संदिग्ध व्यक्ति को रोकना चाहा तो वह भागने लगा। पुलिस ने घेरकर आरोपी को पकड़ लिया। बदमाश के कब्जे से 1 किलो 725 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम का दूध मिला। इसे आरोपी सप्लाई करने की फिराक में घूम रहा था। आरोपी कुलदीप ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह यह अवैध मादक पदार्थ अफीम का दूध अपने फूफा सुरेन्द्र सिंह जाखड़ से लेकर आया है।

# 'शिक्षा में गुणवत्ता व समय सीमा पर फोकस करें'

**जयपुर** । राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् अविचल चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता एवं कार्यों की समय सीमा का ध्यान रखें तथा शिक्षा निदेशालय सहित अन्य प्रकोष्ठों से समन्वय से कार्य करें। चतुर्वेदी बुधवार को शिक्षा संकुल में समग्र शिक्षा एवं स्टार्स परियोजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने समय पर कार्यालयों में उपस्थित होने तथा ई-फाइल समय पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी पत्रावली बिना कारण के लम्बित नहीं रहे। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान नवाचार एवं कमजोर पक्ष की भी रिपोर्ट करें। विद्यार्थी डायरी की गुणवत्ता ठीक हो तथा समय पर वितरण सुनिश्चित करें। विद्यालयों में खेल सामग्री की भी खरीद मॉनिटरिंग करें। शिक्षकों के क्षमता संवर्द्धन व प्रशिक्षण के लिए आर.ई.आई. पार्टनर्स के साथ समन्वय स्थापित कर संसाधन बढ़ाएं जाए।

## सार-समाचार

### डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग शुरू

**जयपुर** । मेडिकोज सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में अक्षत चतुर्थ संस्करण डॉक्टर प्रीमियर टेनिस लीग का शुभारम्भ जय क्लब में हुआ। लीग ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन ने बताया कि उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि जय क्लब के अध्यक्ष रामशरण गुप्ता थे व गेस्ट ऑफ़ ऑनर जय क्लब के उपाध्यक्ष डॉ. जी. एल. शर्मा व क्लब सचिव मनोज दासोत थे। समारोह के विशिष्ठ अतिथि जय क्लब के राजीव नागोरी, अनिल शर्मा, संजय अजमेरा व पंकज भाला थे। लीग को-चेयरमेन डॉ. हरीश भारद्वाज बताया कि समारोह में अतिथियों का स्वागत लीग पैट्रन डॉ. संदीप निझावन, लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन व आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने किया। इस अवसर पर आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पाँच दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 31 मैच होंगे। उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि रामशरण ने इस प्रतियोगिता की आयोजक मेडिकोज़ सोश्यल एंड वेलफेयर सोसायटी व उनके पदाधिकारियों की सराहना की। प्रतियोगिता की शुरुआत क्लब के उपाध्यक्ष डॉ. जी.एल. शर्मा व सचिव मनोज दासोत ने लीग पैट्रन डॉ संदीप निझावन व लीग चेयरमैन डॉ जयंत सेन के साथ डबल्स मैच के साथ की। उदघाटन समारोह में डॉ. हरीश भारद्वाज, डॉ. राकेश थापर, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. सचिन खट्टर, डॉ. सुधांशु, डॉ. दीपाली पाठक, डॉ. उमेश केडिया डॉ. संकल्प अवस्थी आदि उपस्थित रहे। चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. सचिन खट्टर ने बताया कि उदघाटन सत्र में हुए मैचेस में मलंग केटेगरी में डॉ. सुनिल दत्त ने डॉ.विशाल को 6-3 से हराया। मिक्स्ड डबल्स में डॉ. सुनील व डॉ. हिमाक्षी ने डॉ. राहुल व डॉ. अवनी को 6-1 से हराया। दबंग सिंगल कैटेगिरी में डॉ. आई.डी. ने डॉ. अमन को 6-2 से हराया।

### शानू गुप्ता को पी.एच.डी. की उपाधि



**जयपुर** । शारदा यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा(उप्र) की स्टूडेंट शानू गुप्ता (जयपुर) को टेलीविजन कॉन्टेंट एंड यूजर बिहैवियर एनालिसिस विद् रेफेरेंस टू ओटीटी वीडियो स्ट्रिमिंग प्लेटफॉर्म्स इन इंडिया विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। इन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. रानू तोमर के निर्देशन में पूरा किया है।

### महासंघ ने किया आरोपों का खंडन

**जयपुर** । कर्मचारी महासंघ ने सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो में प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ पर लगाए गए आरोपों का खंडन किया है। महासंघ के पदाधिकारी कुलदीप यादव, राजेश पारीक, देवेंद्र सिंह नरूका, राजेंद्र शर्मा, सुरेश शर्मा, सर्वेश्वर शर्मा, बहादुर सिंह, ओम प्रकाश चौधरी आदि ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए सरकार से मामले में कार्रवाई की जाने की मांग की है। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि राजस्थान के प्रमुख कर्मचारी संगठन अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ को निशाना बनाया गया और किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बनाए गए एक वीडियो में उनको नशीली दवाओं का तस्कर बताते हुए देश द्रोही बताया गया है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने इसका खंडन करते हुए इसकी घोर निंदा की है। उन्होंने पुलिस एवं सरकार से इसकी जांच करवा कर दोषी व्यक्ति को कड़े से कड़ा दंड देने की मांग की है।

### चलती कार में आग लगने से हड़कंप

**जयपुर** । सोडाला इलाके में बुधवार को चलती कार में आग लगने से सनसनी फैल गई। कार सवार तीन लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। करीब 20 मिनट में आग पर काबू किया गया। घटना सदर थाना इलाके में स्थित पेट्रोल पंप और हनुमान मंदिर के सामने की है। कार जयपुर की ही बताई जा रही है। स्थानीय निवासी विशाल शर्मा ने बताया कि यह कार सोडाला से अजमेर रोड की तरफ जो रही थी। अचानक कार में धुआं निकला इस पर कार चालक ने कार धीरे की। अचानकर कार ने आग पकड़ ली। कार पूरी तरह से रुकती उस से पहले आग फैलने लग गई। इसे देख कार सवार तीन लोग चलती कार से उतर गए।

### 10 दिन में दूसरी बार बस का शीशा फोड़ा

**जयपुर** । जालूपुरा इलाके में मंगलवार रात चलती बस पर पथराव कर शीशे तोड़ने का मामला सामने आया है। फ्री टिकट नहीं देने पर 10 दिन में दूसरी बार बस पर हमला किया गया है। हमले में बस कंडक्टर का सिर फूट गया और 4 टांके आए हैं। पुलिस घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने बताया कि सुभाष चौक निवासी विनीत गोयल (45) ने मामला दर्ज करवाया कि वह गोयल ट्रेवल्स के ऑनर है और मोतीलाल अटल रोड पर उनका गोयल ट्रेवल्स के नाम से ऑफिस है। मंगलवार रात करीब 8 बजे उनकी बस राजपूत हॉस्टल के सामने से जा रही थी। इसी दौरान चलती बस पर लड़कों ने अचानक पथराव कर दिया और शीशे तोड़ दिए। पथराव के दौरान एक पत्थर बस कंडक्टर के सिर में आकर लगा। लहूलुहान हालत में कंडक्टर को हॉस्पिटल पहुंचाया।

# बिल्डर से 50 लाख रु.मांगने वाली गैंग को पुलिस ने दबोचा

**जयपुर** । मानसरोवर पुलिस ने बिल्डर को वॉट्सऐप कॉल कर 50 लाख रुपए की मांग करने वाली गैंग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 15 अप्रैल को बिल्डर योगेश सैनी के मोबाइल पर वॉट्सऐप कॉल आया था। इसमें बदमाशों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। 50 लाख रुपए की मांग की थी। इस पर पीड़ित ने मानसरोवर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी।

इस मामले में साइबर सेल के कॉन्स्टेबल राकेश ने वर्चुअल नंबर के आईपी एड्रेस को ट्रेस किया। वर्चुअल नंबर में जिस आईपी एड्रेस पर उपयोग किया गया। उस मोबाइल की सिम की लोकेशन ट्रेस की गई। जो हिमाचल प्रदेश के शिमला की थी। जिस पर एएसआई रामवीर और उनकी टीम को शिमला रवाना किया गया। यहां से आरोपी ऋषभ शर्मा निवासी जबलपुर मध्यप्रदेश , उसके सहयोगी शिवम जांगिड़ (22) इस्लामपुर झुंझुनूं, दीपक कुमार आल्हा (21) निवासी झुंझुनूं को पकड़ा गया। एक अन्य आरोपी विंकल अरोड़ा मूलतः श्रीगंगानगर का रहने वाला जो कि वर्तमान मानसरोवर में रह रहा था, को भी पकड़ा है। चारों बदमाशों ने अपना गुनाह कबूल किया। ऋषभ शर्मा मध्यप्रदेश के गोसलपुरा में फायरिंग का भी आरोपी है। पूछताछ में सामने आया कि ये गैंग फर्जी सिम लेकर जयपुर के बिजनेसमैन की धमकी दे रही थी। ऋषभ शर्मा पीड़ित बिल्डर का पार्टनर भी रही चुका है, वह फायरिंग के मामले फरार है। जो जयपुर में अन्य आरोपी राज सिसोदिया, विंकल अरोड़ा के पास रहकर फरारी काट रहा था। इन्होंने ही पूरी प्लानिंग तैयार की।


# गांधी नगर रेलवे स्टेशन की पार्किंग में अवैध वसूली करने वाला दूसरा सफाईकर्मी भी सस्पैंड


## दुपहिया वाहन चालक से 30 रु. के बजाय 80 रु. का शुल्क खुद के बैंक खाते में ट्रांसफर कराया था

- ग्रेटर नगर निगम आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने अवैध पार्किंग शुल्क वसूली मामले में दूसरे दिन भी सख्त एक्शन लिया
- मालवीय नगर जोन के अधिकारी ही सफाईकर्मियों से संचालित करवा रहे हैं गांधी नगर रेलवे स्टेशन के बाहर पार्किंग

**जयपुर** (कासं)। गांधी नगर रेलवे स्टेशन की पार्किंग में वाहन चालकों से 'अवैध वसूली' करने वाले दूसरे सफाईकर्मी नीतेश महारिया को भी ग्रेटर निगम आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने निलंबित (सस्पैंड) कर दिया है। मालवीय नगर जोन में कार्यरत सफाईकर्मी नीतेश को इन दिनों गांधी नगर रेलवे स्टेशन की पार्किंग में रात्रिकालीन व्यवस्था में लगाया हुआ था। उसे मंगलवार रात एक दुपहिया वाहन चालक से 30 रु. शुल्क के बजाय सीधे 80 रु. वसूलकर यह रकम अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करवाई थी। जैसे ही इसकी शिकायत आयुक्त रूकमणि रियाड़ तक पहुंची तो उन्होंने तुरंत एक्शन लेते हुए सफाई कर्मचारी नीतेश महारिया को सस्पैंड कर दिया। इससे पहले मंगलवार शाम को भी इसी पार्किंग स्थल पर कार्यरत सफाईकर्मी रमेश कुमार मीणा को भी इसी तरह तय पार्किंग शुल्क से ज्यादा रकम अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करवाने पर सस्पैंड दिया गया था। इन दोनों सफाईकर्मियों की हिम्मत इतनी बढ़ी हुई थी कि तय पार्किंग शुल्क से ज्यादा रकम वसूलकर उसकी बाकायदा पर्चियां काटकर भी दे रहे थे। करीब 70 फीसदी लोगों को तो रसीदें भी नहीं दी जा रही थी।

सूत्रों की मानें तो जनवरी-2024 से गांधी नगर रेलवे स्टेशन के बाहर नगर निगम की पार्किंग को मालवीय नगर जोन के अधिकारी संचालित कर रहे हैं। यहां दिन और रात की शिफ्ट में दो सफाईकर्मियों रमेश कुमार मीणा और नीतेश महारिया को पार्किंग संचालन के लिए लगा रखा था। दोनों ही कर्मचारी हर रोज सिर्फ




1500 से 2200 रुपये ही निगम कोष में जमा करवा रहे हैं, जबकि तय शुल्क से ज्यादा रकम आमजन से वसूलकर प्रतिदिन करीब 6 से 8 हजार रु. नकद और ऑनलाइन मोड से लेकर खुद हड़प रहे थे।

मंगलवार शाम को जैसे ही गांधी नगर स्टेशन पर पार्किंग स्थल पर तैनात मालवीय नगर जोन के सफाई कर्मचारी रमेश कुमार मीणा की अवैध वसूली का वीडियो ग्रेटर निगम आयुक्त रूकमणि रियाड़ के पास पहुंचा तो उन्होंने तुरंत एक्शन लेते हुए सफाईकर्मी को निलंबित कर दिया। इस संबंध में 23 अप्रेल की शाम को आदेश जारी हुआ।

इसके बाद 23 अप्रेल की रात को जब एक दुपहिया वाहन चालक अपनी गाड़ी इस पार्किंग स्थल पर 12 से 24 घंटे के लिए खड़ी करने पहुंचा तो रात्रिकालीन ड्यूटी पर तैनात नीतेश महारिया ने उससे 30 रुपये के बजाय 80 रु. का शुल्क वसूला और यह रकम अपने "क्यू आर कोड" पर लेकर रकम अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करवा ली। इसके बदले वाहन चालक को बाकायदा पर्ची दी गई, जिस पर 80 रु. जमा भी लिखा। यह पर्चियां और अवैध वसूली की जानकारी जैसे ही बुधवार सुबह आयुक्त रूकमणि रियाड़ के पास पहुंची तो उन्होंने तुरंत एक्शन लेते हुए सफाईकर्मी नीतेश महारिया को भी सस्पैंड कर दिया।

इस अवैध वसूली गिरोह का खुलासा होने के बाद ग्रेटर निगम प्रशासन पूरी पारदर्शिता के साथ गांधी नगर रेलवे स्टेशन की पार्किंग का संचालन करवाने की तैयारी में जुटा है। इसके लिए 2-2 घंटे के अंतराल से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने और अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने, पार्किंग शुल्क संग्रहण में पारदर्शिता लाने के लिए प्लान बनाया जा रहा है।

गौरतलब है कि गांधी नगर स्टेशन की पार्किंग को पूर्व में ग्रेटर नगर निगम प्रशासन ने ठेके पर करीब 10 लाख रु. में ई-ऑक्शन के जरिए मैसर्स रितुराज एसोसिएट्स को दे रखा था। एक वर्ष तक पार्किंग संचालित करने के बाद ठेकेदार ने नियमों के मुताबिक 10 प्रतिशत ज्यादा शुल्क पर इसका कार्यकाल एक वर्ष अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन किया, लेकिन अधिकारियों ने इसके लिए मना कर दिया। इसके बाद ठेकेदार ने राजस्थान उच्च न्यायालय में पहुंचा और नगर निगम प्रशासन को चुनौती देते हुए इस पार्किंग के ई-ऑक्शन पर जनवरी 2024 में स्टे ले लिया। तब से यह पार्किंग मालवीय नगर जोन के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा संचालित की जा रही है। सूत्रों की मानें तो गांधी नगर स्टेशन की पार्किंग में हर रोज करीब 8 से 10 हजार रुपये की आय होती है, लेकिन इन कर्मचारियों द्वारा नगर निगम में हर रोज 1500 से 2200 रुपये तक ही जमा करवाये जा रहे हैं।

# यह चुनाव कार्यकर्ताओं की परीक्षा की घड़ी है, हर हाल में सफल होना है : भजनलाल

## भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है , जिसके सामान्य कार्यकर्ता को भी पूरा सम्मान दिया जाता है : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। दूसरे चरण के मतदान को लेकर बुधवार को चुनाव प्रचार का आखरी दिन था, भाजपा ने जहां प्रचार में अपना पूरा दमखम झोंक दिया तो वहीं कांग्रेस ने बिना किसी बड़ी सभा या रोड़ शो के जनता तक अपनी बात पहुंचने के लिए घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं को रिझाने की कोशिश की है। भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन ने सीएम भजन लाल ने विजय बूथ संकल्प कार्यक्रम को संबोधित किया और पूर्ववर्ती गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सबका अलग-अलग दायित्व है और इन्हें हमें जिम्मेदारी के साथ निभाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है, जिसके सामान्य कार्यकर्ता को भी पूरा सम्मान दिया जाता है। हमारा सिस्टम इस तरह है कि पन्द्रह मिनट के अन्तराल में जिले की सूचना बूथ स्तर तक पहुंच जाती है। ऐसी सुविधा और कहीं नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यकर्ताओं की परीक्षा की घड़ी है, इसमें हर हाल में सफल होना है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की पहचान अपने अपने क्षेत्र में होती है और इसी का फायदा पार्टी को मिलता है। चुनाव के समय की चर्चा करते हुए सीएम शर्मा ने स्कूली छात्र का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले टेस्ट और फिर उस पर मिलने वाले नम्बर



भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन ने सीएम भजनलाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

पर चर्चा होती है और अगर नम्बर कम आते हैं तो परिजन ध्यान देते हैं और कहते हैं कि कोई कमजोरी तो नहीं है और जैसे-जैसे पेपर आते हैं उसकी स्थिति बदल जाती है। बेटा कहता है मां से आज मेरी परीक्षा है मुझे जल्दी उठा देना मुझे तैयारी करनी है। उसे चिंता होती परीक्षा में पास होने की। उन्होंने कहा कि मैं यही आपसे कहना चाहता हूं कि बालक जिस तरह परीक्षा देता है। चुनाव के समय कार्यकर्ताओं की भी यही परीक्षा है।

उन्होंने कहा कि आपके पास मात्र 36 घंटे शेष है हमें हमारे बूथ, शक्ति केन्द्र को भी देखना है। कार्यकर्ताओं को देखना है कि कहां से वोट निकालना है कहां कमी है उसे पूरी करनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि अपने बूथ की मजबूती के लिए उन्हें तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें हर बूथ से ज्यादा वोटों से जीतना है। हम ऐसी पार्टी के कार्यकर्ता है जो समर्पण से काम करते हैं और हम हर बूथ, विधानसभा व मण्डल में जीतने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हमें चुनाव के दिन पांच बजे जगना है और जिम्मेदारी से काम कर वोट डलवाना है। उन्होंने कहा कि हमारी सबसे बड़ी शक्ति बूथ और शक्ति केन्द्र का अध्यक्ष है और इसकी पहचान पूरे गांव में होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि अगर वह मजबूती से काम करेंगे तो आप भी मंच पर बैठने वाले है और नेता बनने वाले हैं।

उन्होंने खासकर महिला कार्यकर्ताओं की परेशानियों की भी चर्चा की। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि पार्टी को सब पता है कि कौन काम कर रहा है और कौन नहीं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता की ताकत ही पार्टी की ताकत है। उन्होंने कहा कि हम सत्ता में बैठे है और कार्यकर्ताओं के दुख-सुख को सुनते हैं। उन्होंने केन्द्रीय नेतृत्व की चर्चा करते हुए कहा कि हमारे नेतृत्व पर किसी ने अंगुली नहीं उठाई है।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित अन्य भाजपा नेताओं व पार्टी प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल ने भाजपा को जिताने की अपील की

विकास की बात हो या देश की सुरक्षा की बात हो। हमारा नेतृत्व सक्षम है। सीएम शर्मा ने किसान सम्मान निधि और फसल खरीद की कीमत बढ़ाने की भी चर्चा की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाने और पेंशन में वृद्धि की चर्चा की।

उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस की तरह घोषणाएं नहीं करते है, हम काम करके दिखाते है। उन्होंने कहा की हमने एस आई टी का गठन करके पेपर खरीदने वालो को तो जेल में डाल दिया है अब पेपर बेचने वालो की बारी है। सम्मेलन के दौरान सीएम शर्मा ने जिला संगठन की दैनिक डायरी का भी विमोचन किया। अपने संबोधन के दौरान साउंड सिस्टम में गड़बड़ी को लेकर सीएम ने जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा को फटकार लगाते हुए भविष्य में व्यवस्थाओं में सुधार की भी नसीहत दी। इस मौके पर पार्टी प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल और अन्य भाजपा नेताओं ने भी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया और 26 अप्रैल को भाजपा को जिताने की अपील की।

# डंपर से भिड़ी स्कॉर्पियो, परिवार के पांच लोगों की मौत

## मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल, नागौर के हरनावा रानाबाई मंदिर जा रहा था परिवार



हरसौर गांव में किसान तिराहे पर हुये हादसे में स्कॉर्पियो कार चकनाचूर हो गई।

**नागौर,** (निसं)। जिले हरसौर में डंपर ने स्कॉर्पियो कार को टक्कर मार दी। हादसे में तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, पांच लोग घायल हो गए। घायलों का जयपुर और अजमेर के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। हादसा बुधवार दोपहर 2 बजे नागौर में डेगाना उपखंड के हरसौर गांव में किसान तिराहे पर हुआ।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो में जोधपुर के भोपालगढ़ में रिजनाली गांव के रहने वाले 10 लोग सवार थे। ड्राइवर के अलावा सभी एक ही परिवार के थे। ये लोग भोपालगढ़ से नागौर के परबतसर स्थित गांव हरनावा में रानाबाई मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। घायल बच्चे वीरेंद्र को अजमेर के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जानकारी के अनुसार, कार में सवार तीन बच्चों, एक

- हादसे में पांच लोग घायल, घायलों का जयपुर और अजमेर के अस्पतालों में इलाज जारी

महिला और एक युवक की मौत हुई है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों और शवों को कार से बाहर निकाला। घायलों में कार के ड्राइवर और उसके बगल वाली सीट पर बैठे व्यक्ति की हालत गंभीर थी, जिन्हें जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया। अन्य घायलों को अजमेर के जिला अस्पताल ले जाया गया।

मौके पर पहुंचे डेगाना डीएसपी रामेश्वर सहारण ने बताया कि सभी शवों को हरसौर सीएचसी की मॉर्च्यूरी में रखवाया है। परिवार के लोग सूचना पर अस्पताल पहुंचे। परिजन मुख्यमंत्री सहायता कोष से मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। डंपर चालक मौके से फरार हो गया। उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने डंपर जब्त कर लिया है।

ड्राइवर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि इस तिराहे पर कई हादसे हो चुके हैं। स्कॉर्पियो में भागीरथ, उसकी पत्नी धनकी (20), खेराज, उसका बेटा वीरेंद्र (6), लीला (24) पत्नी खेमजी, 2 साल का बच्चा, छोटूराम पुत्र बऊजी (20) समेत 10 लोग थे। खेराज की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में स्कॉर्पियो सामने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। देवासी परिवार के सदस्यों की सड़क हादसे में मौत की सूचना रजलानी गांव पहुंची तो गांव में देवासियों की ढाणी में कोहराम मच गया।

# पेपर देकर लौट रही नाबालिग से गैंगरेप

**बीकानेर,** (निसं)। स्कूल से पेपर देकर लौट रही नाबालिग छात्रा को उठा ले जाने और उसके साथ गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया गया है। आरोपी फरार है। फिलहाल दोनों आरोपियों की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार लूणकरणसर के एक गांव में रहने वाली 9वीं कक्षा की छात्रा सोमवार को पेपर देने कस्बे के सरकारी स्कूल गई थी। स्कूल से घर लौटने के दौरान दो युवक उसे जबरन उठा ले गए और सुनसान जगह गैंगरेप किया। वारदात के बाद दोनों युवक छात्रा को छोड़कर फरार हो गए। तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। छात्रा ने अपने पर्चा बयान में पुलिस को बताया है कि पेपर देने के बाद वह गांव जाने के लिए बस स्टैंड गई थी। उसके गांव का रहने वाला रणजीत उर्फ बबलू व एक अन्य युवक बाइक लेकर वहां पहुंचे और जबरन उठा ले गए। उसे बीकानेर रोड पर सुनसान जगह ले गए और जबरन शराब पिलाकर गैंगरेप किया। वारदात के बाद दोनों युवक उसे छोड़कर फरार हो गए। वहां एक दुकानदार ने छात्रा को बदहवास हालत में देखा और अस्पताल में भर्ती कराया। एसएचओ गणेश कुमार ने बताया कि दोनों आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है। पीडिता का मेडिकल मुआयना कराया गया है। उसके पर्चा बयान पर गैंगरेप और पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज किया है जिसकी जांच सीओ लूणकरणसर नरेन्द्र पूनिया करेंगे।

# जेल में कैदी ने सुसाइड किया

**अलवर,** (निसं)। अलवर सेंट्रल जेल में बुधवार सुबह एक कैदी ने सुसाइड कर लिया। कैदी ने मरने से पहले पिता से फोन पर बात की थी। इसके बाद बाथरूम में फंदे पर लटक गया। वह पॉक्सो एक्ट में सजा काट रहा था। वहीं मृतक के पिता ने मर्डर का आरोप लगाया है।

जेल अधीक्षक शिवेंद्र शर्मा ने बताया कि खैरथल निवासी धीरेंद्र (21) पुत्र रमेश चंद पॉक्सो मामले में 10 जनवरी से जेल में सजा काट रहा था। जेल के बाथरूम की सफाई करने गए एक कैदी ने उसे नल से लटके देखा। कैदी जूतों के फीते से फंदा लगाकर लटका हुआ था। सूचना पर स्टाफ पहुंचा और फंदे से उतारा। घटना के बाद मृतक के पिता का कहना है कि उसका जेल में मर्डर कराया गया है। पहले पॉक्सो में भी उसे फंसाया गया था। इस मामले की जांच होने पर सब सामने आ जाएगा, जिसमें एक सरपंच पर भी साजिश करने का अरोप लगाया है।

# अशोक गहलोत के लिए जालोर सीट प्रतिष्ठा का सवाल बनी

- भीनमाल, रानीवाड़ा और बागोड़ा की मांग के बावजूद भीनमाल जिला नहीं बनाने से गहलोत के प्रति लोगों में आक्रोश
- लोगों का कहना है कि इस चुनाव में भीनमाल को जिला नहीं बनाना अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत के लिए करारी हार तय करेगा

**जालोर,** (कासं)। जालोर-सिरोही लोकसभा सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी वैभव गहलोत के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से भीनमाल को जिला नहीं बनाना अब वैभव के लिए मुसीबत बनी हुई है। इस चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी वैभव गहलोत के लिए भीनमाल, बागोड़ा और रानीवाड़ा क्षेत्र में स्थानीय मुद्दे के तौर पर जिले का मामला सबसे महत्वपूर्ण बना हुआ है। यहां के लोगों का कहना है कि अशोक गहलोत ने भीनमाल को जिला नहीं बनाकर भीनमाल बागोड़ा और रानीवाड़ा की जनता के साथ सौतेला व्यवहार किया और अब वोट के लिए गहलोत लगातार यहां पर दौरे कर रहे हैं। ऐसे में जिला नहीं बनने से यहां के लोगों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है जिसका खामियाजा इस चुनाव में वैभव गहलोत को झेलना पड़ सकता है। राजस्थान की राजनीति में अशोक गहलोत का एकछत्र साम्राज्य रहा है तथा राजनीति में वे जादूगर हैं, लेकिन उनके पुत्र के लिए जालोर-सिरोही में जादू चलने वाला नहीं है।

द्वितीय चरण में जालोर-सिरोही सीट सबसे हॉट सीट बन गई है। जालौर सिरोही लोकसभा सीट से पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने अपने बेटे वैभव गहलोत को चुनाव मैदान में तो उतार दिया, लेकिन अशोक गहलोत लगातार भीनमाल बागोडा और रानीवाड़ा क्षेत्र में वैभव गहलोत के समर्थन में अब जनता को रिझाने के लिए लगे हुए हैं और दिल जीतने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री रहे अशोक गहलोत ने भीनमाल को जिला नहीं बनाकर भीनमाल बागोड़ा और रानीवाड़ा के लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। भीनमाल बागोडा और रानीवाड़ा क्षेत्र के लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भीनमाल को जिला बनाने के लिए कई बार यहां के लोगों की ओर से आंदोलन किया और बहुत दिनों तक करीब 2 महीने तक धरना प्रदर्शन किया गया और संघर्ष समिति की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से कई बार मुलाकात भी की गई, लेकिन सिवाय आश्वासन के उनकी ओर से बाद में बनाए गए तीन जिलों के दौरान भी भीनमाल को जिला बनाने की घोषणा नहीं की गई और बागोडा और रानीवाड़ा को सांचौर जिले में जोड़ दिया। जिससे आज भी अशोक गहलोत के प्रति लोगों में खासा गुस्सा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब अशोक गहलोत के पास जाकर आग्रह कर रहे थे तब अशोक गहलोत लोगों की सुन नहीं रहे थे। लेकिन अब उनके बेटे को यहां से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद अब लोगों के बीच आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस चुनाव में भीनमाल को जिला नहीं बनाना अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत के लिए करारी हार तय करेगा। इसका खामियाजा पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को एक बार फिर झेलना पड़ेगा। माली समाज के वोट बैंक के सहारे गहलोत ने अपने बेटे के लिए इस सीट को सबसे मुफीद समझा। राजनीति के आखिरी पड़ाव पर आ चुके सीएम गहलोत के लिए ऐसे में यह सीट अब नाक की लड़ाई बन चुकी है।

# सनातन का अपमान करने वालों को जनता कभी माफ़ नहीं करेगी : दिया कुमारी

**सवाई माधोपुर,** (निसं)। दूसरे चरण के चुनाव प्रचार के आख़िरी दिन बुधवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। दिया कुमारी ने सवाई माधोपुर में भाजपा प्रत्याशी सुखबीर जौनापुरिया के समर्थन में एक रोड शो के ज़रिए सघन जनसंपर्क किया। इस मौक़े पर उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास ना कोई एंजेडा है, ना ही कोई विजन है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने राम को मानने से ही इंकार कर दिया था और अब जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया तो उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण भी ठुकरा दिया। ऐसे में जिन्होंने सनातन का अपमान किया, उनको जनता कभी माफ़ नहीं करेगी। दिया कुमारी ने कहा कि कांग्रेस के पास ना नीति है, ना नीयत है और ना ही कोई नेता है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पिछले दस सालों में किया गया काम, उनका सशक्त विजन और 2047 तक भारत



रोड शो में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के साथ मंत्री किरोड़ीलाल मीणा आदि मौजूद थे।

विकसित राष्ट्र बनाने के लिए किये जा रहे प्रयास सभी के सामने हैं। यह प्रधानमंत्री मोदीजी की गारंटी है कि भारत उनके तीसरे कार्यकाल में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि मोदीजी के सशक्त नेतृत्व में होने वाले विकास का फ़ायदा सभी को बराबर मिलेगा और उनकी जनकल्याणकारी योजनायें सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की तर्ज़ पर सभी नागरिकों तक पहुंच

- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सवाई माधोपुर में सुखबीर जौनापुरिया के समर्थन में रोड शो किया

रही है। अपनी अथक मेहनत से मोदी जी ने देश में हर व्यक्ति के मन में जगह बनायी है। इस बार हम सभी ने मिल कर चार सौ पार का लक्ष्य लिया है। मेरा पूरा विश्वास है कि राजस्थान पूरे पच्चीस कमलों की माला मोदी जी को भेंट करने जा रहे हैं और एक बड़े बहुमत के साथ सुखबीर जौनापुरियाजी भी संसद जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का जगह-जगह फूलों के साथ स्वागत किया गया। रोड शो में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा, विधायक जितेंद्र गोठवाल, जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अपहरण और गैंगरेप का फरार बदमाश गिरफ्तार

- आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार ठिकाने बदल रहा था
- आरोपी पर 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित था

**करौली,** (निसं)। करौली कोतवाली पुलिस ने अपहरण और गैंगरेप के मामले में सालों से फरार चल रहे 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

करौली थानाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल व पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम के सुपरवीजन में इनामी बदमाशों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि आरोपी मुकेश मीना पुत्र किशनलाल मीना, निवासी अंतापाडा थाना लक्ष्मणगढ़, जिला अलवर को फैलीपुरा से देदरोली को जाने वाले रास्ते से दस्तयाब कर जांच के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी थाना कोतवाली करौली का इनामी बदमाश है। आरोपी के ऊपर पुलिस अधीक्षक करौली द्वारा 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया हुआ है। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र की एक युवती ने थाना कोतवाली करौली में स्वयं के साथ आरोपी द्वारा अपहरण कर गैंगरेप करने का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में आरोपी मुकेश मीना 18 साल से फरार चल रहा था। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने रहने के ठिकाने बार-बार बदल रहा था। थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा कड़ी मशक्कत कर आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसमें थाने के कांस्टेबल राजा सिंह और सतेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बाड़मेर और जैसलमेर में कंगना रनौत का चुनावी रोड शो

**बाड़मेर/जैसलमेर,** (निसं)। चुनाव प्रचार का अंतिम दिन होने के कारण बुधवार को बाड़मेर, जैसलमेर, बालोतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी के समर्थन में फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का तीनों जिला मुख्यालय पर रोड शो हुआ। कंगना रनौत सबसे पहले जैसलमेर जिला मुख्यालय पहुंची, जहां पर भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी और जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में आम जन के साथ रोड रोड आयोजित हुआ।

हनुमान चौराहा से गड़ीसर तालाब तक निकले रोड शो का बाजार में जगह-जगह पर फूलों की बारिश से स्वागत किया गया। भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय श्रीराम सहित मोदी-मोदी के नारों के साथ रोड शो में भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आमजन





चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा की स्टार प्रचारक कंगना रनौत ने बाड़मेर और जैसलमेर में रोड शो किया।

सम्मिलित हुए। भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी रमेश सिंह इंदा ने बताया कि बाड़मेर जिला मुख्यालय पर विवेकानंद सर्किल से शुरू होकर अहिंसा सर्कल, पालिका बाजार और मुख्य बाजार से होते हुए भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी के समर्थन में फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत और अंतरराष्ट्रीय पहलवान द ग्रेट खली की ओर से चुनावी रोड शो हुआ। रोड शो में नागौर से भाजपा की प्रत्याशी डॉ. ज्योति मिर्धा, बाड़मेर विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पालीवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में आमजन की उपस्थिति रही। फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत की एक झलक पाने के लिए कार्यकर्ता और आमजन उत्साहित रहे। कंगना रनौत ने रोड शो में उत्साह के साथ भारत माता की जय और जय श्री राम के नारे लगाकर आमजन और कार्यकर्ताओं से भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी को जीताने का आव्हान किया। बाड़मेर में रोड शो संपन्न होने के बाद फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत, अंतर्राष्ट्रीय पहलवान द ग्रेट खली और भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी बालोतरा में रोड शो के लिए रवाना हुए। बालोतरा जिला मुख्यालय पर हुए रोड शो के साथ लोकसभा चुनाव प्रचार संपन्न हुआ।

**जैसलमेर संवाददाता के अनुसार :-** भाजपा की स्टार प्रचारक कंगना रनौत ने भाजपा प्रत्याशी कैलाश

- बाड़मेर में भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी के समर्थन में कंगना रनौत ने रोड शो किया
- जैसलमेर में कंगना रनौत ने भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी के लिए वोट मांगे

चौधरी के लिए जैसलमेर में रोड शो किया। गाड़ी में कंगना रनौत के साथ भाजपा के बाड़मेर-जैसलमेर प्रत्याशी कैलाश चौधरी और राजयसभा सांसद राजेंद्र गहलोत रहे। सम्पूर्ण मार्ग में जनता ने कंगना और कैलाश चौधरी पर फूल बरसाए। सम्पूर्ण जैसलमेर जय श्रीराम, अबकी बार 400पार और मोदी मोदी के जयकारों से गुंजायमान हो गया।

## संक्षिप्त

### मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश

**दूदू, (निसं)।** आगामी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदान दिवस 26 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 22 मार्च 2024 को जारी आदेश की अनुपालना में मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

### अवैध बजरी से भरा ट्रेलर जब्त

**टोंक, (निसं)।** बरौनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रेलर को जब्त करने की कार्यवाही की है। बरौनी थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया की बुधवार को पहाडी कट के पास अवैध बजरी से भरा हुआ एक ट्रेलर आता हुआ मिला। ट्रक चालक से बजरी को लेकर रवन्ना की जानकारी ली तो संतोषप्रद जवाब नहीं दे सका । ट्रेलर को जप्त कर चालक मुकेश पुत्र गोपाल जाति जाट 35 वर्ष निवासी गोपालपुरा थाना मेहंदवास को गिरफ्तार कर जब्तशुदा ट्रेलर को सुरक्षार्थ थाना परिसर में खडा करवाकर एमएमआरडीएक्ट में मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

### सड़क हादसे में तीन जने गंभीर घायल

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा अजमेर सडक मार्ग पर मालपुरा थानान्तर्गत तिलक स्कूल के पास हुये सडक हादसे में तीन जने गंभीर घायल हो गये। बुधवार की दोपहर तेज रफ्तार कार व बाइक में हुई आमने-सामने की भिंडत में देवराज, किरण व सदा कंवर निवासी रूपाहेली गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनो घायलों को मालपुरा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत चिन्ताजनक होने पर तीनों घायलों को जयपुर रैफर किया गया।

### सूखा दिवस घोषित किया

**दूदू, (निसं)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य में घोषित कार्यक्रम अनुसार वित्त (आबकारी) विभाग के द्वारा 19 मार्च 2024 को जारी आदेशों की अनुपालना में जिले में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना दिवस 4 जून 2024 को सूखा दिवस घोषित किया है। जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने बताया कि अजमेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित दूदू विधानसभा क्षेत्र में मतदान क्षेत्रों के बाहर के सीमावर्ती 3 किलोमीटर परिधि क्षेत्र में 24 अप्रैल 2024 सांय 6 बजे से 26 अप्रैल 2024 को सांय 6 बजे तक सूखा दिवस रहेगा। उन्होंने बताया कि आदेशानुसार मतगणना दिवस 04 जून 2024 को सम्पूर्ण जिले में सूखा दिवस रहेगा। पुनर्मतदान की स्थिति में भी पुनर्मतदान की घोषणा से पुनर्मतदान की तिथि को पुनर्मतदान की समाप्ति तक संबंधित केन्द्र/केन्द्रों के क्षेत्रों में सूखादिवस रहेगा।

### पार्षदों ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय नगर परिषद के पार्षदों ने क्षेत्र में घुमने वाले आवारा पशुओं व बंदरों से आमजन की सुरक्षा की मांग को लेकर बुधवार को आयुक्त धर्मपाल जाट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र में घुमने वाले आवारा पशुओं व बंदरों ने आतंक मचा रखा है। इनकी वजह से क्षेत्रवासी शारीरिक रूप से परेशान हो रहे है। वहीं कस्बे के दिल्ली दरवाजा पर कुत्तों का जमावडा लगा रहता है, जिनसे भी राहगीरों को परेशानी होती है। इस दौरान पार्षद मनोज गौड़, प्रमोद गुरुजी, लालचंद सैनी, कृष्ण कारोडिय़ा, दीपक कटारिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### झंडे की रस्म के साथ शुरू होगा मेला

**मनोहरपुर, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम ताला की ऊंची डूंगरी पर विराजमान हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत बुरहानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला आलेह का वार्षिक लक्खी मेला 25 अप्रैल गुरुवार से झंडे की रस्म के साथ में शुरू होगा जो की 28 अप्रैल रविवार को कुल की रस्म के साथ में संपन्न होगा। ग्राम पंचायत ताला के सरपंच आमिर खान शेख ने बताया की 25 अप्रैल गुरुवार को नदी से चद्दर झंडे का जुलूस दरगाह तक आएगा शाम को झंडे की रस्म बुलंद दरवाजे पर अदा की जाएगी। इसी के साथ मेले की शुरुआत होगी। इसी के साथ में जायरीनों का आना शुरू हो जाएगा। रात्रि 9 बजे बाद मिलादून नबी कमेटी द्वारा महफिल ए मिलाद शरीफ व महफिल ए शमा होगी।

# दो सूने मकानों के ताले तोड़ लाखों के जेवर व नगदी पार

**मालपुरा, (निसं)।** नगरपालिका शहरी क्षेत्र से सटी बृजलाल नगर ग्राम पंचायत के सदरपुरा रोड स्थित गजराज विहार आवासीय कॉलोनी में पुलिस कांस्टेबल सहित दो सूने मकानों को चोरों ने निशाना बना अलमारी व बक्सों में रखे 6 लाख से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण व नगदी चुरा ले भागे।

मिली जानकारी में सामने आया कि सदरपुरा रोड निवासी पीडित मकान मालिक निखिल कुमार ठाकुर पुत्र स्व. जितेन्द्र कुमार ठाकुर व उसकी पत्नि पुलिस कांस्टेबल लोकसभा चुनाव ड्यूटी के चलते मालपुरा से बाहर गये हुये थे। मकान के ताले लगे हुये थे। चोरों ने सूने मकान की रैंकी कर ताले तोड कमरों में लगी अलमारी व बक्सों से तकरीबन ढाई लाख से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण सहित 25 हजार रूपये की नगदी चुरा ले भागे साथ ही चोरों ने इसी मकान के पडोस में रह रहे जगदीश प्रजापत के मकान मे भी हुई चोरी की वारदात में बताया गया कि जगदीश प्रजापत जो कि सामाजिक कार्य से बाहर गया हुआ था। बुधवार की सवेरे जब वो लसाडिया गांव से अपने मकान पर लौटा



चोरों ने दो सूने मकानों को निशाना बना अलमारी व बक्सों में रखे 6 लाख से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण व नगदी चुरा ले भागे।

तो ताले टूटे मिले व कमरों में अलमारियों के ताले तोड चोरों द्वारा कमरों में सामान बिखेर जाने की जानकारी सामने आई तो होश उड गये। दोनों पीडितों की और मालपुरा थाना पुलिस को सूचना दी गई। दी गई रिपोर्ट में जगदीश प्रजापत ने 4 लाख से अधिक सोने-चांदी के आभूषण चोरी होने का मामला दर्ज करवाया गया। शहरी क्षेत्र से सटी आवासीय कॉलोनी में एक ही रात में दो मकानों के ताले टूटने व लाखों की चोरी की वारदात होने से लोगों में दहशत फैल गई। एक पुलिस

- चोरी की बढ़ती वारदाते व पुलिस की लापरवाही पर लोगों ने कड़ी नाराजगी जताई

कांस्टेबल के घर में हुई चोरी की वारदात के बाद लोगों ने पुलिस की रात्री गश्त व्यवस्था पर कई तरह के सवालियां निशान खडे कर दिये। मालपुरा थाने में अत्याधुनिक संसाधनों से सुसज्जित 112 पुलिस मोबाइल टीम सहित दो वाहन सवार पुलिस के गश्ती दल शहर में 24 घंटे गश्त का दावा तो करते है लेकिन एक के बाद एक हो रही चोरी की वारदाते इन दावो की पोल खोल रही है। अतिसंवेदनशील मालपुरा शहर में सुरक्षा व सजकता को लेकर थाना पुलिस की लापरवाही उजागर होने पर लोगों ने कडी नाराजगी जताई। आखिर प्रतिमाह लाखों रूपयों का पैट्रोल, डीजल जलाने के बावजूद भी चोरी की वारदातों पर अंकुश नहीं लगना और ना ही वारदातों का खुलासा होना कई तरह के सवालों को जन्म दे रहा है।

## केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने जनसंपर्क कर मतदान की अपील की

**मालपुरा, (निसं)।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में होने वाले मतदान से पूर्व बुधवार को टोंक सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया के साथ केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में दर्जनों गांवों में सघन जनसम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

बुधवार को केबिनेट मंत्री ने भाजपा प्रत्याशी के साथ बडी संख्या में मौजूद समर्थकों के साथ टोडारायसिंह शहर में सघन जनसम्पर्क किया। विधानसभा क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों में नुक्कड सभाऐं की गई। मंत्री ने गांव-ढाणी मे पैदल मार्च कर मतदाताओं के घर-घर पहुंच भाजपा का चुनावी घोषणा पत्र व मोदी सरकार की दस साल की उपलब्धियो के साथ-साथ गरीब व किसान सहित हर आम नागरिक के हित मे किये गये कार्यो से अवगत करवाया। एक दिन पूर्व लोकसभा क्षेत्र के उनियारा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी सभा के बाद बुधवार को केबिनेट मंत्री ने नुक्कड सभाओं मे उमडी युवा समर्थकों की भीड व मतदाताओं में देखे गये उत्साह के बाद मंच से ताल ठोकते हुये कहा कि इस बार मोदी सरकार का 400 पार का नारा सपना साकार होगा। केन्द्र में मोदी सरकार को 400 पार का समर्थन मिलने पर केन्द्र व राज्य की डबल इंजन की सरकार ईआरसीपी योजना से घर-घर जल के साथ-साथ बांधों में सिंचाई का पानी पहुंचा एक हरित क्रान्ति का रूप लेगें। केबिनेट मंत्री ने कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी ने 70 साल में देश के विकास के नाम पर स्वंय का विकास कर परिवारवाद को बढावा दिया है। ऐसी पार्टी में शामिल हजारों की संख्या में कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में कांग्रेस छोड सनातन धर्म की रक्षा व विकास के पर्याय भाजपा का दामन थामा है।

चौधरी ने कहा कि देश के करोडों लोगों की आस्था के केन्द्र मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की प्रतिमा को टेन्ट से निकाल राम मंदिर में विराजित कर सनातन धर्म व जनभावना का सम्मान किया है। ऐसी मोदी सरकार को देश का हर नागरिक कैसे भूल सकता है। रामलला को काल्पनिक बताने वालों को इस बार मतदाता वोट की ताकत से सबक सिखायेगा। नुक्कड सभा व जनसम्पर्क के दौरान मौजूद भीड ने जय-जय श्री राम के जयघोष के साथ-साथ जो राम को लाये है हम उनको लायेगें अब हर घर मे भगवा लहरायेगें जैसे नारो से गांव-ढाणी गूंज उठे।

अब तक के लोकसभा चुनाव प्रचार में कांग्रेस आम मतदाताओं से कोसो दूर है तो मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में तीस साल से पराजित हो रही कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कांग्रेस प्रत्याशी के चुनाव प्रचार से दूरिया बनाये हुये है। भाजपा के पदाधिकारी एडवोकेट राजकुमार जैन, नरेन्द्र जैन, त्रिलोक जैन, पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी सहित वरिष्ठ पदाधिकारी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में डोर टू डोर जनसम्पर्क कर प्रचार-प्रसार में जुटे हुये है।

## नकली घी बनाने वालों पर स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही

**निवाई, (निसं)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण इकबाल खॉन के दिशानिर्देशों पर आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए शुद्ध आहार मिलावट पर विशेष अभियान के तहत टोंक जिले के निवाई उपखण्ड में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार यादव ने बताया कि बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर व सुरेशकुमार शर्मा एवं जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड टोंक के प्रभारी अशोक कुमार चौधरी मय पुलिस जाब्ता के मुखबीर की सूचना पर हेमन्त नेभाणी निवासी सिन्धी कॉलोनी गली नं 4 झिलाय रोड के मकान में दूसरी मंजिल में नकली देसी घी कृष्णा एगमार्क स्पेशल ग्रेड व सरस ब्राण्ड एगमार्क का तैयार कर डिब्बों में पैंकिग करते हुए बाजार में आम जनता को बेचने हेतु तैयार करता हुआ पाया गया। एक कमरे में घी बनाने का सामान लोटस घी, रेपर्स 1 लीटर, पैक 267 नग, कृष्णा घी रेपर्स 1 लीटर, पैक 27 नग, कृष्णा घी रैपर 500 एमएल पैक, 1080 नग, सरस घी रेपर्स, 1 लीटर पैक 298 नाग, सरस घी रेपर्स 500 एमएल पैक 63 नग, कृष्णा घी टिन कार्टून रेपर्स 24 नग, लोटस घी टिन कार्टून रेपर्स 17 नग, कृष्णा पैंकिग पट्टी रोल एक नग, गैस सिलेण्डर एक नग, गैस मट्टी एक नग, पेंकिग मशीन 2 नग, खाली टिन 6 नग, बटर एसेन्स की खाली बोतले 4 नग, एल्यूमिनियम डिब्बा एक नग इत्यादि सामान पाए गए एवं तैयार घी कृष्णा ब्राण्ड 1 कार्टून में 1 लीटर पैक में पाया गया जिसका एफएसएस एक्ट के अन्तर्गत नमूना लेकर जांच हेतु भिजवाया जायेगा।

सीएमएचओ डॉ यादव ने बताया कि मौके पर तैयार घी व पैंकिग सामग्री जिसमें एगमार्क ब्राण्ड कृष्णा घीए सरस घीए लौटस घी की नकली पैंकिग एवं कॉपीराईटए ट्रेडमार्का का उल्लघंन किया है। घी में एसेन्स व अन्य खाद्य पदार्थ मिलाकर नकली मिलावटी घी तैयार कर मानव जीवन को संकट में डालने का कार्य किया है।

## शाकम्भर नगरी में रामलला की झांकी के साथ निकली शोभायात्रा

**सांभरझील, (निसं)।** सिंघानिया मोहल्ला स्थित खेड़ापति बालाजी मंदिर से बुधवार की शाम 6:15 बजे निज मंदिर में महाआरती के बाद रामलाल की झांकी के साथ 43वीं विशाल शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष राकेश शर्मा, सह सचिव विश्वानंद उर्फ विक्की पाराशर, उपाध्यक्ष मुकेश पाराशर, समिति के संरक्षक पार्षद पति सत्यनारायण स्वामी, नवल किशोर जांगिड की मौजूदगी में गाजे-बाजे से घोडी व अनेक रथ पर सवार जीवंत झांकियों के साथ निकली।

शोभायात्रा की खास तैयारी के लिए नगर के प्रमुख चौराहों, रास्तों पर सैकडों रामध्वज पताका लहराई गई। इससे पहले निज मंदिर में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पठन में अनेक श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रभु श्रीराम के जयकारे के उद्घोष से नगरी गूंजायमान हो उठी। शोभायात्रा में सैकडों बच्चों, महिला श्रद्धालुओं सहित



शाकंभर नगर में रामलीला की झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

हजारों लोगों ने भाग लिया। शोभायात्रा महावीर वाटिका से होते हुए पृथ्वीराज सर्किल पहुंची, जहां पर अनेक दुकानदारों ने पुष्प वर्षा से शोभायात्रा का अभिनंदन किया। यहां से न्यू मार्केट, तेली दरवाजा रोड, माताजी का चबूतरा, खटीको की हथाई, छोटा बाजार व चौपदारों का मोहल्ला होते हुए शोभायात्रा गंतव्य स्थल खेड़ापति बालाजी मंदिर पहुंची, जहां आरती के बाद भक्तों को प्रसाद बांटा गया। शोभायात्रा में खेड़ापति बालाजी, पंचमुखी बालाजी, भगवान गणेश, नदी पर बैठे भगवान शिव, बाहुबली बजरंगी आदि की जीवंत झांकियां के प्रदर्शन ने लोगों को आकर्षित किया। जीवंत झांकी के आर्टिस्ट मुकेश पाराशर उर्फ पप्पूसा, कोषाध्यक्ष श्याम जांगिड, परमानंद पाराशर, बनवारी सिंघानिया, बालकिशन सिंघानिया, हेमंत सेन, हितेश स्वामी, नरेंद्र स्वामी, पं विजय व्यास, कमल सिंघानिया, देवेंद्र कुमार भार्गव, राजेश पारीक, रूपनारायण शर्मा सहित अनेक भक्तगणों का शोभायात्रा में खास सहयोग और योगदान रहा।

## ऑटो टीपरों को हरी झंडी दिखाई

**कोटपूतली, (निसं)।** नगर परिषद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन 2024 के तहत कचरा संग्रहण के लिये लगाये गये ऑटो टीपरों को बुधवार शाम 06 बजे अग्रसेन सर्किल पर नगर व्यापार महासंघ अध्यक्ष मैथली शरण बंसल, एक्स एन दीपक मीणा, एएफओ सत्यनारायण वर्मा, एईएन मुकेश सैनी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। कस्बे में नगर परिषद के 06 ऑटो टीपर राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल से राजस्थान स्कूल तक राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस लेन के दोनों साईड, सब्जी मण्डी से चुंगी नाका तक एवं उमराव सिनेमा से आरटीओ कार्यालय तक, अग्रसेन सर्किल से मुख्य चौराहे तक, पूरानी नगर पालिका से आजाद चौक वाया लम्बा बाजार, अग्रसेन कटला, सोनी मार्केट, छोटा बाजार तक ऑटो टीपरों द्वारा प्रतिदिन सायं 6 से रात्रि 9 बजे तक कचरा संग्रहण किया जायेगा। नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट द्वारा दुकानदारों से कचरा पात्र रखने की अपील की गई है। वहीं कचरा सडक पर डालने पर नगर परिषद द्वारा जुर्माना लगाया जायेगा।

## प्रभारी सचिव ने कोटपूतली का निरीक्षण कर दिए जरूरी दिशा निर्देश

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली बहरोड जिले के प्रभारी सचिव शिव प्रकाश नकाते बुधवार को कोटपूतली बहरोड दौरे पर रहे। उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के विभिन्न सेक्शनों में जाकर प्रत्येक सेक्सन के ई-फाइलिंग के बारे में विस्तृत जानकारी ली तथा ई-फाइलिंग के डिस्पोजल टाइम को कम करने के लिए निर्देश दिए। नकाते ने जिले में चल रहे विभिन्न मेजर प्रोजेक्ट्स की भौतिक तथा वित्तीय प्रोग्रेस के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें तय समय सीमा में पूर्ण करने के लिए दिशा निर्देश दिए।

जिला प्रभारी सचिव नकाते ने जनता से जुडे विभिन्न मुद्दों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पेयजल की वस्तु-स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा जिन ग्राम



जिला प्रभारी सचिव शिव प्रसाद नकाते ने ई-फाइलिंग के डिस्पोजल टाइम को कम करने के लिए निर्देश दिए।

पंचायतों में टैंकर से पेयजल आपूर्ति के लिए टेंडर नहीं हुए हैं उसके लिए जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव से जिला कलेक्टर द्वारा बात करवाकर वस्तु स्थिति के बारे में जानकारी प्रदान की जाए तथा जिले में 24 घंटे में एक बार पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए।

वहीं उन्होंने बिजली आपूर्ति को लेकर बिजली की सप्लाई, ट्रिपिंग की समस्या, ट्रांसफार्मर चेंज, घरेलू कनेक्शन, एग्रीकल्चर कनेक्शन इत्यादि के बारे में जानकारी ली तथा बिजली कटौती यदि आवश्यक हो तो अधिकतम 15 से 20 मिनट रात्रि में ही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बीडीएम अस्पताल में डायलिसिस मशीन एक सप्ताह में शुरू करवाने, संस्थागत प्रसव की सीएचसी वाइज रिपोर्ट ली तथा प्रगति के लिए निर्देश दिए इंडोर पेशेंट की मॉनिटरिंग करने तथा डॉक्टर व एएनएम की बायोमैट्रिक अटेंडेंस शुरू करने के लिए कहा। इसी क्रम में उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में आ रही विभिन्न समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए नीमराणा, बहरोड कोटपूतली, घीलोठ में भूमि अवाप्ति, घीलोठ क्षेत्र में पुलिस चेक पोस्ट हेतु लैंड एलॉटमेंट करवाना, निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की प्रगति रिपोर्ट के बारे में जानकारी ली तथा एसडीओ द्वारा वास्तविक सर्वे करवाने के बाद ही जेईएन द्वारा सर्टिफिकेट लेने के लिए निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगेश कुमार डागुर सहित कलेक्ट्रेट कार्यालय के कार्मिक उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### ओवरजॉय टीम को डीपफ्रीजर दिया




**टोंक, (निसं)।** ओवरजॉय टीम शादियों समारोह में बचे हुए भोजन को जरूरतमंदो तक पहुँचती है लेकिन इस भीषण गर्मी में खाना बहुत तेजी से खराब होने लग जाता है, इसी समस्या को देखते हुए प्रेरणा ग्रुप की महिलाओं ने मिलकर ओवरजॉय टीम को एक डीप फ्रीजर प्रायोजित किया। प्रेरणा ग्रुप की अध्यक्ष रेखा जाजू ने बताया कि शादी समारोह में बचने वाला खाना जरूरतमंद तक पहुँचाने की बात भले ही सुनने में और कहने में अच्छी लगती है लेकिन यह करने के लिए समय निकाल पाना हर किसी के बस की बात नहीं होती है लेकिन टोंक शहर ने यह काम कर दिखाया है। इन युवाओं की टीम ने जो अपनी पढाई, नोकरी और व्यवसाय के साथ साथ निस्वार्थ भाव से निरंतर कार्य कर रहे है। टीम अब तक शादी समारोह से भोजन को एकत्रित करके 50,000 से भी ज्यादा लोगों तक निःशुल्क भोजन पहुँचा चुकी है। इस अवसर पर अकांशा जैन, स्मिता शर्मा, सोनिया राजावत, सुधा लोढा, सुशीला लोढा, पूनम गर्ग, रेखा जैन, लक्ष्मी विजय, अरुणा सोनी, अल्पना सोनी, मोनिका जैन,रायना रजक, अल्पना जौनवाल, भावना जैन, श्वेता सिंघल, हेमा शर्मा, हेमलता तोष्णीवाल, अंशु सोनी, हर्षित मित्तल, चीनू पारीक आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### शतचंडी महायज्ञ की महाकलश जलयात्रा



**उनियारा/चौरु, (निसं)।** शतचंडी महायज्ञ के निमित्त विशाल कलश यात्रा निकाली गई। मीडिया प्रभारी छोटू लाल सैनी ने बताया कि चौथ का बरवाडा में 24 अप्रैल से 3 मई तक होने वाले सत्य चंडी महायज्ञ की विशाल महाकलश जलयात्रा चौथ का बरवाडा के प्राचीन राजराजेश्वर मंदिर से निकली। कलश यात्रा चौथ का बरवाडा के मुख्य मार्केट मानसिंह सर्कल होते हुए भेडोला चौराहा और उसके बाद यज्ञस्थल चौथ माता खातोलाव में पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह फूल बरसाकर स्वागत किया गया तथा जलपान की व्यवस्था की गई। कलश यात्रा में 501 कलश के साथ प्रधान कलश, शिखर कलश, दो हाथी चौथ माता की तस्वीर एवं ध्वज के साथ अठिाम पंक्ति में चले। कलश यात्रा में राम दरबार, मां दुर्गा, चौथ माता की झांकी सजाई गई। कलश यात्रा के योग्य स्थल पर पहुंचने पर सभी कलशों की महाआरती की गई उसके बाद गणेश पूजन मंडल पूजन विपर्चन तथा मां भगवती की स्थापना की गई। महाआरती के बाद कलश यात्रा में पधारे भी सभी भक्तगणों को मां भगवती का प्रसाद वितरण किया गया। लगभग 3000 से अधिक लोगों ने मां भगवती की प्रसादी ग्रहण की। रात्रि 9 बजे चौथ माता की निमित्त मा जगरातरा भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें लखबीर सिंह लक्खा एंड पार्टी कोटा एवं नेहनु सैनी टोंक के गायक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। भजन संध्या के दौरान मां दुर्गा के नौ रूपों की संजीव झांकियां सजाई गई।

### तीन खिलाड़ी टीम में चयनित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** महात्मा गाँधी पीजी कॉलेज, श्रीमाधोपुर के तीन खिलाड़ियों का इंटर यूनिवर्सिटी टीम में चयन हुआ है। महाविद्यालय प्रवक्ता राकेश शर्मा ने बताया की मिताली, आशीष लाम्बा और दिलीप सिंह जाखड का यूनिवर्सिटी टीम में चयन हुआ है। इंटर यूनिवर्सिटी टीम में चयन होने पर महाविद्यालय निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सैनी, उपप्राचार्य विजेंद्र पूनिया, विज्ञान संकाय प्रभारी विरेन्द्र यादव, कला संकाय प्रभारी सुशीला देवी, वाणिज्य संकाय प्रभारी मांगीलाल कुमावत, एनसीसी सीटीओ सुरेश सामोता द्वारा माला पहनाकर, प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया साथ ही शारीरिक शिक्षक रामसिंह जाट को भी माला पहनाकर, प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। यूनिवर्सिटी टीम में चयन होने की ख़ुशी में खिलाड़ियों को मिठाई खिलाई गई। प्रतियोगिता का आयोजन बैंगलोर यूनिवर्सिटी जनाभारती-बैंगलोर में होगा। इस अवसर पर व्याख्याता दयाराम, प्रमोद कुमार वर्मा, रणवीर सिंह, हरफूल यादव, धर्मपाल सिंह, प्रदीप शर्मा, धर्मपाल कुलरिया आदि स्टाफ मौजूद था।

### मतदाताओं से डोर टू डोर संपर्क किया

**निवाई, (निसं)।** रिटर्निंग अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया के निर्देशन में लोकसभा चुनाव में वोट इंडिया वोट को लेकर ग्राम पंचायत बस्सी के अधीन समस्त विद्यालयों के शिक्षकों ने मतदाताओं से डोर टू डोर संपर्क कर पीले चावल देकर आमंत्रित किया। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी डॉ. कुसुम कौशिक ने बताया कि आओ बूथ चले अभियान में बीएलओ ने भी घर-घर पर्चियां के साथ वाटर मार्गदर्शिका लोगों वितरित की। गांव में हेलाटोली टीम वॉलिंटियर्स भी इस कार्य को पूरा करने हेतु दिनभर सहयोग देते रहे है। गुरूवार को भी पूरे दिन ब्लॉक लेवल अधिकारी के साथ-साथ आंगनवाडी कार्यकर्ता भी जनसंपर्क करेंगे ताकि शत प्रतिशत मतदान कराया जा सके। इसके लिए नवीन वोटर को भी प्रोत्साहित किया गया सभी मतदाताओं को बूथ तक लाने की कोशिश की जा रही है।

### कांग्रेस के पक्ष में मतदान का संकल्प लिया

**टोंक, (निसं)।** दूनी थाना क्षेत्र में बीती सांय बैरवा समाज की दुल्हन की बिदौरी निकाले जाने के विरोध में अन्य समुदाय का जमावडा देख जहां पुलिस प्रशासन हरकत में आया, वही टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी हरिश मीणा ने मामले की गम्भीरता को समझते हुए समय पर चांदसिहपुरा पंचायत के नयागांव ढिगारिया पंहुचे, जहां उन्होने बैरवा समाज को आश्वस्त किया की उनके समाज की कन्या की बिदौरी निर्विघ्न निकाली जायेगी। हरिश के प्रयास से मंगलवार शाम को देवली, दूनी, घाड थानों का पुलिस जाप्ता और टोंक से अतिरिक्त पुलिस जाप्ता भेजा गया। इसके पश्चात पुलिस पहरे में दूल्हे की ससुराल में बिंदौरी धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान हरिश मीणा ने वर-वधु को आशीर्वाद दिया जिस पर सभी गांववासियों ने मीणा के सामने यह सकंल्प लिया कि आगामी 26 अप्रेल को मतदान दिवस पर पूरे गांव के मतदाता एकजुट दिखाते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेगें। वही हरीश मीणा ने सम्पूर्ण समाज के वरिष्ठ व युवाजनों के साथ समाज की बैठक ली, जिसमें कहा कि अगर प्रशासन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करता है तो मैं स्वयं आपके साथ कलेक्ट्रेट का घेराव करुंगा।

### 23 हजार रुपये लौटा ईमानदारी दिखाई

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के मायला बाजार की निवासी अनिता जैन का 23 हजार रुपयों से भरा हुआ पर्स फुलेरा पोस्ट ऑफिस के बाहर सडक पर गिर गया था। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के निवासी अशोक सारवान को वह लेडिस पर्स मिला। उक्त मामले को लेकर सारवान ने पार्षद प्रमोद मीणा को फोन किया और बताया कि मुझे एक पर्स मिला है जिसमें 23 हजार रुपये रखे हुए है। जिस पर प्रमोद मीणा ने कहा कि पुलिस थाने पर आ जाओ इसके साथ ही प्रमोद मीणा भी थाने पहुंचकर थानाधिकारी बाबूलाल मीणा को उक्त पर्स सुपूर्द कर दिया। तत्पश्चात पार्षद मीणा जानकारी जुटाते हुए पोस्ट ऑफिस पहुंचकर पोस्ट ऑफिस के बाबू से बात करने से पता चला कि वह पर्स मायला बाजार निवासी अनिता जैन का है। इस उन्हें थाने पर बुलाकर एवं तहकीकात करने के बाद थानाधिकारी के समक्ष महिला को उसका पर्स लौटा दिया। इसी दौरान थानाधिकारी मीणा ने कहा कि फुलेरा में अभी भी ईमानदारी जिन्दा है। इस अवसर पर प्रवीण सारवान, अशोक सारवान, प्रमोद मीणा, अनिता जैन सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# मु.मंत्री भजनलाल ने डूंगरपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ली

## बांसवाड़ा, डूंगरपुर सांसद कनकमल कटारा और सागवाड़ा विधायक शंकर डेथा ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की

- **क्षेत्रीय नेताओं ने मुख्यमंत्री को चुनाव संबंधी फीडबैक दिया।**
- **मुख्यमंत्री ने राजस्थान कर्मचारी महासंघ, विप्र फाउन्डेशन के पदाधिकारियों, व्यापारियों युवाओं व अल्पसंख्यकों के साथ भी संवाद किया।**

डूंगरपुर, 24 अप्रेल (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को दूसरे दिन डूंगरपुर जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने तिजवड के पास एक होटल में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों से मुलाकात की तथा उनसे लोकसभा चुनाव को लेकर फीडबैक लिया।

भजनलाल शर्मा ने अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान मंगलवार रात को भाजपा के प्रमुख नेताओं, युवाओं, व्यापारिक वर्ग, प्रबुद्धजन और अल्पसंख्यक वर्ग के साथ भी संवाद किया था। बुधवार को सुबह शिव पैलेस में बांसवाडा-डूंगरपुर सांसद कनकमल कटारा, सागवाड़ा विधायक शंकर डेचा सहित भाजपा के अन्य प्रमुख नेताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल से मुलाकात कर डूंगरपुर जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों का लोकसभा चुनाव को लेकर फीडबैक दिया। इस मौके पर राजस्थान कर्मचारी संयुक्त महासंघ, विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने मु.मंत्री का स्वागत किया और अपनी मांगों के ज्ञापन सौंपे। मु.मंत्री ने मांगों के संबंध में आश्वासन भी दिया।

भजनलाल शर्मा ने युवाओं से अपने पुराने दिन याद करते हुए कहा कि, जब वे 15 साल के थे तो सड़क के अभाव में अपने घर से 15 किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाते थे।

एक रविवार को सिर पर आटा लेकर जाया करते थे तो दूसरे रविवार को लकड़ियों का गट्ठर सिर पर ले जाते थे। अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में उनके गांव में सड़क बनी थी।

भजनलाल शर्मा ने पहली बार वोट डाल रहे युवाओं से सवाल किया कि, वोट क्यों डालना चाहिए? इस पर युवाओं ने राष्ट्र हित में वोट डालने की बात कही। मु.मंत्री ने युवाओं से करीब एक घंटे संवाद किया और भड़काऊ चीजों और गलत संगत में नहीं जाने की अपील की है।

आखिर में युवाओं के साथ सेल्फी भी खिंचाई। इसके बाद मु.मंत्री ने शहर के प्रबुद्ध जनों के साथ भी बातचीत की और जिले की समस्याओं और विकास को लेकर सुझाव मांगे।

प्रबुधजनों ने मुख्यमंत्री से जिले में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना, जनजाति क्षेत्र में व्यापारियों को टैक्स में राहत देने, सरपंच से लेकर सांसद तक के पद एस.टी. वर्ग के लिए आरक्षित होने की स्थिति में सामान्य और ओ.बी.सी. वर्ग को राजनीति नियुक्तियों के माध्यम से लाभान्वित करने की मांग की।

## मां से मिलने एस.एम.एस. गए मु.मंत्री भजनलाल

- **मुख्यमंत्री 15 मिनट अस्पताल में रहे, मां के हालचाल लिए व डॉक्टर्स को जरूरी निर्देश भी दिए।**

जयपुर, 24 अप्रेल । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को प्रचार के बाद सीधे सवाई मानसिंह अस्पताल गए, जहाँ उन्होंने अपनी माँ की कुशलक्षेमी पूछी। मुख्यमंत्री शर्मा अस्पताल परिसर में लगभग 15 मिनट रुके और वहाँ अन्य मरीजों के हालचाल भी पूछे। ज्ञातव्य है कि, मुख्यमंत्री की माँ के अस्थमा अटैक आया था जिसके बाद उन्हें भरतपुर के अस्पताल के आई.सी.यू. वॉर्ड में भर्ती कराया गया। कुछ दिन पहले उन्हें जयपुर के एस.एम.एस. अस्पताल में शिफ्ट किया गया। मुख्यमंत्री शर्मा चिकित्सकों से अपनी मां के उपचार की जानकारी लेने के बाद वहाँ से रवाना हुए। गौरतलब है कि, मुख्यमंत्री शर्मा पहले भी एसएमएस अस्पताल में तीन बार अपने पिताजी के स्वास्थ के बारे में जानकारी लेने जा चुके हैं।

# 40 डिग्री तापमान में गहलोत ने किया रोड शो पर भीड़ नहीं जुटी

## पसीने से तरबतर गहलोत ने प्रचार के आखिरी दिन पूरा जोर लगाया

- **रोड शो में भीड़ नहीं आने से निराश, गहलोत की चुनावी रणनीति को उस समय भारी झटका लगा, जब क्षेत्र के मोयला मुस्लिम समाज ने मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के समक्ष भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की।**
- **गहलोत ने अपने सभी समर्थक नेताओं और पूर्व मंत्रियों को जालोर-सिरोही में लगा रखा था, खुद भी राज्य की अन्य सीटों को छोड़कर जालोर-सिरोही में ही रहे।**
- **सिरोही में राजपूत समाज की बैठक में राजेन्द्र गुढ़ा व राजेन्द्र राठौड़ तथा कुछ अन्य भाजपा नेता शामिल हुए, सभी नेताओं ने राजपूतों से भाजपा को वोट देने की अपील की।**

जालोर, 24 अप्रेल (कास)। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने पुत्र, कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के लिए जालोर शहर में चालीस डिग्री तापमान में रोड शो किया। पूर्व मुख्यमंत्री के रोड में जहाँ अपेक्षित भीड़ नज़र नहीं आई वहीं गहलोत स्वयं पसीने से तरबतर नज़र आये। इतना ही नहीं, कांग्रेस से नाराज मोयला मुस्लिम समाज के लोगों ने मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के समक्ष भाजपा को समर्थन दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन अपने मंत्रिमण्डल व कई विधायकों के साथ प्रचार में पूरा जोर लगा दिया।

जालोर- सिरोही लोकसभा सीट अशोक गहलोत के लिए नाक का सवाल बनी हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री जालोर-सिरोही में अपने पूरे परिवार के साथ डेरा डालकर दिन रात चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। अपनी जाति के वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए गहलोत ने मंगलवार को माली समाज बहुल क्षेत्र राजेन्द्र नगर से रोड शो शुरु किया। करीब साढ़े ग्यारह बजे शुरु हुए रोड शो के दौरान किसी प्रकार की माकूल व्यवस्था नहीं होने से लोग गर्मी से बचने के लिए इधर -उधर छांव का सहारा लेते नज़र आये। पूर्व मु.मंत्री देर से आए इसलिए कई लोग तो गर्मी को देखते हुए घर चले गये। भीड़ कम देखकर पूर्व मु.मंत्री के चेहरे पर निराशा देखी गई। कहा जा रहा है कि, अपेक्षित भीड़ नहीं होने के कारण वैभव की जीत को लेकर गहलोत चिंतित हैं। उन्होंने अपने मंत्रिमण्डल के कई मंत्रियों व विधायकों को जालोर में बैठाया हुआ है, तथा हर जाति समाज के लोगों से सम्पर्क कर रहे हैं। जालोर-सिरोही के वासी एक सवाल कर रहे हैं कि, पूर्व मुख्यमंत्री पहले कहाँ गये थे। रोड शो के दौरान उनकी बड़ी गाड़ी तिलकद्वार के अंदर नहीं जा पाई इसलिए उन्हें कार में बैठकर आगे जाना पड़ा।

जालोर में करीब चालीस डिग्री तापमान के बीच भीषण गर्मी में गहलोत पर पुष्प वर्षा करने का इंतजाम किया गया था। लोगों का मानना है कि, पूर्व मु.मंत्री का यह रोड शो फ्लॉप रहा। रोड शो के दौरान वैभव का नहीं होना भी चर्चा का विषय बना रहा।

दूसरी तरफ कांग्रेस से नाराज़ मोयला मुस्लिम समाज के कुछ लोगों ने एक सोमवार देर शाम बैठक कर मुख्य सचेतक व जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग के समक्ष भाजपा को समर्थन दिया, जो कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है। दूसरी तरफ सिरोही में राजपूत समाज की बैठक हुई। जिसमें पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुढा, पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह राठौड़, पूर्व मंत्री अर्जुनसिह देवड़ा सहित कई दिग्गज भाजपा नेता शामिल हुए। राजेन्द्र गुढ़ा ने कहा कि, कांग्रेस ने राजपूत नेताओं को समाप्त करने कार्य किया है। यदि राजपूत वोट दे भी देंगे तो सिरोही में संयम लोढा व जालोर में पाराशर पूर्व मु.मंत्री को यदि कहेंगे कि, राजपूतों ने वोट नहीं दिया तो वे उनकी बात पहले मानेंगे। यदि वैभव जीत गया तो ये दोनों ही वाहवाही लूटेंगे। इसलिए पिछले पांच साल से प्रताड़ना झेल रहे लोग इस बार ध्यान रखें। कहा जा रहा है कि, प्रदेश स्तर के कई नेता पूर्व मु.मंत्री का कर्ज चुकाने के लिए जालोर -सिरोही पहुंचे हैं।

# 'राम मंदिर का निर्माण होने से भारत का भाग्योदय हुआ है'

## केन्द्रीय मंत्री और जोधपुर से भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आरोप लगाया कि, कांग्रेसियों ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के विरोध में काले कपड़े पहने थे

- **शेखावत ने कहा, इससे जाहिर है कि, कांग्रेस तुष्टिकरण और एक वर्ग विशेष के वोट साधने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।**
- **शेखावत ने कहा कि, जब राम मंदिर ढहाकर बाबरी मस्जिद बनी थी, उस दिन भारत का सूर्यास्त हो गया था।**

जोधपुर, 24 अप्रेल (कासं)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री एवं जोधपुर से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत ने मीडिया के साथ बात करते हुए कहा कि, कांग्रेस ने धन बांटने की बात कहकर एक बार फिर अपनी तुष्टिकरण नीति और चेहरे को बेनकाब किया है। राममंदिर निर्माण में भी कांग्रेस पार्टी ने विरोध किया था और प्राणप्रतिष्ठा के समय भी काले कपड़े पहनकर विरोध किया था। इससे साफ जाहिर होता है कि, कांग्रेस तुष्टिकरण करने और एक वर्ग विशेष के वोट को साधने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

शेखावत ने कहा कि, पांच सौ साल पहले जिस दिन राममंदिर को ढहाकर बाबरी मस्जिद बनाई गई थी उस दिन से भारत का सूर्यास्त हो गया था। यह कालचक्र की रात अमावस्या की थी। भारत के तीन लाख लोगों ने अपना बलिदान देकर उस अग्नि को प्रज्जवलित रखा था। पांच सौ साल भारत की माताओं और बहनों ने अपने भाईयों बेटों को खोकर उसे जीवित रखा। वहीं, कांग्रेस ने राम के अस्तित्व को ही नकार दिया। भारत ने 70 साल तक न्यायालय में लड़ाई लड़ी और राममंदिर का निर्माण भारत के लिए भाग्योदय बनकर उभरा है।

उन्होंने कहा कि, पिछले दस सालों में भारत ने विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाई है और सनातनी संस्कृति को बढ़ाया है। कांग्रेस की मानसिकता भारत को गिराने की है और यह पार्टी वर्ग विशेष को वोट बैंक बनाकर फायदा उठानी वाली रही है।

उन्होंने पूर्ववर्ती मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए उनके बयानों की आलोचना करते हुए कहा, जब देश बुरे दौर से गुजरता है तो कांग्रेस के नेता विदेशी ताकतों के साथ बात करते हैं।

शेखावत ने कहा कि, जोधपुर में कार्यकर्ताओं ने पूरी उर्जा के साथ काम किया है। चुनाव के समर को और तेज करने के लिए कार्यकर्ताओं ने काम किया है। उन्होंने विश्वास एवं दावे के साथ कहा कि, इस बार बड़े अंतर के साथ भाजपा का कमल खिलेगा। भाजपा राजस्थान में 25 सीटें जीतेगी। देश को विकसित करने में सशक्त सरकार बनाने में हम सफल होंगे।

## सैम पित्रोदा...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

अनुसार, यदि किसी व्यक्ति के पास मरते समय 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर की संपत्ति है तो वह 45 प्रतिशत सम्पत्ति अपने बच्चों को और 55 प्रतिशत सरकार को ट्रांसफर कर सकता है। इस टिप्पणी के बाद आईं विपरीत प्रतिक्रियाओं के बाद पित्रोदा ने कहा कि, उन्होंने यह नहीं कहा था कि, किसी व्यक्ति की 55 प्रतिशत सम्पत्ति ले ली जाएगी। पित्रोदा ने कहा, "यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि, अमेरिका में विरासत कानून के बारे में एक इन्डिविजुअल के रुप में व्यक्तिगत रूप से मैंने जो कहा था, उसे मोदी मीडिया ने, कांग्रेस घोषणा पत्र पर प्रधानमंत्री द्वारा फैलाए जा रहे झूठ से ध्यान भटकाने के लिए तोड़-मरोड़कर पेश किया है।"

इस बीच, प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर "उसके सलाहकार" सैम पित्रोदा द्वारा विरासत कर की वकालत करने पर तीखा हमला शुरु कर दिया है। मोदी ने सरगुजा में एक रैली में कहा, "कांग्रेस का मंत्र है, लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी।"

ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि, पित्रोदा की टिप्पणी ने कांग्रेस को बचाव की मुद्रा में खड़ा कर दिया है। सन् 1984 के सिख-विरोधी दंगों के समय भी उन्होंने कहा था, "हुआ तो हुआ"। पिछले वर्ष उन्होंने प्रश्न पूछा था, "क्या भारत में मंदिर असली मुद्दा है?" उन्होंने पिछली बार के, 2019 के चुनावों के वक्त कहा था कि, यदि नित्यम आय योजना को क्रियान्वित करना है तो करों में वृद्धि की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि, "मध्यम वर्ग को स्वार्थी नहीं होना चाहिए, उसे अपना बड़ा दिल दिखाना चाहिए।" इस टिप्पणी को पकड़ते हुए उस समय प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि, इस टिप्पणी से कांग्रेस की "कांग्रेस लाइसैंस राज की तरफ वापस जाने की मंशा ज़ाहिर होती है।"

# 'जाति जनगणना राजनीति नहीं, मेरे जीवन का मिशन है'

- **राहुल गांधी ने कहा कि, कांग्रेस की सरकार बनते ही अनिवार्य रूप से जातिगत जनगणना कराई जायेगी।**

नयी दिल्ली, 24 अप्रैल (वार्ता) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि जाति जनगणना उनके लिए कोई राजनीति नहीं बल्कि उनके जीवन का मिशन है और केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर इसे अनिवार्य रूप से कराया जायेगा।

गांधी ने यहां जवाहर भवन में सामाजिक न्याय सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उनकी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, जबसे मैंने जाति जनगणना विचार रखा है, सभी तथाकथित देशभक्त डरे हुए हैं। जाति जनगणना मेरे लिए राजनीति नहीं है, बल्कि यह मेरे जीवन का मिशन है। जैसे ही कांग्रेस सरकार केंद्र में सत्ता में आएगी, हम तुरंत इसे करायेंगे और यह मेरी गारंटी है।

उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को उनका हक नहीं मिल रहा है। मीडिया के प्रबंधन स्तर या निजी अस्पतालों और बड़ी कंपनियों में और यहां तक कि न्यायपालिका में भी दलितों, आदिवासियों या ओबीसी की शायद ही कोई उपस्थिति है। उन्होंने कहा मुझे जाति में नहीं बल्कि न्याय में दिलचस्पी है। भारत में 90 फीसदी लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। हमने कहा कि हमें यह पता लगाने की जरुरत है कि कितना अन्याय हो रहा है और यह केवल जाति जनगणना के जरिए ही संभव है।

गांधी ने सवालिया लहजे में कहा,क्या आपको घायल होने पर एक्स-रे की ज़रूरत नहीं है।

## भाजपा के लिए...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

स्टार्टर की श्रेणी ही दर्शाता है।

केरल में अभी तक कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डैमोक्रेटिक फ्रंट आगे है और उसके 16 सीटों पर विजय दर्ज करने की भविष्यवाणी की गई है। सत्ताधारी एल.डी.एफ. के चार निर्वाचन क्षेत्रों में विजय प्राप्त करने की संभावना है।

यदि इस ओपीनियन पोल की भविष्यवाणी सच्ची साबित हो जाती है तो इसका मतलब होगा कि केन्द्रीय मंत्री व मीडिया दिग्गज राजीव चन्द्रशेखर की हार तय है। राजीव चन्द्रशेखर के हारने के बाद भाजपा में उनका पद कम हो जाएगा।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में यू.डी.एफ. ने कुल 20 सीटों में से 19 पर विजय दर्ज की थी। इनमें से 15 सीटें इंडियन नैशनल कांग्रेस (आई.एन.सी.) ने जीती थी और शेष इसके गठबंधन वाले दलों ने जीती थी। एल.डी.एफ. ने केवल अलाप्पुजा की सीट ही जीती थी।

राहुल गांधी को वायनाड एल.डी.एफ. की एनी राजा से आसानी से जीत मिल जाएगी। राहुल दक्षिण भारत और केरल में व्यक्तिगत रूप से काफी लोकप्रिय नेता हैं।

# अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव व भगवत...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

मामूली नेता नहीं हैं। उन्हें बॉब कैनेडी के उप नाम से भी जाना जाता है। वह उन मतदाताओं से स्वयं को वोट देने की अपील कर रहे हैं, जिनका डैमोक्रेट्स और रिपब्लिकन, दोनों के वृद्ध प्रतिद्वंद्वियों से मोहभंग हो चुका है। उनकी तुलना में सत्तर वर्षीय बॉब कैनेडी एक खुशमिजाज युवा व्यक्ति हैं।

वे कुछ हद तक बाइडन और ट्रम्प, दोनों के वोट काटेंगे और दोनों में से किसी एक को इसका लाभ होगा। रॉबर्ट युवाओं की समस्याओं को मुखर होकर उठा रहे हैं और उनकी पसंद बनने जा रहे हैं।

रॉबर्ट कैनेडी जूनियर अपने संक्षिप्त नाम आर.के.एफ. से भी लोकप्रिय हैं। उन्होंने द इकोनॉमिस्ट मैगज़ीन के साथ एक बेबाक बातचीत में कहा कि "देश में जो कुछ भी चल रहा है, उसे देखते हुए उन्हें महसूस हुआ कि राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ना उनका कर्त्तव्य है।

द इकोनॉमिस्ट के एन्ड्रयू मिलर ने जब उनसे यह पूछा कि अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव में देश की दो प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में से एक का उम्मीदवार ही बाज़ी मारता आया है, तो फिर वह एक निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में क्यों चुनाव लड़ रहे हैं? तब आर.के.एफ. ने भगवद् गीता के एक प्रसंग का जिक्र किया, जिसमें कुरुक्षेत्र में अर्जुन अपने ताऊ के लड़कों, चाचा-मामाओं और पितामह से लड़ने से इंकार कर देते हैं तब भगवान कृष्ण उन्हें मार्गदर्शन देकर कहते हैं कि वह युद्ध करें क्योंकि युद्ध करना उनका कर्त्तव्य है।

लेकिन, वास्तविकता यह है कि कैनेडी खानदान डैमोक्रेट्स का अभिन्न हिस्सा रहा है, और डैमोक्रेट प्रत्याशी के विरूद्ध चुनाव लड़ने के उनके निर्णय से ऐसा लगता है, जैसे कि वह अपने खुद के लोगों के खिलाफ ही चुनाव लड़ रहे हैं। जॉन एफ. कैनेडी अमेरिका के सबसे युवा राष्ट्रपतियों में से एक थे। वह 42 वर्ष की उम्र में ही राष्ट्रपति बन गए थे। उनके पिता ने डैमोक्रेट्स के आंतरिक चुनावों के बाद राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के बाद एक प्रैस कॉन्फ्रैंस को संबोधित किया था, लेकिन संबोधन के तुरंत बाद जब वह अपने होटल के कमरे की तरफ जा रहे थे, तब होटल की लॉबी में ही उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

कैनेडी ने अमेरिकी राष्ट्रपति पद का चुनाव भी लड़ा था, किन्तु वह हार गए थे। कैनेडी परिवार आज भी अपनी सुपरिचित राजनीतिक पार्टी "डैमोक्रेट्स" के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है और उसने पिछले चुनाव में जो बाइडन का समर्थन किया था।

रॉबर्ट कैनेडी, जूनियर अपने खानदान के जीवन मूल्यों से जुड़े हैं, जो उनकी प्रत्येक बात से झलकता है। कैनेडी परिवार अमेरिका के राज परिवार जैसा है। उनके ऑफिस में एक टाइगर है, जिसमें अब भूसा भरा हुआ है। यह टाइगर उनके पिता रॉबर्ट कैनेडी सीनियर को इण्डोनेशिया के तानाशाह सुहार्तो ने भेंट किया था। जानवरों और पर्यावरण के प्रति उनका प्रेम इतना अधिक था कि अन्य देशों के नेताओं ने भी उन्हें अनोखे पशु-पक्षी भेंट किए थे, लेकिन इस बीच कैनेडी जूनियर अपनी किशोरावस्था में बाज़ पालने के शौकीन हो गए थे। उन्होंने इस पक्षी को शिकारी खेलों के लिए पालतू बनाकर रखा।

कैनेडी परिवार का कथानक ऐतिहासिक है, यद्यपि कभी-कभी यह कथानक स्वच्छंद प्रतीत होता है। अपने पिता की नृशंस हत्या के बाद रॉबर्ट कैनेडी नशे के आदी हो गए थे। जब उनकी नशे की लत छूटी तब वे तीस साल की उम्र के आसपास थे।

उसके बाद स्थिति बिल्कुल ही बदल गई। वह पर्यावरण के सफल प्रचारक बन चुके थे तथा उन्होंने एक पर्यावरण वकील के तौर पर भी काम किया। लेकिन उनकी कहानी के कुछ विचित्र पहलू भी है। उन्होंने अपने पर्यावरण प्रेम की हद तो तब कर दी थी जब उन्होंने कोविड के दौरान वैक्सीनेशन का विरोध किया था। उन्होंने इस पर जोर दिया था कि वैक्सीन्स के दुष्प्रभाव होते हैं, इसलिए इस अभियान को रोक दिया जाना चाहिए। उन्होंने अमेरिका के इन्फैक्शन्स डिज़ीज़ इन्स्टीट्यूट के प्रमुख डॉ. एन्थनी फाउची के विरुद्ध एक अभियान भी चलाया था। बात इतनी आगे बढ़ चुकी थी कि उनके परिवार ने वैक्सीनेशन और मल्टीनैशनल फार्मा कम्पनियों के खिलाफ किए गए उनके विचारों की एक बयान जारी कर निंदा की, लेकिन अन्त में "अमेरिकन आइडल" में कैनेडी जूनियर ने गंभीरतापूर्वक कहा कि वह अपने विश्वास के कारण ही ऐसा कर रहे हैं। इकोनॉमिस्ट के साक्षात्कार को सुनकर कोई भी यह महसूस कर सकता है कि अमेरिका में रिपब्लिकनिज़्म के बावजूद रॉबर्ट कैनेडी जूनियर में राजसी गौरव की एक अन्तर्निहित खासियत है।

# 'फोन ट्रैपिंग के ऑडियो टेप मुझे सोशल मीडिया से नहीं मिले थे, ...

- **लोकेश शर्मा ने रीट पेपरलीक पर भी बड़ा खुलासा किया कि, "अशोक गहलोत ने तत्कालीन बोर्ड अध्यक्ष डी.पी.जारोली के बारे में कहा कि, वह तो अपने आदमी हैं, इन्हें बर्खास्त कैसे किया जाये।"**
- **लोकेश शर्मा ने कहा कि, "करोना काल में जो मेडिकल उपकरण खरीदे गये, उनमें करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार किया गया।"**
- **शर्मा ने पत्रकारों से कहा कि, "गहलोत की यह सोच है कि मैं ही कांग्रेस हूँ। उनकी इसी हठधर्मिता के चलते हम पिछले विधानसभा चुनावों में सरकार की वापसी नहीं करवा पाए। उन्होंने आलाकमान तक को धोखा दिया।"**
- **लोकेश शर्मा ने कहा कि, वे गहलोत को अपना राजनैतिक गुरू मानते थे तथा उन्हें लगता था कि, वो बहुत साफ दिल के इंसान हैं, क्योंकि, वो हमेशा कहते थे, मेरी तरह सभी को काम में लिया करो। आज मुझे पता चल गया, मैं कैसे काम में आ गया।"**
- **लोकेश ने दावा किया कि, "अब जांच एजेन्सियाँ जब भी मुझसे इस जांच में सहयोग मांगेंगी तो मैं इन तमाम सबूतों को जांच एजेन्सियों को सौंप दूंगा।"**

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

2020 को तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत होटल फेयरमॉन्ट आए थे। उनके होटल से निकलने के एक घंटे बाद मेरे पास गहलोत के पी.एस.ओ. रहे रामनिवास का कॉल आया उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने आपको बुलाया है। मैं पिंक हाउस पहुंचा तो गहलोत मेरा ही इंतज़ार कर रहे थे। गहलोत ने मुझे एक प्रिंटेड कागज और एक पेन ड्राइव दी। उसमें तीन ऑडियो क्लिप थी, जिसमें विधायकों की खरीद-फरोख्त की बात थी।

पूर्व मुख्यमंत्री के ओ.एस.डी. ने कहा कि जो पेपर गहलोत ने दिया, उसमें गजेंद्र सिंह शेखावत, भंवरलाल शर्मा और संजय जैन की बातचीत का हवाला था। पेन ड्राइव और पेपर देकर उन्होंने कहा कि जल्दी जाकर मीडिया को दे दीजिए। मैंने घर आकर लैपटॉप में ऑडियो को ट्रांसफर किया। इसके बाद मोबाइल में लिया। फिर मीडिया को भेज दिया।" उन्होंने स्पष्ट कहा कि, "ये ऑडियो मुझे सोशल मीडिया से नहीं मिला था। अशोक गहलोत ने मुझे पेन ड्राइव के जरिए सभी ऑडियो क्लिप दी थी। लोकेश शर्मा ने कहा कि ऑडियो को वायरल करने के बाद भी, जब तक मीडिया में इसकी खबर नहीं आई गहलोत ने मुझे दो बार वॉट्सऐप कॉल कर पूछा न्यूज़ में चला क्यों नहीं। जैसे ही खबर आई तो मुझे पता चला कि ऑडियो क्लिप में क्या है। मुझे सिर्फ डायरेक्शन दिए गए, जिसकी मैंने पालना की थी। लोकेश ने कहा "मैं जिन्हें अपना राजनैतिक गुरु मानता था और समझता था कि वे बहुत साफ दिल के इंसान हैं। वे मुझे हमेशा कहते थे, मेरी तरह सभी को काम में लिया कर। आज मुझे पता चल गया मैं कैसे काम में आ गया।"

उन्होंने कहा कि अगले दिन जब अखबारों में खबरें छपीं। मुकदमे दर्ज हुए और आरोप लगे कि कौन लोग हैं, जो सरकार गिराना चाहते हैं। इसमें गजेंद्र सिंह को जोड़ा गया। गहलोत की मंशा यह साबित करने की थी कि इस पूरे खेल के पीछे भाजपा है। लेकिन हम सभी ने सुना सचिन पायलट ने कहा था कि हम लोगों की सुनवाई नहीं हुई थी। इसलिए वे एक साथ मिलकर आलाकमान तक अपनी बात पहुंचाना चाहते थे। लोकेश शर्मा ने बताया कि जैसे ही अशोक गहलोत को सचिन व उनके साथियों के दिल्ली जाने की जानकारी मिली, तो उन्होंने सारा षड्यंत्र रचा। जो लोग उनके (सचिन पायलट) साथ गए थे, उनके फोन सर्विलांस पर थे। सभी को ट्रैक किया जा रहा था। इसमें पायलट भी शामिल थे। सभी का मूवमेंट पता किया जा रहा था।

लोकेश शर्मा ने गजेन्द्र सिंह शेखावत का नाम खराब करने पर बताया कि गजेन्द्र सिंह पर दबाव बनाने के लिए षडयंत्र रचा गया। संजीवनी मामले का राजनीतिक फायदा लेने के लिए कैसे उनकी छवि खराब की जाए और परिवार पर आरोप लगाए जाएं। मुख्यमंत्री हाउस पर ये ही षड्यंत्र रचा गया था कि गजेंद्र सिंह और सचिन पायलट को किस तरह से नीचा दिखाया जाए। कैसे जनता के सामने उनकी छवि खराब की जाए। इसलिए संजीवनी से जुड़े लोगों को बुलाया जाता था। उनके वीडियो बनाकर लगातार चलाये जाते थे।

लोकेश शर्मा ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम के बाद गहलोत को शक था उन्हें शायद यह लगता था कि मैंने वो मोबाइल नहीं तोड़ा है। जिससे ऑडियो वायरल किए थे, इसलिए 26 नवंबर, 2021 में मेरे ऑफिस में एस.ओ.जी. की रेड डलवाई, उसी आदमी ने जिसके लिए मैंने इतना बड़ा कदम उठाया। जो व्यक्ति मुख्यमंत्री के लिए काम करता है, उसके ऑफिस में एस.ओ.जी. की रेड हुई। मेरे पूरे ऑफिस को खंगाल लिया। मोबाइल नहीं मिला, उसके बाद तसल्ली हुई। ये हैं हमारे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनकी सच्चाई। वो किस तरह लोगों का इस्तेमाल करते हैं। राजनीतिक फायदे के लिए उपयोग करते हैं, फिर किनारा कर लेते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में पिछले 3 साल से क्राइम ब्रांच के सामने घंटों पूछताछ के लिए मुझे पेश होना पड़ रहा है। अब मैं पूरी तरीके से हताश और निराश हो चुका हूँ।

लोकेश शर्मा ने आरोप लगाया कि सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए सारे नियम-कानून तोड़कर काम होता रहा। लोकेश शर्मा ने यह भी कहा कि वे जांच एजेंसियों का सामना करने के लिए भी तैयार हैं।

रीट पेपर लीक मामले पर लोकेश शर्मा ने कहा कि पेपर लीक के बाद लेवल-2 के पेपर को रद्द किया गया, लेकिन इस कांड में जितने लोग शामिल हैं, उन पर भी बातचीत की गई थी। जब माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष डी.पी. जारोली का नाम सामने आया तो सभी अचरज में पड़ गए। क्या एक्शन लिया जाए। गहलोत ने कहा कि इन्हें बर्खास्त कैसे किया जाए, ये तो अपने आदमी हैं। जो लोग इसमें शामिल थे, उनकी जानकारी होने के बावजूद उन्हें अपना आदमी कहा गया। ऐसे पूर्व मुख्यमंत्री के लिए क्या कहना चाहिए। उन्होंने कहा कि करोना काल में जो मेडिकल उपकरण खरीदे गये, उनमें करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार किया गया।

लोकेश शर्मा ने कहा कि गहलोत की यह सोच है कि मैं ही कांग्रेस हूं। मेरे अलावा कोई अन्य व्यक्ति कांग्रेस में आगे नहीं बढ़ना चाहिए। उनकी इसी हठधर्मिता के चलते पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस सरकार की वापसी नहीं हो पाई। शर्मा ने कहा कि उन्होंने आलाकमान तक को धोखा दिया।

उन्होंने कहा कि 25 सितंबर 2022 की घटना सभी को याद होगी। मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन आलाकमान का एजेंडा लेकर आए थे। लेकिन उस एजेंडा को सोची समझी रणनीति के तहत प्रायोजित तरीके से पूरा नहीं होने दिया। तत्कालीन मुख्यमंत्री दोपहर में जैसलमेर चले गए। तनोट माता के दर्शन करने के बाद मुझे कॉल किया और कहा कि मीडिया में यह खबर चलवाओ कि ये जो विधायक धारीवाल के घर पर एकत्र हैं। इनकी एक ही मांग है कि हम में से किसी को भी मुख्यमंत्री बनवा दो। सचिन पायलट नहीं चलेगा।

इस तरह से गहलोत ने सीधे तौर पर आलाकमान की अवमानना की, उन्हें धोखे में रखा। इसी तरह से विधानसभा चुनाव में भी आलाकमान को अंधेरे में रखा। उन्हें विश्वास दिलाने का प्रयास किया कि आप पूरी तरह से मुझ पर छोड़ दो। मैं प्रदेश में सरकार को रिपीट करवाकर रहूंगा। उन्होंने फिर मनमर्जी चलाते हुए उन तमाम विधायकों को फिर से टिकट दे दिया, जिनकी स्वतंत्र एजेंसी, हमारी रिपोर्ट और ए.आई.सी.सी. सर्वे में हार की संभावना बताई गई थी। इन सभी सर्वे का निष्कर्ष था कि कम से कम 25 से 30 टिकट बदल देने चाहिए। वरना ये चुनाव हारेंगे। लेकिन गहलोत नहीं माने, जिसकी वजह से प्रदेश में सरकार रिपीट नहीं हो सकी।

लोकेश शर्मा ने कहा कि आज इन तमाम बातों को कहने के बाद मैं आश्वस्त हूं कि अब जांच एजेंसियां जब भी मुझसे इस जांच में सहयोग मांगेंगी तो मैं इन तमाम सबूतों को जांच एजेंसियों को सौंप दूंगा। जिस तरह से मैंने इन सबूतों को आपके सामने रखा है। उसी तरह से जांच एजेंसियों को भी सारे सबूत दूंगा।

शर्मा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दिल्ली पुलिस में परिवाद देकर जनप्रतिनिधियों के फोन टैप करने और उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया था, जिस पर 25 मार्च 2021 को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने लोकेश शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस एफ.आई.आर. के खिलाफ लोकेश शर्मा दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचे थे। आज भी उनकी याचिका हाईकोर्ट में लंबित है। इस दौरान करीब आधा दर्जन बार दिल्ली क्राइम ब्रांच लोकेश शर्मा से पूछताछ कर चुकी है।

उन्होंने कहा कि सचिन पायलट कैंप की बगावत के बाद सरकार पर फोन टैपिंग के आरोप लगे थे। गहलोत खेमे ने विधायकों की खरीद-फरोख्त का आरोप लगाते हुए कुछ ऑडियो वायरल करवाए थे। इसमें केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर कांग्रेस के तत्कालीन विधायक भंवरलाल शर्मा के साथ गहलोत सरकार को गिराने के लिए सौदेबाजी का आरोप लगाया गया था। इस मुद्दे पर विधानसभा के बजट सत्र में जमकर हंगामा हुआ था। सदन में भी यह मामला उठा था। विधानसभा में संसदीय कार्यमंत्री शांति धारीवाल ने माना था कि मुख्यमंत्री के ओ.एस.डी. ने ऑडियो वायरल किए थे।

लोकेश शर्मा ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद सोशल मीडिया पर लिखा था कि "मैं नतीजों से आहत जरूर हूं, लेकिन अचंभित नहीं हूं। कांग्रेस पार्टी राजस्थान में निसंदेह रिवाज बदल सकती थी, लेकिन अशोक गहलोत कभी कोई बदलाव नहीं चाहते थे। यह कांग्रेस की नहीं बल्कि अशोक गहलोत की हार है। गहलोत को फ्री हैंड देकर पार्टी ने उनके चेहरे पर उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ा और खुद गहलोत ने कहा था कि, हर सीट पर वे खुद चुनाव लड़ रहे थे। लोकेश शर्मा ने लिखा था कि न उनका अनुभव चला, न जादू और हर बार की तरह कांग्रेस को उनकी योजनाओं के सहारे जीत नहीं मिली, न ही अथाह पिंक प्रचार काम आया। गहलोत ने मुख्यमंत्री रहते हुए लगातार तीसरी बार पार्टी को हाशिए पर लाकर खड़ा कर दिया। उन्होंने आज तक पार्टी से सिर्फ लिया ही लिया है, लेकिन वे कभी अपने रहते पार्टी की सत्ता में वापसी नहीं करवा पाए।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908



हमने टीम के प्रदर्शन को सुधारने की कोशिश की और बल्लेबाजी क्रम में ऋतुराज को ऊपर भेजा जहां उसका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। - स्टीवन फ्लेमिंग

सीएसके के हेड कोच, ऋतुराज के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶** सूर्यकुमार यादव



**भारत** के स्टार सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी टी-20 रैंकिंग में 861 की रेटिंग के साथ शीर्ष पर कायम है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकट परिषद की जारी ताजा रैकिंग में इंग्लैंड के फिल साल्ट 802 की रेटिंग के साथ दूसरे नंबर पर हैं। हाल ही में टी-20 में सबसे तेज तीन हजार रन बनाने वाले पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को रैंकिंग में कोई फायदा मिलता हुआ नहीं दिख रहा है। उनकी रेटिंग 800 की है। इस बीच दक्षिण अफ्रीका के एडन मारक्रम एक पायदान आगे बढ़कर चौथे नंबर पर आ गए हैं और उनकी रेटिंग 755 की है।

**क्या आप जानते हैं ?...** इंग्लैंड के वाल्ट हैंड पहले क्रिकेटर थे जिन्होंने 100 कैच पकड़े, उन्होंने 1939 में वेस्टइंडीज के जॉर्ज हैडली का कैच पकड़कर यह उपलब्धि हासिल की।

## फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैचों से पहले भुवनेश्वर में लगेगा तैयारी शिविर

नयी दिल्ली, 24 अप्रेल। भारतीय फुटबॉल टीम कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे दौर के अपने महत्वपूर्ण मैच से पहले 10 मई से भुवनेश्वर में चार सप्ताह का अभ्यास शिविर लगाएगी। भारतीय टीम छह जून को साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत के खिलाफ होने वाले मैच के लिए दो जून को कोलकाता जाएगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को ट्वीट किया, ''भारत की सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम का 10 मई 2024 से भुवनेश्वर, ओडिशा में चार सप्ताह का तैयारी शिविर लगेगा।'' उन्होंने लिखा, ''कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर से पहले टीम दो जून को कोलकाता जाएगी! भारतीय टीम का लक्ष्य पिछले महीने गुवाहाटी में अफगानिस्तान से मिली 1-2 की शर्मनाक हार से उबरना होगा। 'ब्लू टाइगर्स' (भारत) चार मैचों में इतने अंकों के साथ अपने ठ्रुप में दूसरे स्थान पर है। छह मैचों के बाद दो टीमें तीसरे दौर में पहुंचेंगी। कुवैत का सामना करने के बाद, भारत 11 जून को ठ्रुप चरण के आखिरी मैच के लिए कतर की यात्रा करेगा।

## आईपीएल टीम बनाने को लेकर अपने दोस्त की हत्या करने वाले दो गिरफ्तार

नैनीताल, 24 अप्रैल। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में टीम बनाने को लेकर उत्पन्न विवाद में अपने दोस्त की जान लेने वाले दो युवकों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वेदांत मौर्य, किशन ठाकुर उर्फ बबलू निवासी ढालीपुर ढकरानी, विकास नगर, देहरादून और सुरेन्द्र सिंह निवासी सूर्य विनायक, वार्ड नंबर 05, जिला भक्तपुर, कांडमाठू, नेपाल आपस में दोस्त थे। तीनों का एक:दूसरे का घर आना जाना रहा है। विगत 20 अप्रैल को आईपीएल में टीम बनाने को लेकर वेदांत और उसके दोस्तों में विवाद उत्पन्न हो गया। आरोप है कि पहले दोनों ने वेदांत के साथ मारपीट की और उसके बाद उस पर तमंचे से फायर कर दिया। उसकी मौत हो गयी। मृतक के चाचा सुशील कुमार मौर्य की शिकायत पर टीपी नगर पुलिस ने किशन उर्फ बबलू के खिलाफ अभियोग पंजीकृत जांच शुरू की। उप निरीक्षक दीपक बिष्ट की अगुवाई में पुलिस टीम ने दोनों को रामपुर रोड स्थित बेलबाबा मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया है। पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

## ईरानी फुटबॉलर ने महिला फैन को गले लगाया, निलंबित कर लगाया जुर्माना

ईरान, 24 अप्रेल। ईरान के इंटरनेशनल गोलकीपर होसैन होसैनी को ईरान प्रो लीग मैच के बाद अरक स्टेडियम में एक महिला फैन को गले लगाना भारी पड़ गया। जिसके बाद फुटबॉल क्लब ने निलंबित कर जुर्माना ठोका है। वह फैन, जिसने हिजाब पहन रखा था, होसैन होसैनी तक पहुंचने में कामयाब रही और खिलाड़ी ने उसे गले लगा लिया। अब इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। दैनिक खबर वरजेशी की रिपोर्ट के अनुसार होसैनी जीनके पास ईरान के लिए 11 कैप हैं, उनको मैच सुरक्षा अधिकारियों के प्रति दुर्व्यवहार के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया और 4.400 यूरो का जुर्माना लगाया गया।

## ओडिशा एफसी ने मोहन बागान सुपर जायंट को हराया

ओडिशा, 24 अप्रेल। ओडिशा एफसी ने तीसरे मिनट में गोल खाने के बाद शानदार वापसी करते हुए यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल के पहले चरण के सेमीफाइनल में मंगलवार को यहां मोहन बागान सुपर जायंट के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। ओडिशा की टीम की मोहन बागान के खिलाफ आईएसएल में नौ मैचों में यह पहली जीत है। मैच के तीनों गोल पहले हाफ में हुए। मनवीर सिंह ने एंटोनियो लोपेज हाबास की कोचिंग वाली टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन कार्लोस डेलगाडो (11 वां मिनट) और रॉय कृष्णा (39 वां मिनट) ने एक-एक गोल कर ओडिशा की जीत पक्की की। इस अंतिम-चार मुकाबले का दूसरा चरण रविवार को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में होगा।

## चेन्नई में टिकटों की अवैध बिक्री में 12 लोग गिरफ्तार

चेन्नई, 24 अप्रेल। आईपीएल 2024 चेन्नई सुपर किंग्स के स्टार खिलाड़ी और पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की एक झलक पाने के लिए ऐसी मारामारी मची है कि फैंस टिकटों को अवैध में खरीदकर भी स्टेडियम पहुंचना चाहते हैं। ठोटर चेन्नई सिटी पुलिस ने इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच टिकटों की अवैध बिक्री के आरोप में 10 मामलों में 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार, को चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच आईपीएल का मुकाबला खेला गया। चेपॉक में खेले गए इस मैच में चेन्नई पुलिस आयुक्त संदीप राय राठौड़ के आदेश के अनुसार, स्टेडियम के आसपास और आसपास के इलाकों में काले बाजार में टिकट बेचने में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए पुलिस टीमें गहन गिगरानी में लगी हुई थीं। वहीं पुलिस ने ज्यादा कीमत पर टिकट बेचने के आरोप में आंध्र प्रदेश के 38 वर्षीय टी एलुमलाई, ट्रिप्लिकेन के 38 वर्षीय हयातबाशा नूर मोहम्मद, टी नगर के 20 वर्षीय एसएस हयाम, 27 वर्षीय एस किशोर और आठ अन्य को गिरफ्तार किया।

# रोमांचक मुकाबले में दिल्ली ने गुजरात को 4 रन से हराया

## दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत व गुजरात की तरफ से डेविड मिलन ने अर्द्धशतक लगाया



नई दिल्ली, 24 अप्रेल। कप्तान ऋषभ पंत और अक्षर पटेल की फिफ्टी के सहारे दिल्ली कैपिटल्स ने 2024 के 40वें मैच में गुजरात टाइटंस को 4 रन से हरा दिया है। टीम ने मौजूदा सीजन में चौथा मैच जीता है। इस जीत के साथ दिल्ली 8 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल के छठे नंबर पर आ गई है।

अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। दिल्ली ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 225 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 220 रन ही बना सकी। राशिद खान 21 रन बनाकर नाबाद लौटे। डेविड मिलर (55 रन) और साई सुदर्शन (65 रन) ने अर्धशतक जमाए। रसीख सलाम ने 3 विकेट झटके, जबकि कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले।

कप्तान ऋषभ पंत ने 43 बॉल पर 88 रन बनाए। उन्होंने 5 चौके और 8 छक्के जमाए। वहीं, अक्षर पटेल ने 43 बॉल पर 5 चौके और 4 छक्के के सहारे 66 रन का योगदान दिया। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई। गुजरात के संदीप वॉरियर को 3 विकेट मिले। आज यहां अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली मुकाबले की शुरुआत चौके से करते हुये अपने इरादे को जाहिर कर दिया। चौथे ओवर में वॉरियर ने नूर के हाथों जेक फ्रेजर को आउट कराकर गुजरात को पहली सफलता दिलायी।

फ्रेजर 14 गेंदों में 23 रन बनाये। उसके बाद पृथ्वी शॉ (11) और शो हॉप (5) रन बनाकर आउट हो गये। अक्षर पटेल और ऋषभ पंत ने पारी को संभाला। अक्षर पटेल ने 43 गेंदों में पांच चौके और चार छक्कों की मदद से 66रनों की पारी खेली। उन्हें 17वें ओवर में नूर ने साई किशोर के हाथों कैच आउट कराया। पंत ने 43 गेंदों में पांच चौके और आठ छक्के लगाते हुए नाबाद 88 रनों की पारी खेली। ट्रिस्टन स्टब्स सात गेंदों में 26 रन बनाकर नाबाद रहे।

## आईसीसी ने धावक उसेन बोल्ड को टी-20 विश्वकप का ब्रांड दूत नियुक्त किया



दुबई, 24 अप्रेल। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महान धावक उसेन बोल्ट को एक से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले आगामी टी20 विश्व कप का ब्रांड दूत नियुक्त किया। जमैका में जन्में बोल्ट ने 2008 में बीजिंग में हुए ओलंपिक खेलों में इतिहास रचा था, जहां उन्होंने विश्व रिकॉर्ड समय में 100 मीटर, 200 मीटर और 4 गुणा 100 मीटर दौड़ जीती थी। बोल्ट के नाम वर्तमान में 100 मीटर, 200 मीटर और 4 गुणा 100 मीटर में क्रमश: 9.58 सेकंड, 19.19 सेकंड और 36.84 सेकंड के समय के साथ विश्व रिकॉर्ड हैं।

बोल्ट विश्व कप के अपने देश आने और अपनी नयी भूमिका को लेकर उत्साहित है। आईसीसी से जारी विज्ञिप्त में बोल्ट ने कहा, ''मैं आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप का दूत बनकर रोमांचित हूं। कैरेबियाई देशों क्रिकेट जीवन का एक हिस्सा है, इस खेल के लिए हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रहा है।'' बोल्ट ने कहा कि क्रिकेट के लिए अमेरिका में बाजार ढूंढना बहुत बड़ी बात होगी। उन्होंने कहा, ''मैं विश्व कप में वेस्टइंडीज का समर्थन करूंगा, लेकिन इस खेल को अमेरिका में लाना क्रिकेट के लिए बड़ी बात है। यह दुनिया का सबसे बड़ा खेल बाजार है।''

उन्होंने कहा, ''टी20 विश्व कप के लिए हम जो ऊर्जा लाएंगे वह 2028 में एलए ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की दिशा में एक बड़ा मौका बनायेगा।'' विश्व कप के दूत के तौर पर बोल्ट इस आयोजन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जिसकी शुरुआत अगले सप्ताह दिग्गज कलाकार सीन पॉल और कीस के साथ कार्यक्रम के आधिकारिक गीत के रिलीज में एक 'कैमियो' के साथ होगी।'' आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, ''उसैन बोल्ट एक वैश्विक आइकन हैं, हम उन्हें टी20 विश्व कप के लिए राजदूत के रूप में शामिल करके रोमांचित हैं। क्रिकेट के प्रति उनका जुनून जगजाहिर है, जो उन्हें इस भूमिका के लिए बिल्कुल उपयुक्त बनाता है।

## ओस के कारण परिस्थितियां काफी मुश्किल थी : ऋतुराज गायकवाड़



चेन्नई, 24 अप्रेल। लखनऊ सुपरजायंट्स (एसएसजी) के खिलाफ चार विकेट पर 210 रन बनाने के बाद भी हार का सामना करने से निराश चेन्नई सुपरकिंग्स(सीएसके) के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने मंगलवार को कहा कि ओस के कारण गेंदबाजों के लिए परिस्थितियां काफी मुश्किल थी। ऋतुराज ने नाबाद 108 रन की पारी खेल टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया लेकिन मार्कस स्टोइनिस की 63 गेंद में 124 रन की नाबाद पारी से एलएसजी ने तीन गेंद शेष रहते जीत दर्ज की।

ऋतुराज ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, '' इस हार को पचा पाना मुश्किल है। लखनऊ ने आखिर में अच्छी वापसी की। यह मैच 13वें ओवर तक हमारी पकड़ में था लेकिन स्टोइनिस को श्रेय देना होगा।''

उन्होंने कहा, '' इस हार में ओस की बहुत बड़ी भूमिका रही। इसने हम स्पिनरों का इस्तेमाल नहीं कर सके। लेकिन ये खेल का हिस्सा है और इन चीजों पर आपका नियंत्रण नहीं होता है।'' उन्होंने अपनी टीम के स्कोर का बचाव करते हुए कहा, '' पहले बल्लेबाजी करते हुए हम इससे बड़े स्कोर की अपेक्षा नहीं कर सकते थे। लेकिन मुझे व्यक्तिगत तौर पर यही लग रहा था कि हमने पर्याप्त स्कोर नहीं बनाया है।

## दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा 33 सदस्यीय दल

नेपाल, 24 अप्रेल। आदर्श मुरलीधरन सिनिमोल और प्रगन्या मोहन की अनुभवी जोड़ी नेपाल के पोखारा में एशिया ट्रायथलॉन कप के साथ 27 अप्रैल से शुरू होने वाली दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैम्पियनशिप में 33 सदस्यीय मजबूत भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। प्रगन्या ने पिछले चरण में अपना लगातार तीसरा दक्षिण एशियाई खिताब जीता था जबकि महिलाओं के ओवरआल वर्ग में नौवा स्थान भी हासिल किया था। पिछले साल क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीतने वाली महाराष्ट्र की संजना जोशी और मानसी मोहिते की जोड़ी भी 13 भारतीय महिला एथलीट की टीम का हिस्सा हैं। सेना के सिनिमोल 2022 के विजेता हैं और पिछले साल तीसरे स्थान पर रहे थे। वह 20 सदस्यीय मजबूत भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। टूर्नामेंट में 750 मीटर तैराकी, 20 किमी साइकिलिंग और पांच किमी दौड़ शामिल है।

## पूर्व पहलवान नरसिंह यादव भारतीय कुश्ती महासंघ एथलीट पैनल के अध्यक्ष चुने गये



वाराणसी, 24 अप्रेल। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता नरसिंह पंचम यादव बुधवार को यहां भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के एथलीट आयोग का अध्यक्ष चुना गया जिससे खेल की विश्व संचालन संस्था द्वारा अनिवार्य की गयी प्रक्रिया भी पूरी हो गयी। आयोग के सात स्थानों के लिए कुल आठ दावेदार दौड़ में थे और मतदान के बाद सात सदस्यों को चुना गया। इसके बाद उन्होंने आयोग के अध्यक्ष पद के लिए नरसिंह को चुना।


2016 ओलंपिक से पहले टीम के सदस्य नरसिंह सुर्खियों में आ गये थे जब ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार ने उनके खिलाफ एक ट्रायल मुकाबले का अनुरोध किया था जबकि वह चोट के कारण क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में नहीं खेल पाये थे। सुशील ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और उनकी अपील खारिज होने के बाद पुष्टि हो गयी कि नरसिंह ही रियो ओलंपिक जायेंगे। लेकिन हैरानी की बात रही कि नरसिंह ओलंपिक से पहले करायी गयी दो डोप जांच में विफल हो गये थे जिससे खेल पंचाट ने उन्हें चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था।

हालांकि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने उन्हें यह कहते हुए पाक साफ करार कर दिया था कि वह साजिश के कारण डोप जांच में पॉजिटिव आये थे। खेल पंचाट का फैसला नरसिंह के शुरूआती मुकाबले से एक दिन पहले ही आया था जिससे वह रियो से बिना खेले ही वापस लौट आये थे। उनका प्रतिबंध जुलाई 2020 को खत्म हुआ और उन्होंने कहा कि था कि यह घटनाक्रम साजिश का हिस्सा था। एथलीट आयोग के लिए चुने गये अन्य सदस्य साहिल (दिल्ली), स्मिता ए एस (केरल), भारतीय भाघेई (उत्तर प्रदेश), खुशबू एस पवार (गुजरात), निक्की (हरियाणा) और श्वेता दुबे (बंगाल) हैं।

खेल की अंतरराष्ट्रीय संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएआई का निलंबन हटाते हुए कहा था कि संजय सिंह की अगुआई वाली राष्ट्रीय महासंघ के लिए पहलवानों की शिकायतों को निपटाने के लिए एथलीट आयोग गठित करना अनिवार्य होगा।

## 51 वर्ष के हुए सचिन तेंदुलकर

मुंबई, 24 अप्रेल। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर आज यानी की 24 अप्रैल को अपना 51वां जन्मदिन मना रहे हैं। सचिन तेंदुलकर का जन्म 24 अप्रैल 1973 को मुंबई में हुआ था। सचिन के पिता रमेश तेंदुलकर मराठी उपन्यासकार थे और उनकी मां रजनी तेंदुलकर एक बीमा एजेंट थीं। वहीं सचिन के दो बड़े भाई और एक बड़ी बहन हैं। बता दें कि इस खिलाड़ी का ओहदा खेल की दुनिया में काफी बड़ा था। आइए जानते हैं उनके बर्थडे के मौके पर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में। सचिन तेंदुलकर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 34,000 से अधिक रन बनाए हैं। इसके अलावा उन्होंने 100 अंतरराष्ट्रीय शतकों का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। जिसके लिए उनको देश के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के नाम पर बहुत सारे रिकॉर्ड दर्ज है। आपको बता दें कि सचिन तेंदुलकर 24 साल तक इंटरनेशनल क्रिकेट में एक्टिव रहे और अपने करियर में लगभग हर एक सपना पूरा किया। जिस तरह से सचिन ने खेल की पूजा की, उसी तरह से आज उनकी पूजा की जाती है। इसके पीछे यह वजह है कि सचिन ने इस खेल को काफी कुछ दिया है।



## आरसीबी के सामने आज सनराइजर्स की चुनौती

हैदराबाद, 24 अप्रेल। गुरुवार को हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल 2024 का मैच खेला जाएगा। वहीं इस मैच मेंसनराइजर्स हैदराबाद की निगाहें आरसीबी के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी।

इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने तूफानी बल्लेबाजी दिखायी है, इसमें मुंबई इंडियंस उसका सबसे पहला शिकार बनी और फिर बेंगलुरू में 2016 की विजेता टीम ने आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। इतना ही काफी नहीं था कि एसआरएच ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पावरप्ले में बिना विकेट गंवाये 125 रन का रिकॉर्ड बनाने के साथ आईपीएल में पहली बार 300 रन पार करने की संभावना भी बना दी थी।

## सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण करना सीखने का अनुभव है : रोपनी

नयी दिल्ली, 24 अप्रेल। भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर रोपनी कुमारी ने पिछले वर्ष को याद करते हुए कहा कि कैसे भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के साथ खेलने के लगातार अवसरों ने उनके विकास में योगदान दिया और उन्हें सीनियरों से सीखने का अवसर मिला।

रोपनी को हाल ही में 33 सदस्यीय राष्ट्रीय महिला टीम कोर ग्रुप में नामित किया गया है जो बेंगलुरु के साई केंद्र में प्रशिक्षण ले रही है यह प्रशिक्षण 16 मई तक चलेगा। सीनियर टीम के साथ प्रशिक्षण के अपने अनुभवों पर बोलते हुए, रोपनी ने कहा, यह मेरे लिए एक शानदार अनुभव रहा है क्योंकि मैं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिला सकती हूं। वे हमें लगातार उचित मार्गदर्शन दे रहे हैं और सुनिश्चित कर रहे हैं कि हम हर समय सहज महसूस करें।

यह पूछे जाने पर कि वरिष्ठ खिलाड़ियों से उन्हें क्या सलाह मिली रोपनी ने कहा, वे हमें लगातार सलाह दे रहे हैं कि दबाव से कैसे निपटें और कठिन खेलों के दौरान कैसे शांत रहें। यह उन प्रमुख पहलुओं में से एक रहा है जहां मुझे लगता है कि मैं सुधार कर सकते हैं। यह मेरे लिए काफी सीखने वाला अनुभव रहा है और मुझे लगता है कि इससे मेरी विकास दर को बढ़ाने में मदद मिलेगी। सीनियर टीम पदार्पण करने को लेकर उन्होंने कहा, देश का प्रतिनिधित्व करना हर किसी का सपना होता है।

## गोल्फर अदिति और दीक्षा पेरिस ओलंपिक में भाग लेने को तैयार

नई दिल्ली, 24 अप्रेल। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक (46) और दीक्षा डागर (138) पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। जबकि शुभंकर शर्मा(197) और गगनजीत भुल्लर (232) के पास भी खेलों में जगह बनाने का अच्छा मौका है। अदिति के लिए यह तीसरा ओलंपिक होंगा जो किसी भारतीय गोल्फर की सबसे ज्यादा ओलंपिक भागीदारी होगी। दीक्षा दूसरी बार ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। शर्मा और भुल्लर के लिए यह पहला ओलंपिक होगा।



भारत के लिए ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति के नाम है जो तोक्यो 2020 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थीं। ओलंपिक के लिए प्रविष्टियां भारतीय गोल्फ संघ द्वारा भेजी जाती हैं। ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन रैंकिंग से निर्धारित होता है जो आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग (ओडब्ल्यूजीआर) के जरिये 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों के लिए सीमित है। रैंकिंग में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए क्वालीफाई हो सकते हैं जिसमें से प्रत्येक देश से अधिकतम चार गोल्फर इसमें हिस्सा ले सकते हैं। महिला वर्ग में अदिति ने अब तक 2024 में इतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किा है लेकिन इसके बावजूद शीर्ष 50 में बनी हुई हैं।

शानदार फॉर्म में चल रही दीक्षा लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) पर पांच शुरुआत में तीन बार शीर्ष 10 में रही हैं और एप्सन टूर पर अपनी दो शुरुआत में 26 या इससे बेहतर स्कोर पर रहीं। दीक्षा ने महिलाओं की विश्व रैंकिंग में 138वां स्थान हासिल कर लिया है जो उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। अगली दो भारतीय महिला गोल्फर प्रणवी उर्स हैं जो 403 और अमेच्योर गोल्फर अवनि प्रशांत 531 रैंकिंग पर हैं।

भारतीय पुरुषों में शर्मा शीर्ष 200 में शामिल एकमात्र भारतीय गोल्फर हैं जो सिंगापुर क्लासिक में संयुक्त सातवें स्थान पर और दुबई डेजर्ट क्लासिक में संयुक्त 16वें स्थान पर रहे। भुल्लर का 2024 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एशियाई टूर पर 43वां स्थान रहा लेकिन उन्होंने इंडियन टूर पर चंडीगढ़ ओपन में भी जीत हासिल की। यह भारत में चार महीनों में उनकी दूसरी जीत थी। शर्मा और भुल्लर के बाद वीर अहलावत 380 और करणदीप कोचर 434 रैंकिंग पर हैं।

## भारतीय पुरुष, महिला कंपाउंड टीमों की नजरें स्वर्ण पदक पर

शंघाई, 24 अप्रेल। भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने बुधवार को यहां सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप में फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। इसके साथ ही धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुषों के रिकर्व क्वालिफिकेशन राउंड में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ तीसरा स्थान हासिल किया। अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की मजबूत चुनौती को खत्म की। भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैम्पियन भारत ने तुर्की और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी। मौजूदा अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी ने अपने शुरुआती दो मैचों में सिर्फ 10 अंक गंवाये। भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा। सेमीफाइनल में रोमांचक जीत के बाद अभिषेक ने कहा, '' आज हमारा समन्वय अच्छा था और हमने हवा को अच्छी तरह से भांप कर उसका सही इस्तेमाल किया। उन्होने कहा, ''सेमीफाइनल हमेशा कड़ा मुकाबला होता है। हमने अच्छी तैयारी की थी और इस बात की खुशी है कि हम फाइनल में पहुंचने में सफल रहे।'' एस्टोनिया को 235-230 के अंतर से हराने के बाद अदिति ने कहा, '' मुझे उम्मीद है कि हम पिछले साल पेरिस में विश्व कप की सफलता को दोहरा सकते हैं जहां भारतीय पुरुषों और महिलाओं दोनों ने टीम स्वर्ण पदक जीते थे।'' कजाखस्तान की महिला टीम और कोरिया की पुरुष टीम ने कांस्य पदक जीता। बोम्मदेवरा ने क्वालिफिकेशन में 693 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने तरूणदीप राय द्वारा बनाए गए 689 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। शुरुआती दौर में उनका मुकाबला चेक गणराज्य के एडम ली से होगा। तरुणदीप 684 के स्कोर के साथ सातवें स्थान के साथ दूसरे सर्वश्रेष्ठ भारतीय रहे। प्रवीण जाधव 672 के स्कोर के साथ 25वें स्थान पर रहे। भारतीय पुरुष टीम कोरिया के बाद 2049 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में दूसरे स्थान पर है। भारतीय टीम को को दूसरे दौर में बाई मिली है। महिला वर्ग में अंकिता भक्त ने 664 के स्कोर के साथ 25वें स्थान पर क्वालीफाई किया, उसके बाद कौर भजन और पूर्व विश्व नंबर एक दीपिका कुमारी रहीं, जिन्होंने क्रमश: 657 और 656 का स्कोर हासिल किया। कोमलिका बारी 636 अंक के बाद क्वालिफिकेशन तालिका में 57वें स्थान पर रही। भारतीय टीम 1977 अंक के साथ कुल मिलाकर छठे स्थान पर है। रिकर्व के एकल वर्ग में शीर्ष 64 तीरंदाज मुख्य प्रतियोगिता में जगह बनाते हैं।



मोदी साथे राजस्थान

# नेता, नीति, नीयत सही, तो नतीजे भी सही...

## राजस्थान के डबल इंजन सरकार के कार्य

### सड़क नेटवर्क का विस्तार

- जनता की सुगम राह के लिए 1000 करोड़ रुपए की स्वीकृति
- 2 हजार करोड़ रुपए की लागत से 1 हजार किलोमीटर स्टेट हाइवे का सुदृढ़ीकरण

### किसान कल्याण को समर्पित सरकार

- पीएम किसान सम्मान निधि के तहत मिलने वाली राशि बढ़कर 8 हजार रुपए
- गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपए पर 125 रुपए का अतिरिक्त बोनस

### शिक्षित राजस्थान-विकसित राजस्थान

- कक्षा 1 से 8वीं तक के समस्त विद्यार्थियों तथा कक्षा 9 से 12वीं तक की छात्राओं को स्कूल बैग, किताबें तथा यूनिफॉर्म के लिए प्रति विद्यार्थी 1 हजार रुपए की सहायता

### गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में राहत

- उज्ज्वला एवं अन्य गरीब परिवारों ( बीपीएल) की महिलाओं को मात्र 450 रुपए में हर माह मिलेगा एक रसोई गैस सिलेंडर
- प्रदेश में पेट्रोल व डीजल की कीमतों को कम करने के लिए वैट में 2 प्रतिशत की कटौती

### महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण

- राज्य के समस्त पुलिस थानों में महिला डेस्क एवं प्रत्येक जिले में एंटी रोमियो स्क्वाड का गठन
- प्रत्येक जिले में सीसीटीवी कैमरे स्थापित

### युवाओं के लिए रोजगार

- युवाओं को रोजगार देने हेतु आगामी वर्ष में होंगी लगभग 70 हजार पदों पर भर्तियां
- दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवक-युवतियों को नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण

### सबका होगा अच्छा स्वास्थ्य

- केंद्र सरकार द्वारा लागू आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं प्रदेश में संचालित स्वास्थ्य बीमा योजना को एकीकृत कर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना लागू
- योजना के तहत अब कैंसर जैसी गम्भीर बीमारियों में डे-केयर पैकेज की सुविधा

### प्रदेश में जल उपलब्धता का नया युग

- संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल (एकीकृत ईआरसीपी) परियोजना से पूर्वी राजस्थान के 21 जिलों में 2 लाख 80 हजार हेक्टेयर में लहलहाएंगी फसलें। प्रदेश की 40 प्रतिशत आबादी को मिलेगा पेयजल

### अपराध की रोकथाम के लिए नए कदम

- 1046 हिस्ट्रीशीटर्स एवं हार्डकोर और इनामी अपराधियों सहित कुल 9 हजार 994 गिरफ्तार
- भ्रष्टाचार पर रोक के लिए राज्य में कार्यवाही हेतु सीबीआई को अनुमति की बाध्यता खत्म



ATUL

मोदी की गारंटी

कमल का बटन दबाएं, भाजपा को जिताएं

अबकी बार 400 पार

मतदान : 26 अप्रैल 2024 - सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक

भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान द्वारा जारी